दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 19 मई 2025 | कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 97 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ के तीन समेत देश भर के 159 जिलों में जल जीवन मिशन की होगी जांच

- 318 जल जीवन योजनाओं की जांच करेंगे 148 केंद्रीय नोडल अधिकारी
- छत्तीसगढ़ के तीन जिलों की जांच अमित कुमार अग्रवाल करेंगे

हनीफ निजामी



रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तीन जिलों के 6 गांवों समेत देश भर के 159 जिलों में जल जीवन मिशन के भ्रष्टाचार की जांच होगी। जांच के दायरे में छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा, रायगढ़ और बेमेतरा के 6 गांव शामिल हैं। जल जीवन मिशन योजनाओं की जांच के लिये केंद्र सरकार ने देश भर में 148 केंद्रीय नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। केंद्र सरकार ने जांच के संबंध में 14 मई को छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों के एडशिनल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में जल जीवन अभियान का ऐसा हाल ....

जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, लेकिन पीएचई विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। कई जगहों पर टंकी का निर्माण अधूरा है। कुछ जगहों पर टंकी बन गई है लेकिन पाइपलाइन से जोडऩे का काम नहीं हुआ। कई स्थानों पर टंकी बन गई है, लेकिन जलश्रोत का अता-पता न होने के कारण ग्रामीणों के घरों में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। जांजगीर चांपा के अकलतरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ी दल्हा और आश्रित गांव पचरी में हुए कार्यों में जबरदस्त अनियमितता की शिकायतें हो चुकी है। यहां 3 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से बनाई गई पानी टंकी बनाने के साथ बिछाई गई पाइपलाइन से ग्रामीणों को पानी न मिलने की शिकायत सुर्खियों में रही है। सीएम से पिछले दिनों शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि 300 घरों तक भी पानी नहीं पहुंच पाया है। रायगढ़ जिले में भी योजना का बुरा हाल है। करीब 50 फीसदी से ज्यादा काम अधूरे हैं। कई जगह ठेकेदारों ने जल स्रोत ढूंढ़े बिना ही पानी टंकी बना दी। कई ठेकेदार पाइपलाइन बिछाने के बाद काम बंद कर चुके हैं। अधूरे कार्यों के कारण ओवरहेड टंकी से पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है।■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम होने के बावजूद पाकिस्तानी हुक्मरान और पाकिस्तानी सेना सुकून की नींद नहीं सो पा रहे हैं। उन्हें सपने में भी राफेल, आकाश और ब्रह्मोस दिखते हैं। ऊपर से भारतीय प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और विदेश मंत्री अपने बयानों से पाकिस्तान की टेंशन और बढ़ा रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आपरेशन सिंदूर तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी पूरी पिक्चर बाकी है। पाकिस्तान तो ट्रेलर देखकर ही दहल गया है। ऐसे में वह पिक्चर की कल्पना से ही थर्रा रहा है और भारत से बचाने के लिए दुनिया से गुहार लगा रहा है।

पाकिस्तानी सैन्य संचालन महानिदेशक के साथ बातचीत आज नहीं : सेना

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक के साथ आज कोई वार्ता निर्धारित नहीं है। सेना ने रविवार सुबह बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति आज खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि यह भी सवाल उठाएं जा रहे हैं कि क्या आज दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच कोई वार्ता निर्धारित है सेना की ओर से कहा गया है कि 12 मई को हुई दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों की बातचीत में लिए गए निर्णय के अनुसार सैन्य कार्रवाई को स्थगित करने के लिए बनी सहमति के समाप्त होने की कोई तिथि नहीं है। सेना ने कहा कि दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों की वार्ता आज निर्धारित नहीं है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच 12 मई को हुई बातचीत के बाद पाकिस्तान की ओर से कहा गया था कि सैन्य कार्रवाई को अगले रविवार यानि 18 मई तक रोकने पर सहमति बनी है। इसे देखते हुए मीडिया की रिपोर्टों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे।

लश्कर का टॉप कमांडर सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

इस्लामाबाद (ए.)। आतंकियों को पालने वाले पाकिस्तान में ही एक के बाद एक आतंकियों की हत्या की जा रही है। अब रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा के एक और टॉप कमांडर की पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी है। दावा किया जा रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा और जमात नेता रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह को पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मतली फालकारा चौक इलाके में मार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यहां अज्ञात हमलावरों ने दिन दहाड़े लश्कर के कमांडर को गोलियों से छलनी कर दिया।

रूह कंपा देने वाला हादसा, सिर धड़ से अलग, तीन की मौत

सक्ती(ए.)। सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिशन चौक-पिहरीद मुख्य मार्ग पर एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा एक तेज रफ्तार हार्वेस्टर के सामने से बाइक के टकरा जाने के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, धान कटाई के बाद हार्वेस्टर में लगे कटर को नहीं हटाया गया था और वह भारी वाहन रिहायशी इलाके से गुजर रहा था। इसी दौरान मिशन चौक से पिहरीद की ओर जा रहे तीन बाइक सवार युवक हार्वेस्टर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवकों के अंग अलग हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान नागेश्वर पिता दाऊलाल एवं शेर सिंह पिता परदेशी (ग्राम सतगढ़ निवासी) के रूप में हुई है, जबकि तीसरे युवक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मिशन चौक पर चक्का जाम कर दिया और हार्वेस्टर मालिक से मुआवजे की मांग करने लगे। इसके साथ ही पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद शव को सीधे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, अस्पताल नहीं लाया गया। इससे आक्रोश और भी बढ़ गया।

आग ने मचाया उत्पात,17 की मौत

- कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू
- मोदी ने जताई संवेदना

हैदराबाद (वार्ता)। आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार तड़के भीषण आग लगने से 17 लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है।

तेलंगाना राज्य आपदा प्रतिक्रिया और अग्निशमन सेवा विभाग के अनुसार चारमीनार के गुलजार हाउस चौरास्ता में स्थित जी+2 बिल्डिंग में सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद मोगलपुरा दमकल केंद्र से एक वाटर टेंडर और चालक दल सबसे पहले मौके पर पहुंचे। आग भूतल पर लगी थी और तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। अग्निशमन, तलाश और बचाव अभियान एक साथ शुरू किया गया। अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहली मंजिल पर फंसे सत्रह व्यक्तियों को बचाया और इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया। कुछ देर बाद विभिन्न स्थानों से कुल 12 अग्निशमन उपकरण घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पा लिया। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और फायर रोबोट ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई।

आग लगने के कारणों की फिलहाल पता नहीं चल पाया है। संपत्ति के नुकसान का आकलन अभी नहीं हो पाया है। मृतकों की पहचान प्रहलाद (70), मुन्नी (70), राजेंद्र मोदी (65), सुमित्रा (60), हमी (7), अभिषेक (31), शीतल (35), प्रियांश (4), इराज (2), आरुषि (3), ऋषभ (4), प्रथम (1.5 वर्ष), अनुयान (3), वर्षा (35), पंकज (36) रजनी (32) और इद्दू (4) के रूप में हुई है।

दो लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि वह लोगों की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 02 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने दुख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और तत्काल बचाव और राहत उपायों के आदेश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार और पीड़ित परिवारों को पूर्ण सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कुछ पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से बात की और प्रतिक्रिया की निगरानी के लिए हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर के साथ समन्वय किया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने घटनास्थल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम साय ने गहरा दुख व्यक्त किया

हैदराबाद के चारमीनार के पास स्थित गुलजार हौज इलाके में रविवार सुबह हुए भीषण अग्निकांड को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मृतकों के प्रति संवेदना और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

खड़गे-राहुल ने जताया शोक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद अग्निकांड में कई लोगों की मृत्यु गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। खड़गे ने कहा हैदराबाद के चारमीनार इलाके में हुई भीषण आग की त्रासदी से मैं बहुत दुखी हूँ, जिसमें कई अनमोल जानें चली गईं। इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। तेलंगाना के मुख्यमंत्री से बात करने के बाद मुझे भरोसा है कि सरकार प्रभावित लोगों को शीघ्र और पर्याप्त मुआवज़ा देने सहित सभी आवश्यक राहत उपाय कर रही है। मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से प्रभावित परिवारों के साथ एकजुट होने और हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूँ। आइए हम सब मिलकर ज़रूरतमंदों का समर्थन करें और इस चुनौतीपूर्ण समय में उनकी मदद करें।

आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते : गृहमंत्री शाह

अहमदाबाद (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक

शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास हुआ। इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरुआत भारत में करने का निर्णय लिया गया।

कक्षा दसवीं के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला केरल पहला राज्य

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)। केरल 02 जून से नए शैक्षणिक वर्ष से दसवीं कक्षा के सभी 4.3 लाख विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स शिक्षा अनिवार्य करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

दसवीं कक्षा की सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पाठ्यपुस्तक में रोबोटिक्स को शामिल करने से विद्यार्थियों को आकर्षक गतिविधियों के माध्यम से मौलिक रोबोटिक्स अवधारणाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी। पहले खंड में 'रोबोट्स की दुनिया' नामक छठे अध्याय से इनमें सर्किट निर्माण, सेंसर और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग करना और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नियंत्रित करना शामिल है। यह महत्वाकांक्षी पहल सभी सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कृत्रिम बुद्धि (एआई) सीखने को सुलभ बनाने में केरल की पिछली सफलता पर आधारित है, जो पिछले शैक्षणिक वर्ष में हासिल की गई एक और राष्ट्रीय उपलब्धि है। भविष्य के लिए तैयार कौशल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 151 वें स्थान पर

नई दिल्ली (ए.)। रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के 180 देशों में किये गए इस वर्ष के सर्वेक्षण के अनुसार विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग पिछले वर्ष के 159वें स्थान से सुधरकर 151 हो गई है। फिनलैंड, एस्टोनिया और नीदरलैंड इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान पर हैं। सूचकांक में अमेरिका 57वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है।

'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' के सहायक महानिदेशक थिबॉट ब्रुटिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने रैंकिंग को अंतिम रूप देने के लिए दुनियाभर से करीब 5,000 लोगों की प्रतिक्रिया मांगी थी। इनमें नीति निर्माताओं, पत्रकारों और अन्य हितधारकों समेत विविध समूह शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने इन उत्तरदाताओं की पहचान उजागर नहीं की है और इस बात पर जोर दिया कि यह विभिन्न विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक विविध समूह हो।

खुले में फेंकी गई सरकारी दवाइयों का मामला जिला अस्पताल बैकुंठपुर के तीन कर्मचारी निलंबित

- पुलिस जांच के आदेश होगी कड़ी कार्यवाही

मरीजों को मुफ्त मिलने वाली दवाइयों के लग गए पैर, झाड़ियों में मिली

नवप्रदेश लगातार

कोरिया /नवप्रदेश। जिला कोरिया में खुले में फेंकी गई सरकारी दवाइयों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने जांच टीम गठित कर बैकुंठपुर स्थित नुरुल हुडा मैरिज गार्डन के पीछे फेंकी गई दवाओं की जांच की गई।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि फेंकी गई दवाइयों के बैच नंबर, निर्माण व समाप्ति तिथि तथा निर्माता कंपनियां, जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के स्टोर व ओपीडी फार्मेसी में सप्लाई की गई दवाइयों से मेल खा रही हैं। जांच दल को संबंधित स्टोर व ओपीडी फार्मेसी में इन दवाइयों का स्टॉक शून्य मिला, साथ ही वितरण से संबंधित कोई वैध रजिस्टर या विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

प्रथम दृष्टया लापरवाही के दोषी पाए जाने पर जिला अस्पताल बैकुंठपुर के तीन कर्मचारियों शोभा गुप्ता, प्रभारी स्टोर कीपर, जितेन्द्र जायसवाल फार्मासिस्ट ग्रेड-02 तथा छत्रपाल सिंह फार्मासिस्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा इन पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जासूस ज्योति उगलने लगी राज — पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

पहलगाम हमले से पहले गई थी पाकिस्तान, जट रंधावा कनेक्शन ने सबको चौंकाया

हिसार (ए.)। जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह तरह के खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट ने शनिवार को ही उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा और माना जा रहा था कि पूछताछ में कई तरह के खुलासे होंगे। इस कड़ी में अब एक नई बात सामने आ रही है। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में थी। पूछताछ में पता चला है कि उसके साथ कुछ और लोग भी शामिल थे, जिसके बारे में पता किया जा रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद संदिग्धों की सूची में थी ज्योति: तीन बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति को पहलगाम आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने संदिग्धों की सूची में शामिल किया था। देश की खुफिया सूचनाएं साझा करने का इनपुट मिलने के बाद से ज्योति के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट ट्रैस किए जा रहे थे।

दानिश के कहने पर पाकिस्तान में मिली सुविधा : हिसार के डीएसपी कमलजीत ने बताया कि न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाती है। जांच में पता चला है कि वह 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी। वहां उसकी मुलाकात एहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। इसके बाद उसने दानिश से फोन पर संपर्क शुरू कर दिया और तीन बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोशल मीडिया एकाउंट पर रखी नजर

आईबी से इनपुट मिलने के बाद हिसार पुलिस ने ज्योति के सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखनी शुरू कर दी। उसके वीडियो, फोन कॉल भी खंगाले गए। शुक्रवार रात करीब दो बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ज्योति ने भारतीय सैन्य ठिकानों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजी। पाकिस्तानी एजेंसियों ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि दिखाने के लिए सक्रिय रूप से ज्योति का इस्तेमाल किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ज्योति के पीआईओ के एक व्यक्ति के साथ नजदीकी संबंध हैं। ज्योति ने पाकिस्तान के अलावा इंडोनेशिया के बाली की भी यात्रा कर चुकी है।

जट रंधावा के नाम से सेव किया शाकिर का नंबर

डीएसपी ने बताया कि किसी को पता नहीं चले इसलिए ज्योति ने शाकिर का फोन नंबर अपने मोबाइल में जट रंधावा नाम से सेव किया। भारत आने के बाद वह शाकिर सहित अन्य से व्हाटसएप, स्नैप चैट, टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में रहने लगी और देश विरोधी सूचनाएं उन तक पहुंचाने लगी। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दानिश को जासूसी के आरोप में वांछित घोषित कर रखा है।

राजरंग

भारतीय मूल के प्रवासी मुस्लिम की कारसाजी

सुनने में भले ही अजूबा लगे, भारत के खिलाफ आतंकी युद्ध के पीछे भारत से पाकिस्तान गए लोगों का ही हाथ रहा...ठीक 26 साल पहले पाकिस्तान ने सियाचिन इलाके में घुसपैठ के जरिए हम पर करगिल का युद्ध थोप दिया था..उस युद्ध के पीछे जनरल परवेज मुशर्रफ का हाथ था..पाकिस्तान जाने से पहले परवेज का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता था..पहलगाम में नृशंस आतंकी कार्रवाई के बाद भारत के सामने युद्ध जैसे हालात हैं..इस युद्ध के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान के मौजूदा जनरल आसिफ मुनीर हैं...आसिफ ने ही षडयंत्र रचकर अपने देश को तो युद्ध में झोंका ही है..भारत को भी जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर किया है..आसिफ का परिवार भी भारत से पाकिस्तान गया था..बंटवारे से पहले आसिफ का परिवार जालंधर में रहता था..अब इसे क्या समझें कि भारत से पाकिस्तान गए मुस्लिम ही भारत पर युद्ध थोपते रहे हैं..

वर्दी के जरिए संदेश

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने की भारत की कोशिश की जानकारी देने के बाद देश की दो जांबाज अफसर विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी को अब देश ही नहीं, दुनिया भी जान गई है..देश की दोनों अफसर अब भारतीय सेनाओं का चेहरा बन गई है..इनके जरिए देश ने दुनिया को दो संदेश दिए..पहला संदेश यह कि भारत का मुस्लिम भी भारत की माटी के लिए न्योछावर हो सकता है..सोफिया उसी समुदाय का प्रतिनिधि हैं..भारत पर खुद को न्योछावर करने में धर्म कोई बाधा नहीं

बनता...दूसरा संदेश यह दिया कि भारत की नारी शक्ति ही पाकिस्तान को नेस्तनाबूद कर सकती है..भारत की नारी शक्ति पाकिस्तान के नृशंस मर्दों पर भारी है...आपने देखा होगा..पहले दिन दोनों महिला अधिकारी सेना की पारंपरिक वर्दी में थीं..व्योमिया जहां एयरफोर्स के लिए निर्धारित वर्दी पहने थीं तो सोफिया कुरैशी थल सेना की पारंपरिक वस्त्र में थीं..लेकिन दूसरे दिन से दोनों अफसरों की वर्दी समान है...यह वर्दी दरअसल मोर्चे पर धारण की जाती है..भारत ने अपनी तरफसे युद्ध की घोषणा नहीं की है..लेकिन दोनों जांबाज अफसरों की वर्दियों के जरिए पाकिस्तान को संदेश दे दिया है कि भारत पाकिस्तान की इस चुनौती को युद्ध की तरह ले रहा है...और युद्ध की तरह ही जवाब देगा..

दो मोर्चों पर देश

भारत को इन दिनों दो मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है..पहला मोर्चा पाकिस्तान के असलहों का है..जबकि दूसरा मोर्चा सूचनाओं का है..अरब क्रांति के दौरान सोशल मीडिया को काफी क्रांतिकारी माना गया था..अरब देशों की क्रांति के पीछे सोशल मीडिया की ताकत को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया..लेकिन अब वह सोशल मीडिया एक साथ देवता और दैत्य-दोनों ही भूमिकाओं में आ गया है..पाकिस्तान इन दिनों सोशल मीडिया की दैत्य वाली भूमिका का खूब उपयोग कर रहा है..भारत के बारे में लगातार गलत सूचनाएं दे रहा है..अपनी सेनाओं की झूठी कामयाबियां बता रहा है..भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारत रिहायशी इलाकों पर हमला कर रहा है..धार्मिक स्थानों पर हमला कर रहा है..भारत जिस तरह पाकिस्तान के मोर्टारों, मिसाइलों और ड्रोन हमले को नाकाम कर रहा है, ठीक उसी तरह उसकी सूचनाओं को भी नाकाम कर रहा है...इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ ही सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पीआईबी की भूमिका बढ़ी है...उसके प्रोफेशनल लगातार फेक न्यूज और गलत सूचनाओं का पर्दाफाश कर रहे हैं...

फिर चेहरे के रंग क्यों उड़े

भारत के अंदरूनी सियासी मोर्चे पर इन दिनों जबरदस्त एकता दिख रही है..लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव तो प्रधानमंत्री मोदी को खुली चिट्ठी लिख चुके हैं कि उन्होंने पायलट की ट्रेनिंग ली है और वे देश की सीमा पर मोर्चा संभाले सैनिकों के साथ काम करना चाहते हैं..उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव ने जिस तरह जयहिंद का घोष किया और सेनाओं की प्रशंसा की, उससे उनका अलग ही रूप सामने आया..अखिलेश यादव भी इसी तरह सरकार के साथ हैं..सरकार के साथ तो राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी हैं...विपक्षी राजनीति के इस बदले रूख का राजनीतिक हलकों में स्वागत ही होना चाहिए..लेकिन कुछ नेता ऐसे हैं...जो भले ही सरकार के साथ हैं, लेकिन उनके चेहरों पर बारह बजे हुए हैं..बातों के कुछ चटाखेबाजों का कहना है कि इन नेताओं को अपने भविष्य की चिंता सता रही है..उन्हें लगता है कि पाकिस्तान के हमले की जवाबी कार्रवाई का फायदा अगले कुछ महीनों बाद होने वाले बिहार चुनाव में बीजेपी उठा लेगी..इससे सत्ता से उनकी दूरी कुछ और बढ़ जाएगी..शायद इसी वजह से उनके चेहरे बुझे हुए हैं...

आकाशवाणी क्या प्रोफेशनल नहीं रहा?

युद्ध काल में सार्वजनिक मीडिया की भूमिका बढ़ जाती है..लेकिन भारत के सार्वजनिक प्रसारक आकाशवाणी की भूमिकाएं कुछ गड़बड़ नजर आ रही है..लगता है कि आकाशवाणी के पास अच्छे अधिकारी नहीं हैं..अधिकारी...इसलिए कि आजकल आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसे विभागों की कमान भी अधिकारियों के ही हाथ है..युद्ध काल में अच्छे और प्रभावी कार्यक्रमों के जरिए जनता तक बेहतर सूचनाएं पहुंचाई जा सकती हैं..लेकिन आकाशवाणी में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा..इसका असर हर दिन होने वाली विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग में दिखता है....चाहे प्रोग्राम कुछ चल रहा हो..चाहे महेंद्र कपूर का देशभक्ति पूर्ण गाना चल रहा हो, लेकिन गाने को अचानक काटकर प्रेस कांफ्रेंस शुरू कर दी जाती है..श्रोताओं को पता ही नहीं चलता कि हुआ क्या...इससे कई बार श्रोता चिढ़ जाते हैं..और गालियां बकने लगे हैं..युद्ध जैसे हालात में प्रोफेशनलिज्म भी जारी रहना चाहिए...इसे जिम्मेदार लोगों को देखना होगा और आकाशवाणी-दूरदर्शन जैसी जगहों की कमान प्रोफेशनली सक्षम लोगों को सौंपनी होंगी..

न्यूयॉर्क में मैक्सिकन नौसेना का जहाज ब्रिज से टकराया, दो की मौत

न्यूयॉर्क (वार्ता)। न्यूयॉर्क में शनिवार शाम मैक्सिकन नौसेना का जहाज यहां ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हुए।न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि हादसे में शामिल मैक्सिकन नौसेना का जहाज 'कुआउतेमोक' था, जिसमें 277 लोग सवार थे। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा तकनीकी खराबी के कारण हुआ। पायलट नियंत्रण खो बैठा। सभी घायल जहाज़ पर ही थे, कोई पानी में नहीं गिरा।

सभी सशस्त्र गुटों के एकीकृत कमान के विलय की घोषणा

दमिश्क(वार्ता)। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने शनिवार देर रात सभी सशस्त्र इकाइयों को राष्ट्रीय रक्षा ढांचे में एकीकृत करने की घोषणा की।सीरिया के रक्षा अधिकारियों के प्रमुख मुरहाफ अबू कसरा ने एक बयान में कहा कि सीरिया के विभिन्न सैन्य गुटों को एकीकृत कमान के तहत लाने के महीनों के समन्वित प्रयासों के बाद अब सभी सैन्य इकाइयों को रक्षा मंत्रालय के अधीन एकीकृत कर दिया गया है। उन्होंने कहा, सीरिया की मुक्ति के बाद हमने सभी सैन्य इकाइयों को एक संस्थागत ढांचे में लाने का कार्य शुरू किया था और आज हम अपने सम्मानित नागरिकों को यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं कि यह एकीकरण पूरा हो गया है।

ट्रंप आज पुतिन और ज़ेलेंस्की से करेंगे बात

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से अलग-अलग बात करेंगे ताकि दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ÷मैं सोमवार को सुबह दस बजे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात करूंगा।÷ उन्होंने कहा कि इस बातचीत का विषय 'खूनखराबे' को रोकना होगा, जिसमें औसतन हर सप्ताह पांच हजार से ज़्यादा रूसी और यूक्रेनी सैनिक मारे जा रहे हैं और व्यापार।

तिरंगा शौर्य यात्रा का आयोजन

नयी दिल्ली (वार्ता)। अधिवक्ता परिषद् पटियाला हाउस कोर्ट इकाई एवं नई दिल्ली बार एसोसिएशन द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ''तिरंगा शौर्य यात्रा'' का सफल आयोजन किया गया है।यह यात्रा शनिवार अपराह्न 03:00 बजे न्यायालय परिसर के द्वार संख्या चार से आरंभ हुई और न्यायालय परिसर के बाहर करीब एक किलोमीटर की यात्रा कर वापस गेट नं चार पर लौट कर समाप्त हो गयी।

बंगलादेश से रेडीमेड गारमेंट,खाद्य उत्पादों पर रोक

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत ने बंगलादेश से रेडीमेड गारमेंट्स, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आदि कुछ वस्तुओं के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफ्टी) ने इस बारे में एक अधिसूचना जारी की।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के नाम पर राजनीति कर रही है सरकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता) कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को विदेश तक पहुंचाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के नाम पर राजनीति कर रही है और सर्वदलीय में शामिल होने के लिए जिन नाम की सिफारिश की जा रही है उन्हें नहीं भेज रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल के विदेशी दौरे करने की योजना सरकार ने तब बनाई जब उसे एहसास हो गया कि उसकी कूटनीति असफल हो चुकी है। उनका कहना था कि पार्टी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का स्वागत करती है, लेकिन इसमें राजनीति को बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजकर भारत का रुख दुनिया के सामने रखने की बारे में शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की

और प्रतिनिधिमंडल के लिए पार्टी से चार नाम मांगे। रिजिजू के अनुरोध पर पार्टी ने पूर्व विदेश मंत्री आनंद शर्मा, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और लोकसभा सदस्य अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को भेजे, लेकिन आश्चर्यचकित करने वाली बात यह है कि जो नाम पार्टी ने भेजा ही नहीं है उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि प्रतिनिधिमंडल के लिए सांसदों के नामों के बारे में पहले ही फैसला हो गया था महज औपचारिकता के लिए खरगे एवं श्री गांधी से बात की गई। गौरतलब है कि सरकार ने एक प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसद शशि थरुर को शामिल किया है जबकि पार्टी ने उनका नाम नहीं भेजा।कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मौजूदा घटनाक्रम को लेकर चर्चा करने के लिए कांग्रेस लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है, लेकिन इन पर श्री मोदी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। अचानक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजने की बात आई, लेकिन इसमें ईमानदारी की बजाय राजनीति की जा रही है ।

इराकी प्रधानमंत्री ने विकास को बढ़ावा देने के लिए अरब आर्थिक एकीकरण का किया आह्वान

बगदाद (वार्ता)। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने अरब देशों के विकास को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अरब आर्थिक एकीकरण का आह्वान किया।उनके मीडिया कार्यालय के एक बयान के अनुसार अल-सुदानी ने बगदाद में आयोजित पांचवें अरब आर्थिक और सामाजिक विकास शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि शिखर सम्मेलन अरब साझेदारी को मजबूत करने, विकास निधि और तंत्र को सक्रिय करने, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करता है। अल-सुदानी ने आर्थिक और सामाजिक विकास संकेतकों के आधार पर विकास प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक संयुक्त अरब तंत्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा।अल-सुदानी ने कहा, विकास के बिना कोई सुरक्षा नहीं है, और वास्तविक अरब आर्थिक एकीकरण के बिना कोई विकास नहीं है।

मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को दी बड़ी जिम्मेदारी

बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

लखनऊ(ए.)। बहुजन समाज पार्टी की ओर से रविवार को नेशनल बैठक आयोजित की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया। उन्हें आगे के कई कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी दी। साथ ही सावधानी बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की सलाह दी।

बैठक में देश में बसपा के संगठन की मजबूती व सर्वसमाज के बीच जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। पार्टी के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के लिए सभी ने भारतीय सेना की सराहना की।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में आतंकी निरोधक उपाय जरूरी हैं। ताकि किसी का सुहाग उजड़ने से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान की परमाणु धमकी नहीं सहने की चेतावनी देना एक सही कदम है। यह भी जरूरी है कि कश्मीर पर अमेरिका या तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं किया जाए। अपने आप पर भरोसा होना बेहतर होता है। सरकार इसका भी ध्यान रखे कि गौतम बुद्ध व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनादर करके समाज में द्वेष न फैलाया जाए। इस पर राज्य सरकारें पूरी तरह रोक लगाएं।

यूएस से भेजे गए पैसे पर कर लगाने की योजना बना रहा ट्रंप प्रशासन

■ **भारतीय परिवारों की आय पर पड़ सकता है असर**

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार उस पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने की योजना बना रही है, जो विदेशी नागरिक अपने देशों में भेजते हैं। इस पर भारत में चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड सकता है। जीटीआरआई ने रविवार को यह बात कही।

प्रतिनिधि सभा में 12 मई को एक विधेयक पेश किया गया था। जिसे द वन बिग ब्यूटीफुल बिल कहा जा रहा है। इसमें गैर-निवासियों की ओर से अपने देशों में भेजे जा रहे पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान उन लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, जैसे ग्रीन कार्ड धारक या अस्थायी वीजा पर काम करने वाले लोग। यह कर अमेरिका के नागरिकों पर नहीं लगेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह प्रस्तावित कर भारत में चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि अगर यह कानून बनता है, तो भारत को हर साल अमेरिका से मिलने वाली मुद्रा में अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसने कहा, भारत के लिए यह अहम मामला है, क्योंकि देश को 2023-24 में 120 अरब डॉलर की रेमिटेंस हासिल हुई, जिसमें करीब 28 फीसदी अमेरिका से हासिल हुई।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश संतोष उर्फ राजू ढेर

■ **एसएचओ और दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली**

कौशाम्बी (ए.)। कौशाम्बी में एनकाउंटर में कुख्यात बदमाश संतोष उर्फ राजू मारा गया। एसएचओ चंद्रभूषण मौर्य और एक दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश संतोष उर्फ राजू के सीने में छह गोली लगी है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने बदमाश संतोष उर्फ राजू को मृत घोषित कर दिया।

कोखराज थाना इलाके के ककोढा हाईवे किनारे शनिवार की रात करीब 11 बजे यह मुठभेड़ हुई है। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को राजस्थान अजमेर के जगपुरा गांव का रहने वाला साबरमल मीणा (40) अपने ट्रेलर में गुजरात से कॉपर वायर लोड कर प्रयागराज के सूबेदारगंज के लिए निकला था। जिसकी कीमत करीब चार करोड़ है। शुक्रवार को कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा हाईवे पर कुख्यात बदमाश सन्तोष उर्फ राजू ने अपने गैंग के दो सदस्यों के साथ अर्टिगा कार से ओवरटेक कर ट्रेलर रोक लिया और ड्राइवर साबरमल मीणा को गन पॉइंट पर पहले धमकाया।

फिर उसे यह लालच दिया कि कॉपर वायर किसी और को बेच देते हैं। जिसके बदले उसे भी हिस्सा देंगे। जब ड्राइवर साबरमल मीणा ने बदमाशों से कहा कि यह ट्रेलर उसका खुद का है और यह कॉपर वायर रेलवे का है। वो ऐसा गलत काम नहीं करेगा। इतने में बदमाश संतोष उर्फ राजू ने ड्राइवर साबरमल मीणा को पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी और अपने दो साथियों की मदद से उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया। बदमाश कॉपर वायर लदा ट्रेलर ले जाकर प्रतापगढ़ की सीमा में खड़ा कर दिया।

जवाबी फायरिंग में लगी गोली-शनिवार की रात बदमाश संतोष उर्फ राजू चार लोगों के साथ दो करोड़ में कापर वायर का सौदा कर रहा था। तभी कोखराज पुलिस ने बदमाश संतोष उर्फ राजू और चार अन्य खरीददार को धर दबोचा। पुलिस की पूछताछ में बदमाश संतोष ने अपना जुर्म कबूल किया। जिसके बाद पुलिस घटना में इस्तेमाल पिस्टल बरामद करने के लिए उसे घटनास्थल पर लेकर पहुंची। तभी झाड़ियों में छिपाकर रखे लोडेड पिस्टल से बदमाश संतोष उर्फ राजू ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि एसएचओ कोखराज चंद्रभूषण मौर्य और एक दरोगा के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में बदमाश संतोष उर्फ राजू के सीने में छह गोली लगी है।

संसद रत्न से सम्मानित होंगे 17 सांसद

■ **सुप्रिया-निशिकांत को मिलेगा पुरस्कार**

नई दिल्ली (ए.)।संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

लगातार उत्कृष्ट कार्य के लिए- चार

सांसदों को विशेष सम्मान

चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार, ये चारों सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में भी संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे हैं और अपनी मौजूदा कार्यकाल में भी लगातार सक्रिय हैं।

भर्तृहरि महताब (भाजपा)
सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी)
एन. के. प्रेमचंद्रन (आरएसपी)
श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना)

अन्य संसद रत्न पुरस्कार विजेता सांसद

बाकी 13 सांसदों को भी उनके विशिष्ट संसदीय कार्यों के लिए चुना गया है। इनमें कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इन सांसदों ने संसद में प्रश्न पूछने, चर्चा में भाग लेने और विधेयकों पर सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

स्मिता वाघ (भाजपा) अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट)
नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना) वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस)
मेधा कुलकर्णी (भाजपा)प्रवीण पटेल (भाजपा)
रवि किशन (भाजपा) निशिकांत दुबे (भाजपा)
बिद्युत बारन महतो (भाजपा)पी. पी. चौधरी (भाजपा)
मदन राठौर (भाजपा) सी. एन. अन्नादुरै (डीएमके)
दिलीप सैकिया (भाजपा)

दो संसदीय समितियों को भी मिला सम्मान

इस वर्ष दो संसदीय स्थायी समितियों को भी संसद रत्न पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

वित्त पर स्थायी समिति
अध्यक्षः भर्तृहरि महताब
इस समिति ने वित्तीय नीतियों पर कई प्रभावशाली और व्यावहारिक रिपोर्टें संसद में प्रस्तुत की हैं।

कृषि पर स्थायी समिति
अध्यक्ष- चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस)
इस समिति ने किसानों की समस्याओं और कृषि सुधारों पर ठोस सुझाव संसद में रखे हैं।

संसद रत्न पुरस्कार की शुरुआत 2010 में हुई थी।

आरसीपी की पार्टी का जनसुराज में विलय

पटना (वार्ता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने रविवार को अपनी पार्टी आप सबकी आवाज (आसा) का जनसुराज में विलय कर दिया और बेहतर बिहार के निर्माण के लिए जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

सिंह ने रविवार को यहां अपने समर्थकों के साथ श्री किशोर की मौजूदगी में अपनी पार्टी आसा का जनसुराज में विलय करने की घोषणा की। श्री किशोर और श्री सिंह दोनों ने अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता से मुक्त बिहार के निर्माण के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर श्री किशोर ने याद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार उनसे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का इस तरह विस्तार करने को कहा था कि अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह न हो। उन्होंने कहा, जदयू अब वह पार्टी नहीं है जो कभी मुख्यमंत्री श्री कुमार के गतिशील नेतृत्व में थी क्योंकि कुमार की शारीरिक और मानसिक क्षमता इतनी कम हो गई है कि वह खुद कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं, जिसके बाद उनके करीबी चार मंत्रियों ने पार्टी को हाईजैक कर लिया है।

जनसुराज के सूत्रधार ने जदयू कार्यकर्ताओं से जन सुराज में शामिल होने का आह्वान किया और कहा कि जदयू के कार्यकर्ता ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले का जिन्न! अब 30 अफसर भी लपेटे में

रायपुर/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने कवासी लखमा और उनके करीबियों के 13 ठिकानों पर छापेमारी की। शनिवार को रायपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, जगदलपुर और अंबिकापुर में दबिश देकर दस्तावेज, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कई बैंक अकाउंट और जमीनों में निवेश से संबंधित दस्तावेज और 19 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं।

रायपुर में कांग्रेस नेता जी नागेश और ठेकेदार कमलेश नाहटा के घर टीम ने सुबह दबिश दी थी। देवेंद्र नगर में कांग्रेसी पार्षद उम्मीदवार श्रीनिवास राव के घर पहुंची। श्रीनिवास के साथ उनके भाई जी नागेश रहते हैं। नागेश कवासी के करीबी माने जाते हैं। वहीं इस शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू को आबकारी विभाग के 30 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति मिल गई है।

कांग्रेस नेता ने बताया छापे के दौरान क्या हुआ

जी नागेश के भाई जी श्रीनिवास राव ने बताया कि सुबह करीब 5:45 बजे टीम घर पहुंची थी। छोटे भाई ने घर का दरवाजा खोला। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने बताया कि नागेश के नाम पर सर्च वारंट है। हमने अधिकारियों को घर में सम्मान से बैठाया।

श्रीनिवास ने कहा कि हम कहीं से गलत नहीं है, इसलिए हमें

किसी बात का डर नहीं है। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों को हमने जांच में पूरा सहयोग किया ।जी श्रीनिवास राव ने बताया कि अधिकारियों ने कहा कि आप कवासी लखमा के करीबी हैं, इसलिए हमें लग रहा है कि आबकारी मामले में आपकी संलिप्तता है? लेकिन हमने उन्हें जानकारी दी है कि उनसे हमारा व्यापारिक संबंध नहीं है। लेकिन पूर्व मंत्री लखमा से हमारा व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंध है।

प्रॉपर्टी के पेपर ले गई टीम

कांग्रेस नेता श्रीनिवास राव ने बताया कि ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने जांच के दौरान हमसे कहा कि 2019-2023 के बीच में आपने जो रजिस्ट्री की होगी उसकी जानकारी दीजिए। हमारा जमीन खरीदी बिक्री का भी काम है। कुछ साल पहले हमने अपनी पुरानी जमीन बेचकर नई जमीन ली है और घर की प्रॉपर्टी के जो पेपर है। उसे हमने टीम को दिया है।

फैमिली के सभी लोगों के मोबाइल को अलग रखा गया

श्रीनिवास ने बताया कि छापे के दौरान टीम ने पूछा कि घर में किसी को कोई मेडिकल प्रॉब्लम तो नहीं है, अगर है तो आप दवाई ले लीजिए या इमरजेंसी जैसी स्थिति हो तो बताए। घर के सभी मेंबर के मोबाइल को अलग रखवाया गया।

जी श्रीनिवास राव ने कहा कि कार्रवाई के दौरान हमने टीम का सहयोग किया। हम गलत नहीं है तो हमें किसी बात का डर नहीं है। कवासी लखमा के पैसों को इन्वेस्ट करने के सवाल पर श्रीनिवास ने कहा कि सांच को आंच नहीं। ये सारी बातें हवा हवाई है। हम गलत नहीं है, इसलिए हमें डर नहीं है।शराब घोटाले में फंसे आबकारी विभाग के 30 अधिकारियों के खिलाफ शासन से ईओडब्ल्यू को कार्रवाई की अनुमति मिल गई है। उनके खिलाफ जल्द ईओडब्ल्यू कार्रवाई कर सकती है।

इसमें तत्कालीन सहायक जिला आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव, अनिमेष नेताम उपायुक्त, विजय सेन शर्मा उपायुक्त, अरविंद पाटले, प्रमोद नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, इकबाल खान, नितिन खंडुजा, नवीन प्रताप सिंह तोमर के नाम शामिल हैं।इसके अलावा मंजु केसर, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनिक, अशोक सिंह, मोहित जायसवाल, नीतू नोतानी, रविश तिवारी, गरीबपाल दर्दी, नोहर सिंह ठाकुर जिला आबकारी अधिकारी समेत अन्य अधिकारी शामिल हैं। इनके खिलाफ चार्जशीट भी पेश की जा सकती है।

इनके घर पर पड़ा छापा

रायपुर कांग्रेसी नेता जी नागेश, ठेकेदार कमलेश नाहटा।
जगदलपुर : कंप्यूटर कारोबारी प्रेम मिगलानी।
दंतेवाड़ा : कांग्रेसी नेता राजकुमार तामो।
सुकमा : योग आयोग के पूर्व सदस्य राजेश नारा, हार्डवेयर कारोबारी अनीश बोथरा, पेट्रोल पंप संचालक जयदीप भदौरिया, पूर्व मंत्री लखमा के ड्राइवर शेख बशीर और बशीर अहमद।

संक्षिप्त खबरें

गजब की बुआ, शेरनी बनकर टूट पड़ी तेंदुए पर और बचा ली मासूम की जान

रायपुर/नवप्रदेश दुधावा जिले के सरोना वन परिक्षेत्र के दुधावा में बालक विराट नेताम 6 वर्ष अपनी मां के साथ करीब शाम 7.30 बजे शादी घर टिकावन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी पीछे से तेन्दुआ ने बालक विराट नेताम पर हमला कर दिया। इस दौरान उसकी मां और आसपास अन्य लोगों ने शोर मचाया तो तेन्दुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। विराट के पीठ, कमर पर चोट आई है। पहाड़ी पर बच्चे का सिर बरामद-घटना के बाद परिजन घायल बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल कांकेर ले गए। जहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर इलाके में सर्च अभियान चलाया है। गांव के चारों तरफ जंगल होने के कारण वन विभाग द्वारा जगह-जगह ट्रेफ कैमरा लगाए जा रहे हैं ताकि रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा सके। विभाग द्वारा शाम को मॉनिटरिंग भी किया जाएगा।इससे पहले अगस्त 2024 में धमतरी-कांकेर जिला बॉर्डर पर कोड़मुड़ गांव में तेंदुए ने 3 वर्ष के तिरेश मरकाम को शिकार बनाया था। बच्चा अपने घर की बाड़ी में खेल रहा था, बच्चे के लापता होने पर परिजनों ने खोजबीन करने पर घर के आस-पास तेंदुए के पंजे के निशान मिले। पुलिस और वन विभाग ने दुधावा की पहाड़ी पर बच्चे का सिर बरामद किया।

सराफा कारोबारी की पत्नी फंदे पर लटकी मिली, इलाके में मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश राजधानी रायपुर के सदर बाजार क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सराफा व्यवसायी की पत्नी का शव उनके घर में फंदे से लटका हुआ मिला. मृतका की पहचान (42 साल) सोना सोनी के रूप में हुई है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही मृतका के बेटे की मौत हुई थी। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंची, जहां महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मामले में महिला के मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

एनजीओ बेटर भारत एवं 'मां' संस्था द्वारा प्रियदर्शिनी नगर स्थित स्पार्क फिटनेस जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर। प्रियदर्शिनी नगर रायपुर स्थित स्पार्क फिटनेस जिम में एनजीओ बेटर भारत एवं 'माँ' संस्था द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं जिम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो ज़रूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु शहर के प्रमुख ब्लड बैंकों को प्रदान किया जाएगा।एनजीओ बेटर भारत एक भरोसेमंद राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। बेटर भारत का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।वहीं, एनजीओ 'माँ' एक समर्पित संस्था है, जो बेसहारा और घायल सड़क पशुओं के संरक्षण और कल्याण हेतु कार्यरत है। इसके साथ ही, 'माँ' संस्था पालतू जानवरों के निधन पर उनके पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की सुविधा भी प्रदान करती है।इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और आपातकालीन समय में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और अल्पाहार प्रदान किया गया।बेटर भारत और 'माँ' संस्था ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं मानवीय प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों को जागरुक करने जाएगी अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति

अंधविश्वास : जादू-टोने के शक में एक नाबालिग और 2 महिलाओं की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जगहों पर बीते दिनों में अंधविश्वास और जादू-टोने के शक में एक नाबालिक और 2 महिलाओं की हत्या कर दी गई. अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने इन हत्याओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कोई भी नारी या महिला डायन, चुड़ैल या टोन्ही नहीं होती. यह सब अंधविश्वास है. उन्होंने कहा कि इन मामलों में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए. समिति इन सभी मामलों में प्रवास कर प्रताड़ित परिवारों से मिलेगी और ग्रामीणों को जागरूक करेगी.

डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि कांकेर से अंधविश्वास का मामला सामने आया है. यहां ग्राम ढकुना के एक व्यक्ति तुलसीराम ने जादू-टोने के शक में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की मीनाक्षी मरकाम

की कुल्हाड़ी से काट काट कर हत्या कर दी दिया. इतनी कम उम्र की टोनही प्रताड़ना में हत्या का यह प्रदेश में पहला मामला है।

दूसरे मामले में महासमुंद के पास ग्राम सनबाहली में जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए एक 75 वर्षीय वृद्ध महिला सनमेत कश्यप की उसके ही पड़ोस में रहने वाले संतोष मांझी ने टांगिया से काट कर हत्या कर दी। जानकारी मिली है कि आरोपी संतोष मांझी की पत्नी की मृत्यु कुछ समय पूर्व बीमारी के कारण हो गई थी पर वह अपनी पड़ोसी सनमत पर टोनही होने का शक करता था। इसी शक में उसने सनमत की हत्या कर दी।

तीसरा मामला 14 मई का है जिसमें दंतेवाड़ा के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के मारजूम में एक वृद्ध हिडमा पोडियामी की जादू टोने के शक में उसके ही पड़ोसियों ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी।

डॉ. मिश्र ने कहा हर व्यक्ति की समस्या और उसके कारण अलग-अलग होते हैं जिनका समाधान तर्कसंगत उपाय से किया जा सकता है। जादू टोने जैसी मान्यताओं का कोई अस्तित्व ही नहीं है, इस लिए तथाकथित जादू टोने से ना ही कोई व्यक्ति किसी को भी मार कर सकता है, न ही किसी को परेशानी में डाल सकता हैं और न ही किसी व्यक्ति का किसी प्रकार से फसल आदि का कोई नुकसान कर सकता है, जादू टोने, टोनही, डायन की मान्यता सिर्फ अंधविश्वास है। जिसका का कोई अस्तित्व नहीं है, और इस प्रकार के शक या सन्देह में किसी भी महिला को प्रताड़ित करना उसके व उसके परिवार के साथ मारपीट करना, उसको जान से मारना अनुचित, क्रूर और अपराधिक है। ग्रामीणों को इस प्रकार के अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिए।

डॉ मिश्र ने प्रशासन मांग की है कि इस मामले में तुरंत कार्यवाही की जाए तथा आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अनुचित हरकत करने की चेष्टा ना कर सके। समिति इन सभी मामलों में ग्रामीणों से मिलेगी और जागरूक करेगी।

रंग संस्कार महोत्सव के समापन में प्रसिद्ध अभिनेता और पद्मश्री मनोज जोशी होंगे शामिल

■ **रंग साधकों से करेंगे मुलाकात**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में मराठी और गुजराती फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी रविवार शाम 5 बजे महाराष्ट्र मंडल में रंगकर्मियों से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर धरसींवा विधायक और छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार अनुज शर्मा और अभिनेता व समाजसेवी योगेश अग्रवाल भी मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ रंगकर्मी रंजन मोडक ने बताया कि रंग संस्कार महोत्सव के समापन समारोह में मनोज जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। उन्हें मंडल के 65 साल के इतिहास और गतिविधियों की जानकारी दी गई, जिसके बाद उन्होंने रंगकर्मियों से मिलने की सहमति दी। कार्यक्रम में वे रंगमंच से जुड़े कलाकारों को मार्गदर्शन देंगे और फिल्मों में करियर बनाने की दिशा में जरूरी तैयारियों के बारे में भी बताएंगे।

फिर हेरा फेरी, भूल भुलैया जैसी फिल्मों में शानदार एक्टिंग से किरदारों को बनाया यादगार।

14 दिसंबर 1965 को जन्मे मनोज जोशी गुजराती, मराठी और हिंदी रंगमंच के जाने-माने और प्रतिष्ठित अभिनेता माने जाते हैं. उन्होंने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 1998 में आमिर खान की फिल्म सरफरोश से की, जिसमें उन्होंने बाला ठाकुर की भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने हंगामा, हलचल, दे दनादन, क्योंकि, खट्टा मीठा, भागमभाग, चुप चुप के, फुटपाथ, आन और पेज-3, भूल भुलैया, फिर हेरा फेरी जैसी कई फिल्मों में शानदार अभिनय किया।

मौसम ने बदली करवट : भोर में बारिश और सुबह रिमझिम-रिमझिम, गर्मी से राहत

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में पड़ रही तेज गर्मी के बीच मौसम बदल गया है। रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव समेत कई इलाकों में सुबह से गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे सुबह 7 से 10 बजे तक के लिए रायपुर, बालोद, धमतरी, दुर्ग, गरियाबंद, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और राजनांदगांव के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है।

इससे पहले 4 दिन पांचों संभाग के जिलों में यलो अलर्ट जारी है। इस दौरान 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। गरज चमक के साथ कहीं-कहीं बिजली गिरने की आशंका है। बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों इसका ज्यादा असर रहेगा।

बता दें कि, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से पिछले कुछ दिनों से प्रदेश का तापमान 5 डिग्री तक कम है। बुधवार को 41.2 डिग्री के साथ दुर्ग सबसे गर्म रहा।

मौसम विभाग रायपुर के मुताबिक साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक टर्फ की एक्टिविटी के कारण प्रदेश में बादल, बारिश और आंधी की स्थिति बन रही है। अगले 2 दिन गरज चमक की स्थिति ज्यादा

मौसम विज्ञानी गायत्री वाणी कंटिभोटला के

मुताबिक बस्तर और सरगुजा संभाग में बिजली गिरने के साथ और गरज चमक की संभावना है। ऐसी स्थिति अगले 4 से 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में रहेगी, लेकिन दक्षिण छत्तीसगढ़ में इसका असर ज्यादा देखने रहेगा। वहीं मध्य छत्तीसगढ़ में गरज चमक के साथ बिजली गिर सकती है।

रायपुर में सुबह से बादल छाए

रायपुर में सुबह से बादल छाए हैं और बूंदाबांदी हो रही है। आज यहां गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी है। शनिवार को दिन का तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहा। यहां अधिकतम पारा 38.6 डिग्री रहा। वहीं रात का पारा भी 26.5 डिग्री रहा। यह भी नॉर्मल टेम्प्रेचर से कम था।

पासपोर्ट के लिए अब नहीं जाना होगा कार्यालय

■ **घर में ही होगी बायोमेट्रिक स्कैनिंग और दस्तावेजों की जांच**

रायपुर/नवप्रदेश समय के साथ सुविधाएं लोगों को घर-द्वार में मिल रही हैं। इस कड़ी में पासपोर्ट भी शामिल हो गया है, जिसके लिए अब आपको कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही पासपोर्ट से जुड़े काम हो जाएंगे. सरकार ने अब घर बैठे ही फिंगर प्रिंट्स और बायोमेट्रिक स्कैनिंग मशीन, दस्तावेजों की जांच, फोटो खींचने समेत सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराने जा रही है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट बनाने में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए लोगों को सुविधा के लिहाज से पासपोर्ट मोबाइल वैन चला रही है। इस हाईटेक वैन में पासपोर्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इस वैन को अलग-अलग इलाकों में हफ्ते में एक बार पहुंचाया जाएगा। लोगों को केवल इस वैन तक पहुंचना होगा। बाकी के काम वैन में तैनात कर्मचारी और अफसर कर लेंगे।

मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में यह सुविधा शुरू भी हो गई है। अब इस विदेश मंत्रालय की इस महती योजना में छत्तीसगढ़ को भी शामिल कर लिया गया है। जल्द ही छत्तीसगढ़ पासपोर्ट दफ्तर को पहली वैन मिलने वाली है. यहां वैन कहां-कहां जाएगी, इसका रूट भी तैयार किया जा रहा है।

तीन दिन में तत्काल पासपोर्ट

दरअसल, बिना पासपोर्ट के विदेश जाना संभव नहीं है। विदेश जाने वालों की संख्या भी हर साल बढ़ रही है। पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया भी आसान हुई है. तत्काल पासपोर्ट तीन दिन में उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके लिए शुल्क 3500 रुपए ही है. सामान्य पासपोर्ट के लिए 1500 रुपए शुल्क लिया जाता है. सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दो हफ्ते में इसे जारी कर दिया जाता है.

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल वैन शुरू की जा रही है. इसमें पासपोर्ट बनाने के सारे काम होंगे. लोगों को सेंटर तक नहीं जाना होगा. शुरुआत में इस वैन को वहां चलाया जाएगा जहां पासपोर्ट दफ्तर नहीं है. ताकि लोग घरों के सामने ही पासपोर्ट बनवा सकें।

19 साल में 6 लाख पासपोर्ट : रायपुर में 2007 में पासपोर्ट दफ्तर खुलने के पहले तक लोगों को नया पासपोर्ट बनवाने के लिए भोपाल जाना पड़ता था।

अनिल कालेले को रंग संस्कार सम्मान

रायपुर। राजधानी के सुप्रसिद्ध रंग साधक व महाराष?ट्र मंडल के वरि?ठ सभासद प्रो. अनिल श्रीराम कालेले को रंग संस्कार महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर 'रंग संस्कार सम्मान' से नवाजा गया। कालेले को यह सम्मान उन्हें रंगमंच के प्रति 68 वर्षों से किए जा रहे योगदान, निर्देशन, शिक्षण और नाट्य संवेदना व सक्रियता के लिए प्रदान किया गया। संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की ओर से आयोजित रंग साधक स्वर्गीय अशोक चन्द्राकर की स्मृति तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 卐रंग संस्कार रायपुर (द्वितीय वर्ष)卐 का शुभारंभ 16 मई को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी राजमाता अहिल्याबाई होलकर चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ।

विडंबना

घरों के सामने से ट्रांसफार्मर हटवाना लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

ट्रांसफार्मर फ्री में हटाने के नियम को बिजली विभाग का ठेंगा

■ **ट्रांसफार्मर फ्री में हटाने का नियम, अर्जी देने पर बिजली कंपनी थमा रही डेढ़ लाख तक का बिल**

रायपुर/ नवप्रदेश। गर्मी के दिनों में लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर में आग लगने का खतरा बना रहता है, और अगर यह ट्रांसफार्मर घर के सामने लगा हो तो घर-परिवार के लिए खतरा बन जाता है. लेकिन ट्रांसफॉर्मर को हटवाना आम लोगों के बस की बात नहीं, क्योंकि बिजली कंपनी हटाने का पूरा खर्चा मांगती है, जबकि मुख्यमंत्री विद्युतीकरण योजना

के तहत ऐसे ट्रांसफार्मर निशुल्क शिफ्ट करने का प्रावधान है।

पिछले दो साल में निगम में 50 से ज्यादा आवेदन किए गए. लेकिन इनमें से केवल 15 ही आवेदन समिति को भेजे गए. लोगों ने मुख्यमंत्री विद्युतीकरण के तहत शिफ्ट करने की मांग की, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं हटाए गए. उल्टे लोगों को डेढ़-डेढ़ लाख के खर्च का बिल थमा दिया गया.

आवेदन देने के बाद लगाते हैं चक्कर

ऐसे ट्रांसफार्मर पुराने मोहल्लों और बस्तियों में हैं. ऐसे में अर्जी देने वाले भी आर्थिक तौर पर इतने सक्षम नहीं हैं कि वे इतनी बड़ी रकम केवल ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए अदा कर सके. ऐसे ही एक मामले में पीड़ित ने बताया कि ट्रांसफार्मर हटाने के लिए निगम में आवेदन दे चुका है. बिजली कंपनी वालों ने सर्वे किया और डेढ़ लाख का बिल दे दिया. ऐसे पीड़ित एक-दो नहीं बल्कि कई हैं, जो अपने घर के आस-पास लगा ट्रांसफार्मर को हटाने के लिए अर्जी देकर भटक रहे हैं।

राजधानी के इन इलाकों में ज्यादा समस्या

इस तरह की समस्या रायपुर के कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, पुरानी बस्ती, खोखोपारा, गुढ़ियारी, बजरंग नगर, लाखेनगर, आमापारा व कुकरीपारा बांसटाल शास्त्रीबाजार व बैजनाथपारा सहित कुछ इलाकों में ज्यादा है।

एक साल में भेजे केवल 15 प्रस्ताव

पिछले एक साल में जिला स्तरीय समिति की 15 प्रस्ताव भेजे हैं. इनमें से अधिकांश प्रस्ताव विधायकों, मंत्रियों और सांसद की ओर से भेजे गए हैं. कुछ प्रस्ताव बिजली कंपनी और पूर्व मंडल अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षदों के सिफारिशी पत्रों पर तैयार किए गए हैं।

सुविचार

जब खाना खत्म हो जाता है तो प्लेट गंदी दिखाई देने लगती है। उसी तरह मतलब निकल जाने पर आदमी में कमियां नजर आने लगती हैं। - अज्ञात

अमेरिका की चौधराहट को चुनौती

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही करके न सिर्फ पाकिस्तान को सबक सिखाया है बल्कि आपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने पूरी दुनिया को अपनी सैन्य ताकत दिखाई है। भारत की सैन्य ताकत को देखकर खुद को दुनिया का चौधरी सझने वाले अमेरिका की चौधराहट को भी कड़ी चुनौती मिली है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दोस्ती का दम भरते थे। अब वे भारत से दूरी बनाने लगे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले तो भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने की बचकानी कोशिश की और यह दावा कर दिया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया है। किन्तु भारत ने इस पर कड़ा रूख अख्तियार किया और जवाबी कार्यवाही के रूप में अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले कई समानों में टैक्स बढ़ा दिया। इससे डोनाल्ड ट्रंप की अक्ल ठिकाने लग गई और उन्होंने अपने बयान से पलटी मारते हुए यह सफाई दी कि उन्होंने संघर्ष विराम में सहयोग किया था। ताकि परमाणु युद्ध के खतरे को टाला जा सके। जबकि हकीकत तो यह है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ ही नहीं तो ऐसे में परमाणु युद्ध की दूर दूर तक कोई संभावना ही नहीं थी। डोनाल्ड ट्रंप ने बेशक पाकिस्तान पर दबाव बनाया होगा कि वह भारत के साथ संघर्ष विराम कर ले। इसके पीछे भी अमेरिका का ही हित छिपा था। दरअसल, आपरेशन सिंदूर के चलते अमेरिका के पाकिस्तान को दिये गये लड़ाकू विमानों की धज्जियां उड़ रही थी और यही हाल पाकिस्तान को चीन से मिले हथियारों का हो रहा था। जिसे भारतीय सेना चुटकी बजाने जैसी आसानी से नष्ट कर रही थी। भारतीय सेना के इस पराक्रम से अमेरिका और चीन इसी वजह से बौखला गये थे कि उनके हथियारों की पोल दुनिया के सामने खुल रही थी इसलिए हथियारों के बाजार में अमेरिका और चीन का दबदबा खत्म होने का खतरा पैदा हो रहा थी। नतीजतन दोनों ने पाकिस्तान पर सीजफायर के लिए दबाव बनाया वैसै तो पाकिस्तान खुद ही आपरेशन सिंदूर से दहल गया था और उसने भारत के सामने गिड़गिड़ाते हुए संघर्ष विराम का प्रस्ताप रखा था। जिसे भारत ने फिलहाल कबूल कर लिया है। लेकिन भारत ने अपनी शर्तें भी रखी है। सीधी सी बात है कि भारत ने अमेरिका की चौधराहट कबूल नहीं कि और उसने स्वविवेक से संघर्ष विराम का निर्णय लिया है। अमेरिका अब इस बात को समझ चुका है कि भारत आज की तारीख में बहुत बड़ी ताकत बन चुका है और वह अब अमेरिका के झांसे में नहीं आने वाला है। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुत अच्छे व्यापारी हैं लेकिन कूटनीति में वे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने कहीं नहीं टिकते। डोनाल्ड ट्रंप के लिए अगर अमेरिका फस्ट है तो पीएम मोदी के लिए भी भारत फस्ट है। रही बात अमेरिका की तो अब वह महाशक्ति नहीं रह गया है। उसकी अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है और अमेरिका की स्थिति यह है कि अब उसे अपने दुश्मनों को भी गले लगाने पर बाध्य होना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब के दौरे पर जाकर सिरया के तानाशाह से भी हाथ मिलाने पर बाध्य हो गये हैं। सिरिया के इस तानाशाह को अमेरिका ने ही आतंकवादी घोषित किया था और उनके सिर पर करोड़ो डॉलर का इनाम रखा था लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप को सऊदी अरब में अपना व्यापार बढ़ाने के लिए उस तानाशाह से भी गले मिलना पड़ रहा है। इसी से स्पष्ट है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने लगी है। डोनाल्ड ट्रंप की बात तो छोटे छोटे देशों के हुक्मरान भी नहीं सुनते ऐसे में भारत भला कैसे डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर संघर्ष विराम के लिए राजी हो सकता था। आपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की ताकत देख ली है और अब विश्व के कई देश अमेरिका और चीन को छोड़कर भारत से हथियार खरीदने की योजना बना रहे हैं। ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए तो दुनिया के आधा दर्जन से ज्यादा देश कतार में लग चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी और चीनी हथियारों के प्रति दुनिया में दिलचस्पी कम होने लगी है अमेरिका को हथियारों का जो एक बड़ा आर्डर मिला था वह भी कैंसल हो गया है। जबकि दूसरी ओर भारत के हथियारों की मांग बढ़ने लगी है। भारत उस एलिट क्लब में शामिल हो गया है। जो दुनिया भर में हथियारों का निर्यात करने में अग्रणी रहे हैं। अब तक इसमें अमेरिका रूस और चीन ही थे। अब इसमें चौथा देश भारत बन गया है। पिछले एक दशक के दौरान भारत ने अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है और अब तो वह हथियारों का निर्यात भी करने लगा है। भारत की यह बढ़ती ताकत ही अमेरिका और चीन की आंखे में खटक रही है। इस बीच भारत ने रूस के साथ एयर डिफेन्स सिस्टम के बारे में एक और समझौता कर लिया है। अब भारत और रूस मिलकर एस-500 बनाने पर सहमत हो गये हैं। और इसका निर्माण भी भारत में ही किया जाएगा जो एस-400 से भी ज्यादा खतरनाक होगा। जाहिर है अमेरिका की चौधराहट को अब भारत ही कड़ी चुनौती देने की स्थिति में आ गया है।

टीवी चैनलों की पत्रकारिता?

- डॉ शाहिद अली

भारत में टीवी चैनलों का विस्तार तेजी से हुआ है। टीवी चैनलों की बाढ़ सी है। शुरुआती दौर में दर्शकों ने दूरदर्शन से टीवी देखने का लुत्फ़ उठाया। दूरदर्शन ने लंबे समय तक दर्शकों को बांधे रखा और सूचना के साथ ही साथ स्वस्थ मनोरंजन के मानक भी गढ़े। भाषा, साहित्य और संस्कृति के स्तर पर दूरदर्शन ने लोगों को ख़ासा आकर्षित किया। प्रिंट मीडिया में चिंता बढ़ी कि कहीं छोटे पर्दे पर प्रसारित समाचारों और मनोरंजन के कार्यक्रमों के कारण प्रिंट मीडिया का महत्व कम हो जाएगा। ऐसा कुछ तो नहीं हुआ लेकिन प्रायवेट टीवी चैनलों की बाढ़ और उसमें चलने वाली बहसों में पत्रकारिता में मूल्यों का संकट खड़ा हो गया।

इक्कीसवीं सदी में बुजुर्ग होती पीढ़ी दूरदर्शन के पुराने दिनों को याद करते नहीं थकती। लेकिन वो इस बात से चिंतित नजर आती है कि टीवी चैनलों के नए दौर में पत्रकारिता का तेजी से अवमूल्यन हो रहा है। टीवी में प्रसारित खबरें और एंकरिंग के आक्रामक रवैये व चीख चिल्लाहट ने टीवी के संवाद का स्वाद बदल दिया। टीवी ने ड्राइंग रूम को वार रूम में बदल दिया। टीवी स्टूडियो में ही वार रूम बन गया।

एंकर और बहस में शामिल एक्सपर्ट चैनलों पर जिस तरह हो हल्ला मचाते हैं और जिस तरह बिना किसी नतीजे के बहसें खत्म हो जाती है उससे ये लगता है कि जैसे दर्शकों के ब्लडप्रेशर और धैर्य का इम्तिहान लिया जा रहा है। मीडिया के शोधकर्ता इस पर ईमानदारी से अध्ययन करें तो सच्चाई सामने आ सकती है कि टीवी चैनलों की बहसें दर्शकों के लिए कितनी फायदेमंद हैं या दर्शकों में व्यर्थ की उत्तेजना बढ़ाने का माध्यम भर है।

अचरज की बात है कि एक ही एंकर सारे विषयों का जानकार बन जाता है और विशेषज्ञों से सवाल पूछता है। आज देश भर में मीडिया के अनगिनत संस्थान और तीन बड़े पत्रकारिता के विश्वविद्यालय चल रहे हैं। माना जा सकता है कि इन संस्थानों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले शिक्षित-प्रशिक्षित विद्यार्थियों की संख्या भी सैंकड़ों में होगी। ऐसे संस्थानों पर सरकार का एक बड़ा कोष खर्च होता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पाठ्यक्रम संस्थानों में पढ़ाए जा रहे हैं इसलिए निश्चित रूप से इसका लाभ टीवी चैनलों में विविध मुद्दों पर चलने वाली बहस में एक्सपर्ट एंकर के बतौर लिया जाना चाहिए। इससे मीडिया संस्थानों से डिग्री लेकर निकलने वाली युवा पीढ़ी को भी अच्छा करने का अवसर मिलेगा। ये समय घिसी-पिटी व्यवस्था के बोझ लेकर चलने का नहीं है। तकनीक का करिश्मा तो हमने देख ही लिया है। अब एआई का युग है। इसलिए मीडिया संस्थानों के गुरूओं को भी अपने सालों पुरानी पत्रकारिता की शिक्षण कला में बदलाव लाने पर जोर देना होगा।

नई शिक्षा नीति शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच की खाई को खत्म करके एक सेतु बनाना चाहती है। मीडिया संस्थानों और मीडिया उद्योगों को एक दूसरे का मित्र बनना पड़ेगा। समाचार पत्र-पत्रिकाओं, यूट्यूब और टीवी चैनलों के संपादकों को मीडिया के शैक्षणिक संस्थानों का एक जरूरी हिस्सा बनना पड़ेगा। अकादमिक और पेशेवर पत्रकारिता के बीच निरंतर संवाद तय करना होगा। मीडिया संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के निर्माताओं से संवाद का निश्चित कार्यक्रम बनाने की जरूरत है।

पत्रकारिता हमेशा से गंभीर सवालों का समाधान रही है। सवाल करना और उसका सटीक जवाब देना पत्रकारिता को चौथी पालिका का सजग पहरेदार बनाती है। ये संतोष करने का विषय है कि तमाम संकटों के बावजूद प्रिंट मीडिया का सम्मान कम नहीं हुआ है लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों को कठोर आलोचनाएं सहनी पड़ रही है। टीवी चैनलों की पत्रकारिता कटघरे में खड़ी है। टीवी चैनलों की खबरें विवादों को काफी हद तक बढ़ाने में अपनी सफलता मानती है। खबरों को ब्रेक करने की होड़ में कई बार विश्वसनीयता का संकट खड़ा होता है। यहां तक कि हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और सद्भावना को भी संकट में डाल देते हैं। बड़बोले नेताओं के विवादास्पद बयानों को उछालकर दर्शकों की अच्छी खासी उर्जा और उसकी सोच को भी प्रभावित करने से नहीं चूकते हैं।

लाल आतंक के पहाड़ पर तिरंगे की विजय अधिक जरुरी

आलोक मेहता

पाकिस्तान के आतंकवाद से लड़ाई लम्बी चल सकती है और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग भी चाहिए। लेकिन देश के अंदर माओवादी नक्सल आतंक को अपने अर्द्धसैनिक बलों, प्रादेशिक पुलिस और केंद्र सरकार के दृढ निश्चय से ख़त्म करना बहुत बड़ी चुनौती रही है। लगता है कि लाल आतंक के पहाड़ पर तिरंगे की विजय का अंतिम निर्णायक दौर है। पिछले दो दशकों में नक्सली हमलों में 6,258 लोग मारे गए।

करीब 20 वर्षों में, 2,344 सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलियों से लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है, जो 1999 के कारगिल युद्ध में मारे गए भारतीय सेना के जवानों की संख्या से चार गुना अधिक है। वास्तव में, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने की तुलना में नक्सलियों से लड़ने में अधिक सशस्त्र कर्मियों की मृत्यु हुई है। नक्सल आतंक राज्यों की लगभग 8 करोड़ जनता प्रभावित रही है जिनमें मुख्य रूप से आदिवासी हैं। यह आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में फैले एक लाल गलियारे के साथ 10 राज्यों में फैला हुआ था। 2014 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए, तब 10 राज्यों के 126 जिलों को सबसे ज़्यादा प्रभावित थे। 2025 की शुरुआत में यह संख्या घटकर केवल 12 रह गई हैं, जिनमें से ज़्यादातर बस्तर में और बाकी ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के पड़ोसी जिलों में बचे हैं। पांच वर्षों के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां कीं। अर्द्ध सैनिक बलों और राज्य सरकारों को अधिकाधिक धनराशि केंद्र से उपलब्ध कराई। छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए 870 करोड़ रुपये का बजट रखा। हाँ छत्तीसगढ़ में कुछ समय कांग्रेस सरकार आने से गति थोड़ी धीमी हुई, लेकिन भाजपा सरकार वापस आने के बाद आपरेशन तेज हो गया। पिछले तीन महीनों में बस्तर में करीब 130 खुंखार नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। इस सन्दर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में हाल में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहां आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। इसके साथ ही अमित शाह ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।' केंद्र और राज्य सरकारों ने कड़ी कार्रवाई के साथ माओवादियों के भ्रम जाल में फंसे लोगों को समर्पण कर सामान्य जीवनयापन के पर्याप्त अवसर भी दिए हैं। 2014 से आत्मसमर्पण करने वाले 7,500 नक्सलियों में से कई इन बलों में शामिल हो गए हैं, जो नक्सलियों के काम करने के तरीके और उनके ठिकानों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इन उपायों के परिणामस्वरूप, अभियान तेज हो गए हैं और 15 महीनों में छत्तीसगढ़ में 305 नक्सलियों का सफाया कर दिया गया। 2024 में अकेले बस्तर संभाग में 217 नक्सलियों का सफाया कर दिया गया है, जो राज्य में उग्रवाद के इतिहास के बाद से किसी भी वर्ष के लिए सबसे अधिक रहा है। जगदलपुर में स्थित कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) केंद्र में अधिकांश जवानों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह कभी अविभाजित बस्तर की राजधानी हुआ करती थी। यह केरल के आकार का है और छत्तीसगढ़ के सात घने जंगलों वाले जिलों में फैला हुआ है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1 1912 : पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज। 1933 : एच डी देवगौड़ा - भारत के बारहवें प्रधानमंत्री बने। 1974 : राजस्थान के पोकरण में अपना पहला भूमिगत परमाणु बम परीक्षण करके भारत परमाणु शक्ति संपन्न देशों की कतार में शामिल हो गया। 1991: चॉकलेट कंपनी में कैमिस्ट के तौर पर काम करने वाली 27 वर्षीय हेलेन ने ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री के तौर पर सोवियत सोयूज यान से उड़ान भरी। उन्हें एक पहेली का जवाब देने पर यह मौका दिया गया। 1994 : गाजा पट्टी क्षेत्र से अन्तिम इजराइली सैनिक टुकड़ी हटाये जाने के साथ ही क्षेत्र पर फलिस्तीनी स्वायत्तशासी शासन पूरी तरह से लागू। 2004 : इजराइल के राफा विस्थापित कैम्प में इजराइली सैनिकों ने 19 फलस्तीनियों को मौत के घाट उतारा। 2009 : श्रीलंका सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया। सेना ने देश के उत्तरी हिस्से पर कब्जा किया और लिट्टे प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरन को मार गिराया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भूलकर मजहब

भूलकर मजहब जिन्हें भाई सा पाला था मलबे की दोज़ख से भी कुत्तों को निकाला था भौंकने आए थे हम पर साथ दुश्मन के जिनकी पैदाइस के पीछे भी हलाला था। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

सिलसिला चला

सिलसिला चला है रातों में मुस्कुराने का दिनभर की बातों को सोचकर खिलखिलाने का ना मोहब्बत की बातें हैं ना कोई तस्वीर कामयाबी की ये सिलसिला है... खुद को खुद से मिलाने काकौन कहता है... कि तन्हाई रास आती नहीं मुझे तो इंतज़ार होता है तन्हाई के पास आने का जब रातों को चिराग़ बुझ जाते हैं और उजाला कहीं दूर नज़र आता है मुझे ज़रूरत नहीं चेहरे पर लिबास की वक़्त होता है आपपे ही मर जाने का।

- शिल्पी अग्रवाल

ख़ास पाती

हम शांत इलाके में हैं इसलिए

हम शांत इलाके में है इसलिए लगता है युद्ध को अंत तक होना था, पर जो सरहद पास रहते है, उनकी सोचिए। हम AC कमरों में बैठकर लिख रहे है, पर जिनपर बंदूके मिसाइल ड्रोन आदि से हमले हो रहे हों, जिन्हें जानमाल का नुकसान हो रहा हो, उनकी सोचिए। सरहद पर रहने वाले भी इसका अंत चाहते है पर हमें भी उनकी सुरक्षा की सोचनी है। बस यही कारण है अभी युद्धविराम की सहमति का, ऐसा मेरा सोचना है। मोदीजी और टीम को मेरा पूरा समर्थन। हर बात में राजनीति मत ढूंढिए। कभी तो निश्छल होकर सोचिए। **- गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

मै ईश्वर को मानता हूं,पूरा भरोसा करता

मै ईश्वर को मानता हु,पूरा भरोसा करता हु,हमारे विद्वान पूर्वजों ने जैसा सिखाया वैसा हमेशा करता हु,पूजा पाठ,मंदिर जाना नियमित नहीं लेकिन जिस मंदिर से आगे गुजरता शीश झुकाता हु जरूर दिखावा,आडंबर से दूर फिर भी भक्ति भरपूर... इतनी सुन्दर तस्वीर भगवान कृष्ण की??मै रोक नहीं पाया,लिखने में देरी नहीं किया...और कृष्ण भगवान को तो मेरा देश ही नहीं पूरा विश्व जानता है,मानता है... - **शत्रुंजय तिवारी**

झुमका झूमे कानों में नवरंग खुशी के घोले

झुमका झूमे कानों में नवरंग खुशी के घोले रत्न जड़ित टीका माथे पर तेज पुंज सा डोले मोती मंगलसूत्र का मेरे भाषा प्रेम की बोले नाक की नथनी का लश्कारा दमके हौले हौले।

- आरती आलोक वर्मा

परिवार एक बुनियाद है... जहां प्यार और

परिवार एक बुनियाद है... जहाँ प्यार और अहसास है जहाँ बड़ों का आशीर्वाद है जो मुश्किलों में घनी छांव है। परिवार अपनो की याद है। दूर जो अपनों से बैठे हैं... जल्द ही मिलने की फ़रियाद है परिवार एक बुनियाद है। परिवार स्वर्णिम स्मृतियों की बारात है। दिन भर की दौड़ धूप के बाद ... सुखमयी सुवासित मखमली सी रात है। परिवार एक बुनियाद है। **- डॉ. प्रतिभा गर्ग**

गलतियां हो ही जाती हैं हर बार

गलतियाँ हो ही जाती है हर बार रह जाती हूँ अकेली नहीं निभा पाती दोहरे चरित्रों को फिर कुढ़ती हूँ उन गलतियों पर पाई सजा के लिये जो मैंने की ही नहीं थी मन हर बार आहत होता है तुम्हारे आरोपों, प्रत्यारोपों से बेकार के प्रपंचों मे फस जाता है मन फिर गलतियाँ हो ही जाती है आखिर कब तक दूं जवाब अपनी बेगुनाही का पलट कर देर जाती हूँ कुछ जवाब आखिर फिर गलतियाँ हो ही जाती है । जानते हो कई बार कि है कोशिशें टूट कर न बिखरने की खुद से उलझ कर ढूँढ़ने को बेतुकी गलतियाँ पर मन दे जाता है फिर से आश्वासन सुधारों का पर क्या करूं फिर से गलतियाँ हो ही जाती है आखिर हूँ तो मैं भी इन्सान गलतियाँ हो ही जाती है। **- अल्पना हर्ष**

शूरवीर अभिनंदन और पूर्णम पाकिस्तान

शूरवीर अभिनंदन और पूर्णम पाकिस्तान मे पराक्रम दिखाकर वापस आये किसी ने उनकी न जाति पूछी न धर्म लेकिन जैसे ही महिलाये फलक पर आयी भारतीय नेताओ की पुरूषवादी सोच जागृत हो गयी जो महिलाओ को सिर्फ उपभोग की वस्तु समझते हैं और महिलाओ के पराक्रम नही बल्कि उनका देह और योनि देखते है। **- एडवोकेट वरूण कुमार गुप्ता**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

खिलौना

विजय कुमार गुप्ता

खिलौनों से खेल कर, खिलाड़ी हैं पले बढ़े,
लुभावने खिलौने से, मन बहलाते थे।
दादा दादी नाना नानी, संग सुनी कहानियां
बाल मन मकसद, खूब मनवाते थे।
गुरुदेव टैगोर ने, खिलौने पे गौर किया,
अधूरे खिलौने को ही, पूरा करवाते थे।
सीख भाव प्रभाव से, सृजन लगाव लगे,
दुलार देने खुद ही, खिलौने बनाते थे।
कोण कोई रहे नही, चोट का भी डर नहीं,
माटी मोम काठ रुई, खिलौने ही भाते थे।
मस्ती भरे पल कब, पा गए बड़ी दखल,
खिलौने भी संपदा से, विदेशों से आते थे।
उकसाया उलझाया, खिलौने का ढंग नया,
खतरों से खेल रहा, मौत भी तो पाते हैं।
खिलौने बने देश में, निर्भरता खेल करो,
संस्कारवान खेल हो, मोदी जी सिखाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय: 05:41, सूर्यास्त: 07:05 चन्द्रोदय: 24:07, चन्द्रास्त: 09:41 अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: ग्रीष्म, शक सम्वत: 1947 (विश्वावसु) विक्रम सम्वत: 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : श्रवण, योग :शुक्ल, प्रथम करण : तैतिल (05:57 तक),द्वितीय करण : गर (18:08 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : मकर, मंगल: कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:41, अमृत काल 12:10 से 13:51, सर्वार्थ सिद्धि योग 05:22 से 18:52, रवियोग 18:52 से 29:21, विजय मुहूर्त 14:31 से 15:26, गोधूलि मुहूर्त 19:04 से 19:25, सायाह्न सन्ध्या 19:05 से 20:07, निशिता मुहूर्त 23:53 से 24:34, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:13 से 13:56, दुर्मुहूर्त 17:16 से 18:10, होमाहुति गुरु, दिशा शूल पश्चिम, अग्निवास पाताल (05:57 से पृथ्वी), चन्द्र वास दक्षिण, शिववास नन्दी पर (05:57 से भोजन में)

QUIZ TIME

1) 1800 ई.पू.में सम्राट हम्मुराबी की राजधानी क्या थी?

2) सभी ज्ञात धूमकेतु किस च्वौलेक्टिक क्लाउडज् से उत्पन्न माने जाते हैं?

3) सूचना के अधिकार का प्रयोग सर्वप्रथम किस राज्य में किया गया?

4) चंद्रयान-3 के किस उपकरण ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास तापमान को मापा है?

5) किसे वनजीवी या चेटटू रामैया के नाम से जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बेबीलोन (2) द ऊर्ट क्लाउड (3) राजस्थान (1997) (4) चंद्र का सतह थर्मो-फिजिकल प्रयोग (5) दारिपल्ली रामैया

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन भाग्योदयकारक रहेगा। व्यवसाय के साथ ही सामाजिक दृष्टिकोण से भी दिन लाभदायी रहेगा।

वृष: आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

मिथुन: आज के दिन आपका मन अनिर्णय की स्थिति में रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में प्रत्येक कार्य सोच विचार कर करें।

कर्क: आज का दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा।

सिंह: आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। दिन के पूर्वार्ध में सेहत में गिरावट आने से बेचैनी बढ़ेगी।

कन्या: आज का दिन भी आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा। घरेलु कार्यो एवं व्यवसाय के बीच आज तालमेल बैठाना परेशानी भरा रहेगा।

तुला: आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है। सेहत नरम रहने से स्वभाव मे चिढ़चिढ़ापन आएगा।

वृश्चिक: आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आकस्मिक फायदे कराने वाला रहेगा। आज आप किसी से अधिक व्यवहार करना पसंद नहीं करेंगे ।

धनु: आज का दिन आपको मिला जुला फल देने वाला रहेगा। आज आप पुराने कार्यो को विराम दे नए अनुबंध हाथ में लेने के प्रयास करेंगे।

मकर: आज का दिन आप आनंद मनोरंजन में बितायेंगे। पूर्व में किये गए प्रयास आज सफल होने से मानसिक शांति मिलेगी।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। पूर्व में किये निवेश का लाभ नहीं मिलने से निराश होंगे।

मीन: आज का दिन आप के मन के अनुरूप रहेगा। आज दिखावे आडंबर पर अधिक खर्च करेंगे। मौज-शौक मनोरंजन में दिन का अधिकांश समय व्यतीत होगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

1		■	2	3	■	4	5	6
	■	7			■	■	8	
9			■	10		11	■	
■	■	12			■	13	14	
15	16		■	■	■	17		■
18		■	19	20			■	21
■	22	23			■	■	■	
■	■		■	■	24	■	25	
26			■	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

न्यूज गैलरी

घर में लगी आग, बुजुर्ग की मौत

दुर्ग। उतई थाना क्षेत्र के परसाई गांव में एक घर में आग लगने से सोए बुजुर्ग के जिंदा जल जाने की घटना हुई है। 65 साल के बुजुर्ग लकवा से पीड़ित थे। आग लगने पर वे घर से बाहर नहीं निकल पाए। घटना के समय उनकी पत्नी बाहर गई थी। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया की शनिवार रात को परसाई गांव में आग लगने की सूचना मिली। तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया गया। इसके बाद उतई पुलिस भी मौके पर पहुंची। घर के अंदर बुजुर्ग शिव प्रसाद खिलाड़ी मौजूद थे। पूछताछ में पता चला कि शिव प्रसाद पैरालिसिस से ग्रस्त थे। उसकी पत्नी बाहर गई थी। जब घर में आग लगी, तब घर पर कोई मौजूद नहीं था। लकवाग्रस्त होने से बुजुर्ग बाहर नहीं निकल सके और उनकी मौत हो गई। उनके 2 बेटे हैं, जो अपने परिवार के साथ भिलाई में रहते हैं।

पांच दिवसीय संस्कार समर कैम्प

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में 16 मई से 20 मई तक कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए 5 दिवसीय संस्कार समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू, ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा दीदी ने दीप प्रज्जवलित करसमर कैंप का शुभारंभ किया ।शिक्षा विभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर ने कहा कि समर कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व में काफी विकास होगा। महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू ने कहा कि पहले वैल्यू एजुकेशन की क्लास चला करती थी, उसमें कुछ नैतिक शिक्षा के संबंध में पाठ पढ़ाए जाते थे। आज अच्छा इंसान बनने की शिक्षा ब्रह्माकुमारी बहनें दे रही हैं। इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलेगी। ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा दीदी ने कहा समर कैंप में सभी दिव्य फरिश्तों का स्वागत है।

निधन : दिवाकर सिंह गहरवार

भिलाई नगर। बीएसपी के दूरसंचार विभाग से सेवानिवृत कैम्प 1 निवासी दिवाकर सिंह गहरवार का उनके गृहनगर अटारी, रघुराजगढ़ तहसील मनगवां जिला रीवा मध्य प्रदेश में निधन हो गया। वे 72 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। वे कमला सिंह के पति और मंगल सिंह के पिता थे। गहरवार क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के संस्थापक सदस्य थे।

संत कबीर ने बताया जीवन जीने का आचरण : उपमुख्यमंत्री साव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम सेलूद के बावाकुटी में स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय संत समागम में आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

कबीर आश्रम के मुखिया व साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री द्वारा आयोजित संत समागम में सांसद विजय बघेल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। संत समागम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि संत समाज को मार्गदर्शन देते है। संत कबीर ने जीवन जीने का आचरण बताया है।

कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है। आप सभी संत कबीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाकर, लोगों को जागरूक कर रहे हैं। देश की तरक्की के लिये समाज का जागरूक होना जरूरी है। आश्रम में कई प्रकार के अभाव होते हुए भी कबीर के विचार को लोगों तक पहुंचाने में आप लोग लगे हुए है।

उप मुख्यमंत्री साव ने संतों की मांग पर आश्रम के कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की। अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि विगत 60 वर्ष से इस आश्रम में संत समागम का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने सभी संतों का अभिवादन करते हुए कहा कि कबीर के वाणी में ईश्वर का वास था। कबीर की वाणी आज भी जीवंत है। हम सभी को कबीर के बताये मार्ग को जीवन में आत्मसात करना है। सांसद बघेल ने आश्रम में स्नानागार और शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कबीर के अनुयायी उपस्थित थे।

विशेषज्ञों ने अकाउंटेंसी प्रोफेशन में एआई के प्रभावी उपयोग की दी जानकारी

सीए ब्रांच द्वारा आयोजित दोदिवसीय नेशनल कांफ्रेंस 'उन्नयन' का समापन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। सीए ब्रांच द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस 'उन्नयन' का समापन आज सीए भवन सिविक सेंटर में हुआ। भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कांफ्रेंस के दूसरे दिन आज देश के प्रख्यात टैक्स विशेषज्ञ, लेखक, शिक्षाविद, चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलाव और टैक्स संहिता पर जानकारी दी। विशेषज्ञ वक्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता देश के प्रख्यात सीए डॉ. गिरीश आहूजा ने प्रत्यक्ष कर में हुए नए बदलावों की जानकारी साझा की। उन्होंने नए इनकम टैक्स बिल, हालिया बजट में हुए बदलावों और पुराने अप्रभावी सेक्शन की समाप्ति जैसे विषयों पर अपना वक्तव्य

दिया। डॉ. आहूजा ने बताया कि सरकार जल्द ही नया इनकम टैक्स बिल लाने की दिशा में काम कर रही है, जिसका उद्देश्य पुराने और जटिल कानूनों को हटाकर एक सरल, पारदर्शी और करदाता हितैषी प्रणाली स्थापित करना है। इस बिल के आने से करदाताओं को कंप्लायंस में आसानी होगी और अनावश्यक विवादों की संख्या में कमी आएगी।

उन्होंने बजट 2024 में प्रत्यक्ष कर से जुड़े महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला। नई टैक्स स्लैब प्रणाली को और प्रभावशाली बनाने, रिटर्न फाइलिंग को आसान करने और डेडलाइन से जुड़े नियमों को लचीला बनाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बजट का सीधा प्रभाव छोटे और मध्यम व्यवसायों के साथ-साथ व्यक्तिगत करदाताओं पर पड़ेगा, जिससे टैक्स बेस का विस्तार होगा। डॉ. आहूजा ने कहा कि सरकार द्वारा कई निष्क्रिय और अप्रचलित सेक्शनों को हटाया गया है, जिनका अब कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं रह गया था। इससे इनकम टैक्स एक्ट को अधिक स्पष्ट और सटीक बनाया गया है। चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए शुभम पटेल और चिनय सोलंकी ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में टेक्नोलॉजी को अपनाकर सीए अपने कार्य को अधिक सटीक, तेज़ और कुशल बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि डेटा एनालिटिक्स, ऑटोमेटेड बुक कीपिंग, रिस्क असेसमेंट मॉडल्स और चैटबॉट्स सीए के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। सीए चिनय सोलंकी और सीए शुभम पटेल ने उदाहरण देते हुए बताया कि एआई आधारित सॉफ्टवेयर्स अब बड़ी मात्रा में इनवॉइस, लेन-देन और टैक्स डेटा को कुछ ही क्षणों में प्रोसेस कर सकते हैं, जिससे मैन्युअल एरर की संभावना कम होती है और समय की भी बचत होती है। उन्होंने कहा कि ऑडिटिंग में एआई का प्रयोग करके संदिग्ध ट्रांजेक्शन को पहले ही चिन्हित किया जा सकता है, जिससे जोखिम प्रबंधन बेहतर होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी और प्रोफेशनल नॉलेज के मेल का है। यदि सीए समय रहते एआई को अपनाते हैं तो वे न केवल खुद को प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रख पाएंगे, बल्कि अपने क्लाइंट्स को भी बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण ब्रांच चेयरमेन सीए राजेश बाफना ने किया। द्वितीय दिवस में कार्यक्रम के सेशन चेयरमैन सीए राकेश ढोढी और सीए राहुल बत्रा थे और आभार प्रदर्शन सीए प्रभजीत सिंह जग्गी ने किया। कांफ्रेंस के संयोजक सीए अरविंद सुराना थे। कार्यक्रम में सीए मिनेश जैन, अमित राय, नितिन रूंगटा, महावीर जैन, पदम बरडिया, विकास गोलछा,निकिता जैन, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सीए एसडी राठी, प्रतीक अग्रवाल, तलविंदर सैनी सहित बड़ी संख्या में सीए सदस्य व छात्र उपस्थित थे।

अश्लील वीडियो वायरल होने पर डॉक्टर ने की खुदकुशी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छावनी थाना अंतर्गत टाटा लाइन स्थित एक घर में आयुर्वेदिक डॉक्टर बी राठौर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। डॉक्टर कांकेर जिले के चरामा ब्लॉक अंतर्गत पुरी गांव में पदस्थ थे। वहां उनका एक अश्लील वीडियो वायरल हो गया था। इसी के तनाव में आकर उन्होंने ऐसा कदम उठाया।

छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि दो दिन पहले ही डॉक्टर भिलाई में अपनी भांजी के घर आए थे। रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। कमरे के अंदर जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब उसके कमरे से कोई आहट नहीं आई तो परिजनों ने आवाज दी गई। जवाब न मिलने पर घरवालों ने दरवाजा तोड़ा और देखा कि उसने फांसी लगा ली है। इसके बाद उन्होंने पुलिस और आसपस के लोगों को बुलाया। पुलिस ने फोरेंसिक की टीम को बुलाकर जांच की। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस को डॉक्टर राठौर के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें पता चला है कि उसका किसी युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया है। सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। इस मामले को लेकर गांव में एक सामाजिक बैठक भी बुलाई गई थी। इसमें डॉक्टर को भी बुलाया गया था।

युवती ने बैठक में कह दिया कि डॉक्टर ने उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ रेप किया है। इसके बाद से डॉक्टर काफी टेंशन में थे। डॉक्टर रॉठौर काफी अच्छे परिवार से हैं। उनकी पत्नी सिंचाई विभाग में पदस्थ हैं। बेटा डॉक्टर है। दो दिन पहले दुर्ग आने पर घर में वीडियो को लेकर काफी टेंशन हुआ था। उन्होंने प्वाइजन का इंजेक्शन लगा लिया था। समय पर इलाज होने से उनकी जान बच गई।

विधायक चंद्राकर ने किया रिसाली में 4 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र में तीन करोड़ सत्यासी लाख बैसठ हजार की लागत से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने लोकार्पण और भूमिपूजन कर विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि उनके लिए जनता सर्वोपरि है। कार्यक्रम में रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा उपस्थित थी। चंद्राकर ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। विकास कार्य के लिए वे हमेशा नागरिकों के साथ खड़े हैं। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने जो वादा किया, उसे निभाया है। विधायक ललित चंद्राकर ने अलग-अलग वार्डों में करीब 5 घंटे से ज्यादा समय तक भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रमों में मौजूद रहे। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया। कार्यक्रम को सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। अतिथि के रूप में एमआईसी मेंबर सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद हरीश चंद्र नायक, खिलेन्द्र चंद्राकर, ममता सिन्हा, गजेन्द्री कोठारी, टिकम साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू आदि उपस्थित थे।

नेवई-पाटन मार्ग रोशन होगा

विधायक चंद्राकर ने रविवार को नेवई-पाटन मुख्य मार्ग में ट्यूबलर पोल लगाने भूमिपूजन किया। अम्बेडकर स्कूल से रिसाली निगम की सरहद तक कुल 185 डिजाइनर पोल लगाकर सड़क के दोनों दिशाओं में रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। विधायक ने कहा कि प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने पर सड़क दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने उचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कर जनता को समर्पित किया है।

बीएसपी का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025 शुरू हो गया। शिविर 5 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान महाप्रबंधक (टीएसडी-क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक एचआर-क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं व पूर्व ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, उपप्रबंधक एचआर-एसआरजी अभिजीत भौमिक सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी और सभी खेलों के आईएनएस कोच व प्रशिक्षक उपस्थित थे।

सेवा सहकारी समिति सोमनी में एक करोड़ का गबन : आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के भिलाई तीन की सेवा सहकारी समिति सोमनी में करोड़ों के घोटाले उजागर हुआ है। जानकारी के अनुसार प्रबंधक नीति दीवान, सहायक प्रबंधक गजानन शिर्के और अतरिक्त कर्मचारी गोपाल वर्मा ने मिलकर किसानों के खाते से 1 करोड़ 3 लाख 11 हजार 263 रुपए का गबन किया है। पुरानी भिलाई पुलिस ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पुरानी भिलाई के शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में सहायक प्रबंधक गजानन शिर्के और अतरिक्त कर्मचारी गोपाल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। शाखा प्रबंधक नीति दीवान अभी तक फरार हैं। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मामला किसानों के बचत खाते से करोड़ों की हेराफेरी का है। किसानों के खाते में पैसा जमा कर पासबुक में एंट्री की जाती थी, लेकिन लेजर में एंट्री नहीं की जाती थी। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने मिलीभगत करके किसानों के फिक्स डिपाजिट को तोड़कर उस रकम का गबन कर लिया। पुलिस ने मामले में सहायक प्रबंधक और अतिरिक्त कर्मचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जांच में यह पता चला है कि तत्कालीन सहकारी समिति प्रभारी गजानंद शिर्के ने 29 मई 2020 से 3 मार्च 2021 के बीच 35 लाख 53 हजार 870 की वित्तीय अनियमितता की। समिति प्रबंधक के पद पर नियुक्त नीति दीवान ने 1 जून 2022 से 5 अक्टूबर 2023 के बीच 40 लाख 16 हजार 775 की गड़बड़ी की। सहायक लिपिक गोपाल वर्मा ने 5 किसानों के खातों से 3 लाख 3 हजार 618 का गबन किया है।

दुर्ग में तीन एएसआई समेत 14 पुलिस कर्मी लाइन अटैच

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। एसएसपी विजय अग्रवाल ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 एएसआई, 2 प्रधान आरक्षक और 9 आरक्षकों सहित 14 लोगों को एक साथ लाइन अटैच कर दिया है। दुर्ग एसएसपी ने 17 मई को आदेश जारी किया। आदेश के मुताबिक एसीसीयू में पदस्थ एएसआई पूर्ण बहादुर, भिलाई नगर में पदस्थ एएसआई शमित मिश्रा और यातायात में पदस्थ एएसआई विनोद सिंह को लाइन अटैच किया है। सुपेला थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह और एसीसीयू में पदस्थ चंद्रशेखर बंजीर को लाइन अटैच किया है। एसीयू में पदस्थ सिपाही अनूप शर्मा, संतोष गुप्ता, पन्नेलाल, विक्रांत यदु, खुर्रम बक्श और शहबाज खान को लाइन अटैच किया है। इस तरह नेवई थाने में पदस्थ सिपाही शमीम खान, छावनी में पदस्थ अमित दुबे और बोरी थाने में पदस्थ सिपाही जुनैद सिद्दीकी को लाइन अटैच किया गया है। दुर्ग में एसीसीयू में पदस्थ कई अधिकारी और पुलिस कर्मियों पर महादेव सट्टा एप का पैनल चलवाने से लेकर उनकी मदद करने के आरोप है। यही कारण है कि कई लोगों के घर एसीबी, ईओडब्ल्यूडी, सीबीआई या ईडी के छापे भी पड़ चुके हैं।

नचिकेता की अमर जिज्ञासा

भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्तर्गत यह उपाख्यान यम नचिकेता संवाद के नाम से जग विदित है

यह संवाद यमदेव व ऋषि वाजश्रवा के पुत्र बालक नचिकेता के मध्य में हुआ था। इस दृष्टांत को यहां प्रस्तुत करने का मूल उद्देश्य आज के इस कलि काल में मनुष्य द्वारा आधुनिकता व यंत्रों के मोह पाश में बंध माया के वशीभूत होकर धर्म की वास्तविक परिभाषा और दान की महिमा और ब्रह्म तत्व के महत्व को जो भूल बैठा है उसे स्मरण दिलाना है। यह संवाद जितना ज्ञानवर्धक है और उतना ही रोचक भी। इस तत्व का उल्लेख कठोपनिषद में मिलता है। कठोपनिषद उन 11 प्रमुख उपनिषदों में से एक है जिसमें ब्रह्मज्ञान का सार विस्तार से प्राप्त होता है उपनिषद को वेंदांत (वेदों का सार भाग) की संज्ञा दी जाती है अर्थात वेदों को जानने का प्रत्यक्ष साधन ग्रंथ। कहते हैं कि उपनिषदों की संख्या 108 है परंतु उनमें एकादश प्रमुख है जो एकादश रूद्र की भांति अति प्रसिद्ध एवं ब्रह्मज्ञान से ओतप्रोत है, इन्हीं में से एक उपनिषद कठोपनिषद है। जिसमें यम नचिकेता संवाद को विस्तार से व्यक्त किया गया है।

यह ग्रंथ कृष्ण यजुर्वेद की कठ शाखा के अंतर्गत आता है, जिसमें 2 अध्याय तथा प्रत्येक में 3-3 वल्लियां है। इसी में ऋषि वाजश्रवा के पुत्र नचिकेता और यम के मध्य हुए संवाद का सुप्रसिद्ध व्याख्यान उपलब्ध है। यज्ञ फल की इच्छा रखने वाले व आत्म कल्याण के भाव से ऋषि एक महान विश्वजीत नामक यज्ञ का आयोजन करता है जिसमें संपूर्ण ऋषि-मुनियों को आमंत्रित कर देवों के निमित्त आहुतियाँ दी जाती है। मोह, माया, त्याग के उद्देश्य से संपूर्ण धन आदि पदार्थों का दान किया जाता है। किंतु यज्ञ में उन्होंने बूढ़ी, निर्बल और दुग्धहीन गायों का दान करना शुरू किया और अन्य बहुत से ऐसे पदार्थों का दान किया जा रहा था जो ऋषि के लिए अनुपयोगी था। संकल्प के अनुसार दान श्रेष्ठ व प्रिय वस्तुओं का करना चाहिए था। पिता के इस छल को देखकर नचिकेता को अत्यंत दुख हुआ।

नचिकेता, जो कि एक जिज्ञासु, बुद्धिमान और सत्यप्रिय बालक था, चिंतित हो उठा। उसने अपने पिता से प्रश्न किया।

हे पिता जो गौएं जल पी चुकी हैं, जो घास खा चुकी हैं जिनका दूध दुहा जा चुका है, बल जाने पर प्रजनन सामर्थ से रहित हैं उनका दान करने से भला समाज और ऋषियों का क्या भला होगा। निश्चित ही आप सर्व सुखों से रहित नर्क आदि लोकों को प्राप्त करेंगे। ऐसा विचार कर वह अपने पिता से कहता है कि हे तात आप मुझे किसे दान करेंगे। बार-बार पूछने पर पिता क्रोध में भरकर कहता है कि जा, मैं तुझे मृत्यु (यम) को दान करता हूं।

पिता के इस प्रकार कहने पर नचिकेता पिता से आज्ञा लेकर यमपुरी (शमशान) की ओर चल पड़ता है। क्रोध में अनर्गल वचन कहे जाने से दुखी पिता को देखकर नचिकेता उन्हें सांत्वना देते हुए वहां से चला जाता है, परंतु जाते समय कहता है कि हे पिता, आपके पिता, पितामह आदि और हमारे पूर्वजों ने जैसा आचरण किया है, उस पर विचार करें तथा वर्तमान काल के दूसरे सदाचारी जैसा आचरण कर रहे हैं, उस पर भी दृष्टिपात करें। मरन धर्मा मनुष्य का जीवन फसल की भांति समय पर पकता और जर्जर होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है और पुनः काल क्रमानुसार उत्पन्न होता है। पुत्र के ऐसे ज्ञानमयी वचन सुन कर पिता हृदय से लगा उसे यम के पास जाने की आज्ञा दे देते हैं। नचिकेता यम के द्वार (श्मशान) में तीन दिवस और रात्रि तक निराहार प्रतीक्षा करता है। बालक के निश्चल भक्ति व समर्पण से द्रवीभूत हो यमदेव नचिकेता के समक्ष प्रकट होकर पूछते हैं कि हे बालक इस अल्पायु में तुम क्यों मुझ मृत्यु (यम) से साक्षात्कार करना चाहते हो। नचिकेता यमदेव को पिता के वचन सहित सारा वृत्तांत कह देते हैं। वचन सुनकर यम देव बालक को भूख प्यास से पीड़ित जान कर आतिथ्य न देने के दोष से दुखी होकर क्षमा माँगते है।

श्री होलेश्वर कुमार देशमुख
शोधार्थी, हिन्दी,
शोध केंद्रः शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनादगांव (छ.ग.)

उन्होंने नचिकेता से कहा वत्स, तुम तीन रात्रियाँ भूखे रहे हो, अतः मैं तुम्हें तीन वरदान देता हूँ। पहला वरदान : मेरे पिताजी मुझ पर प्रसन्न हों और जब मैं लौटूं, तो मुझे प्रेम से अपनाएँ। यमराज ने यह वरदान तुरन्त स्वीकार किया। दूसरा वरदान : मैं स्वर्गलोक की अग्निविद्या जानना चाहता हूँ, जिससे मैं यज्ञ के माध्यम से पुण्य प्राप्त कर सकूँ। यमराज ने अग्निविद्या सिखाई, जो नचिकेता अग्नि के नाम से प्रसिद्ध हुई। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण वरदान : मृत्यु के पश्चात आत्मा कहाँ जाती है? क्या आत्मा अमर है? क्या मृत्यु के बाद भी जीवन है?

यमराज बोले – यह प्रश्न अत्यंत कठिन है, इसे देवगण भी नहीं समझ पाए हैं। इसके बदले तुम धन, राज्य, सुख, सुंदर अप्सराएँ, दीर्घ जीवन–जो चाहे वह माँग लो, पर यह प्रश्न मत पूछो।

नचिकेता ने निडर होकर उत्तर दिया– हे देव! ये सब क्षणिक सुख हैं। मुझे सांसारिकता का लोभ नहीं है। मुझे केवल आत्मा और मृत्यु के रहस्य का ज्ञान चाहिए। मैं तो केवल आप से ब्रह्म तत्व का उपदेश प्राप्ति हेतु निवेदन करता हूं, परंतु बार-बार यम के लौट जाओ कहने पर नचिकेता हट करता है तो यमदेव उसे बहुत प्रकार से पुनः सांसारिक भोग पदार्थों व सुख आदि का प्रलोभन देते हैं, ताकि वह बालक के दृढ़ इच्छाशक्ति को माप सके। परन्तु बालक की दृढ़ता और उसके ज्ञान प्राप्ति की ललक को देखकर यमदेव कहते हैं कि हे बालक में तुम्हारी इस भक्ति और साहस से प्रसन्न हूं। यमराज कहते हैं - हे नचिकेता! आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है। यह नित्य, शाश्वत, अजन्मा और अविनाशी है। शरीर का नाश होता है, पर आत्मा अमर रहती है। जिसने आत्मा को जान लिया, वह मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। श्रेय (कल्याण) का मार्ग व सांसारिक भोग पदार्थों का मार्ग दोनों दिवस और रात्रि की भांति पृथक हैं। भिन्न-भिन्न परिणाम देने वाले दोनों मार्ग जीव को अपनी अपनी ओर खींचते रहते हैं, जो योग मार्ग में चलते हैं वह मोक्षरूपी परम शांति को पाते है और भोग मार्ग के पथिक जो सांसारिक भोगों इंद्रिय सुख के दलदल में गिरकर जीवन मृत्यु के चक्कर में फंस कर मानव जीवन के महान उद्देश्य से भटक कर पतन को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार यम ब्रह्म तत्व का विस्तार से वर्णन करते हैं और सारे रहस्य से अवगत कराते हैं।

यम कहते हैं कि ब्रह्म और जीव के मध्य में यह माया स्थित होती है और जो जीव समय रहते इस गुरु कृपा से ईश्वरत्व को प्राप्त कर लेता है। वह दुर्लभ ब्रह्म ज्ञान द्वारा ब्रह्म साक्षात्कार कर उसकी सान्निधता प्राप्त कर स्वयं ईश्वर हो जाता है।

यह ज्ञान सभी मनुष्यों के लिए ईश्वर प्रदत्त है। परंतु जीव माया के वशीभूत होकर सत्य को जान नहीं पाता और जन्म-जन्मांतर तक अज्ञानता के अंधकार में भटकता रहता है। अतः गौरी, गायत्री, गीता, गंगा और गुरु यही इस कलिकाल में प्रत्यक्ष ज्ञान दने वाले पांच मूल तत्व हैं। इनकी सानिध्यता में सहज ही आत्म तत्व का बोध हो जाता है। यम नचिकेता संवाद के माध्यम से दो मूल उद्देश्य प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। प्रथम दान की महिमा को स्थापित करना। दान के निमित्त उन पदार्थों का दान करना जो आपको अति प्रिय है, परंतु इसके विपरीत उन पदार्थों का दान किया जो न तो उनके लिए उपयुक्त थी और ना ही समाज के लिए हितकारी। हम भी जीवन में समाज, परिवार व ईश्वर से बहुत कुछ चाहते हैं परंतु क्या हमने उनके प्रति उन कर्तव्यों को निभाने का प्रयास किया जो अनिवार्य है, नहीं? लोभ के वशीभूत होकर उनसे छल करते हैं और त्याज्य वस्तुएं भेंट कर इष्ट तत्वों की कामना करते हैं जो निरर्थक है।

ऋषि वाजश्रवा की भांति निंदा, अपयश और नरक को देने वाला यह कर्म है। अतः हमें ऐसे घृणित कर्म से बचना चाहिए और जो हमारे सामर्थ में हो उसे ही श्रेष्ठता पूर्वक दान करने का प्रयास करें। यह सदैव स्मरण रखें कि हम जो देते हैं वही हमें कई गुना प्रकृति से प्राप्त होता है अतः श्रेष्ठ देने का प्रयास करना चाहिए ताकि ईश्वर से हम श्रेष्ठ पाने के अधिकारी बने सकें और दान दें तो दान का यश पाने का प्रयास ना करें। जिस प्रकार ईश्वर हमें सब कुछ देता है परंतु स्वयं इससे निर्लिप्त रहता है उसी प्रकार मनुष्य को भी दान देने के अहम् भाव से बचना चाहिए। तभी इसमें दान की विशिष्टता है दान की महिमा है।

दूसरा जीवन मुक्ति का साधन अर्थात 5 वर्ष का बालक नचिकेता अल्पायु में ही इतनी समझ व ज्ञान रखता है कि उसे इस जीवन में जीव और ब्रह्म की सक्रियता का भान हो जाता है। निश्चित ही यह उसके श्रेष्ठ कर्म व पूर्वजों की कृपा व संस्कारों का परिणाम है जो वह आत्म तत्व को अनुभूत करने की इच्छा रखता है परंतु कितने लोग ऐसा सोचतें हैं। बालक को तो छोड़िए बड़े बुजुर्ग व्यक्ति भी संसार को त्यागना नहीं चाहते और निरंतर भौतिक सुखों की चाह में अनेक दुष्कर्म करने से चूकते नहीं है परंतु एक बात भूल जाते हैं कि कर्म का सिद्धांत जैसा कर्म रहेगा वैसा ही फल की प्राप्ति होगा अतः इस मानव जीवन के महत्व को जानकर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के द्वारा ईश्वर चिंतन करते हुए मोह से मुक्त हो और नचिकेता की भांति जीवन मुक्ति का आनंद अनुभूत करें।

नचिकेता जब ज्ञान प्राप्त कर लौटा तब वह केवल एक बालक नहीं, बल्कि एक आत्मज्ञानी ऋषि बन चुका था। नचिकेता आज भी भारतीय ज्ञान परंपरा में एक ऐसे जिज्ञासु का प्रतीक है, जिसने सत्य की खोज में मृत्यु तक की यात्रा कर डाली।

संदेश : जो जिज्ञासु है, जो सत्य के लिए समर्पित है, और जो क्षणिक सुखों के बदले शाश्वत ज्ञान चाहता है–वही नचिकेता है।

न्यूज गैलरी

नवागढ़ प्रवास पर रहे गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह

नवागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल रविवार को नवागढ़ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से सौजन्य मुलाकात की। श्री पटेल ने गौसेवा से जुड़ी योजनाओं एवं सरकार की प्रतिबद्धताओं की जानकारी दी और लोगों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। श्री पटेल ने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम भी है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण दत्त दुबे एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

वेतन आश्वासन मिलने ही कार्य पर लौटे विद्युत कर्मचारी

भाटापारा/नवप्रदेश। छ.स्टे.पा. डि. कंपनी लिमिटेड भाटापारा संभाग के अंतर्गत आउटसोर्सिस ठेकेदार मनविश्राम साहू रायपुर के द्वारा भाटापारा 1,भाटापारा 2, निपनिया,सुहेला,हथबंद वितरण केन्द्र के ठेका कर्मचारियों को वेतन नही मिलने के कारण काम बंद हड़ताल का ज्ञापन कार्यपालन यंत्री भाटापारा को सौपा गया था, तथा 15 मई से काम बंद हड़ताल कर दिया था 7 उक्त कर्मचारियो को कार्यपालन यंत्री व्ही. के. राठिया, सहायक यंत्री वासुदेव साहू एवं एस. आर. पटेल के द्वारा 5 दिवस के भीतर वेतन उपलब्ध कराने का आश्वासन मिलने पर 18 मई की शाम से सभी कर्मचारी अपने अपने कार्य पर लौट गये है 7 सभी कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर मिडिया का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम घुंचापाली स्थित बुढ़ादेव देवालय मंदिर समिति व सुअरमार राज अध्यक्ष एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में तथा भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के मुख्य आतिथ्य में बुढ़ादेव देवालय परिसर में समाज जनों की उपस्थिति में 18 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। भीखम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू सहित, छ.ग.प्रांतीय उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कमलेश ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत घुंचापाली देव बरिहा, उपसरपंच श्रीमती कुमुदिनी चंद्राकर, संरक्षक नैकु ठाकुर, चंदाराम सोरी, हीरा साहू, अजय ध्रुव, मन्नू ध्रुव, सोनू मरई, देवसिंह मरई, संचालक संतोष ध्रुव, ओम प्रकाश ध्रुव संरक्षक युवा प्रभाग, संतोष ध्रुव उपाध्यक्ष युवा प्रभाग, पुनीत ध्रुव ,चिंताराम नेताम, पुरन ध्रुव, बेदराम ठाकुर, भाजपा कार्यकर्ता हीरालाल साहू, कुबेर यदु,सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

बास्केटबॉल इंडिया कैंप चेन्नई के लिए दिव्या का चयन

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल कोचिंग कैंप ऑफ इंडिया अंडर 16 वुमेन नेशनल बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा 18 मई से 11 जून तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महासमुंद जिले की बास्केटबॉल बालिका खिलाड़ी दिव्या रंगारी इमलीभाठा का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ है। दिव्या ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम से खेलते हुए सबसे अधिक अंक बनाए थे। छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने चैंपियनशिप में 4था स्थान हासिल किया था। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर दिव्या का चयन किया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा नगर में आज शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता का जश्न मनाया गया। यात्रा में पालिका के अधिकारी कर्मचारी, नगर के नागरिक गण शामिल हुए और जमकर देशभक्ति के नारे लगाए। शहर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा।

हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटना के जवाब में भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफ्लता के समर्थन में नवापारा नगरपालिका के तत्वावधान में शहरवासियों ने एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में युवा, बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल हुए।

यात्रा की शुरुआत नगरपालिका से की गई जो शहर के बसस्टैन्ड, सदर मार्ग से होते हुए नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में समाप्त हुई। इस दौरान पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारों से जोश और गर्व का माहौल बना रहा। यह यात्रा केवल एक शोभा यात्रा नहीं थी, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति जनमानस की अटूट आस्था, गौरव और समर्थन की अभिव्यक्ति बनकर उभरी।

सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सेना के शौर्य और पराक्रम को सम्मानित करने का जरिया है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत और स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपनी एकता, संप्रभुता और अखंडता के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। हमारे वीर सैनिक हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं। इस यात्रा से नगर में देशभक्ति की भावना और गहराई से स्थापित होगी। नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सुरक्षा एजेंसियों का एक सशक्त जवाब है। खासतौर पर जिस बहादुरी से 'कर्नल सोफ्यिा कुरैशी' ने इस मिशन को अंजाम दिया, वह सराहनीय है। हमें उन पर गर्व है।

सीएमओ प्रदीप मिश्रा, उप अभियंता शिव कुमार गर्ग, राजस्व निरीक्षक निखिल चंद्राकर, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पार्षद सहदेव कंसारी, तरुण कंसारी, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहर, अर्जुन साहू, पूजा कंसारी, जग्गू यादव, दीपाली राजपूत, अजय साहू, राजू साहू, रवि शंकर साहू, देवेन्द्र सेन, नंदिनी साहू, लक्ष्मी, नवीन सहित नपा के समस्त अधिकारी कर्मचारी, मणिकंचन की बहनें सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

4 करोड़ की ऑनलाइन ठगी का बड़ा खुलासा, फर्जी बैंक खाता खोल कर करते थे ट्रांजेक्शन

10 आरोपी गिरफ्तार

राजिम/नवप्रदेश। थाना राजिम में फर्जी खाता खोल कर रुपयों का लेने-देने करने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी आरोपी ठगी के पैसों का लेनदेन करते थे। इसके बदले खाताधारक को 5 से 6 हजार रुपए दिए जाते थे। केंद्र सरकार के समन्वय पोर्टल से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। सभी आरोपी नवापारा, राजिम और आसपास के रहने वाले हैं।

दरअसल भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से गरियाबंद जिले की पुलिस को जानकारी मिली कि जिले के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 7 खाताधारकों द्वारा 30.05.2024 से 17.03.2025 तक देश के अलग-अलग राज्यों में धोखाधड़ी के कई मामलों में कुल 4 करोड़ 16 लाख 96 हजार 238 रुपए का लेनदेन किया गया है। इन 7 बैंक खातों का उपयोग ऑनलाइन ठगी की रकम प्राप्त करने और अवैध धन अर्जित करने के लिए किया गया था।

बताया गया कि इन खातों में साइबर ठगी की रकम एक से अधिक बार जमा की गई है। जानकारी मिलने

के बाद राजिम पुलिस ने खाताधारकों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(क), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है। राजिम पुलिस ने इन खाताधारकों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पूछताछ में आरोपियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों से साइबर ठगी की रकम अपने खातों में प्राप्त करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि इसके बदले में उन्हें 5 से 6 हजार रुपए दिए जाते थे।

अपने बैंक खाते को दूसरों के साथ साझा न करें

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अवैध धन कमाने के लालच में अपने बैंक खाते को किसी दूसरे को किराए पर देना या बेचना अपराध है। ऐसे कृत्यों से बचें और खुद के साथ दूसरों को भी संदेश दें।

मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है इनमें राधा साहनी पिता तुलसीराम साहनी (43 वर्ष) देवारपारा राजिम।

युवराज आदिल पिता स्व. धनीराम (30 वर्ष) शास्त्री चौक, बकली थाना राजिम।

बांकेबिहारी निषाद पिता गोपालराम निषाद (24 वर्ष) वार्ड नं. 19 नवापारा थाना नवापारा।

कुंजबिहारी निषाद पिता गोपालराम निषाद (30 वर्ष) वार्ड नं. 19 नवापारा थाना नवापारा।

रवि सोनकर पिता संतुराम सोनकर (33 वर्ष) बगदेहीपारा नवापारा थाना नवापारा।

पवन कुमार मिरी पिता मोहन (28 वर्ष) वार्ड नं 9 सतनामीपारा बकली थाना राजिम।

मोहनीश कुमार टाण्डिया पिता नरेश कुमार टाण्डिया (29 वर्ष) कोतवाल पारा नवागांव (खिसोरा) थाना मगरलोड।

योगेन्द्र कुमार बंजारे पिता राम कुमार बंजारे (29 वर्ष) वार्ड नं. 09 पटेलपारा (खिसोरा) थाना मगरलोड।

हरीश साहू पिता प्रदीप कुमार साहू (31 वर्ष) वार्ड नं 4 भाठापारा छांटा थाना नवापारा।

रवि कुमार टिलवानी पिता स्व. लीलाराम टिलवानी (49 वर्ष) वार्ड नं. महादेव घाट रायपुरा, रायपुर।

10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

राजिम पुलिस ने बताया कि म्यूल बैंक खाताधारक सहित प्रमोटर/ब्रोकर के खिलाफकार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। म्यूल अकाउंट के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह मनी लॉन्ड्रिंग के लिए उपयोग किया जाने वाला खाता है। साइबर ठगी के जरिए ठगी कर कमाए गए पैसों को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर किया जाता है। जिसके लिए बैंक खाते किराए पर लिए जाते हैं।

नक्सलियों के मंसूबों को सुरक्षा बलों ने किया नाकाम

जिला बल गरियाबंद एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ की कंपनी की संयुक्त कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान थाना मैनपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम गौरमुंड के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर रविवार को असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार के नेतृत्व में जिला बल एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ की ऋ कंपनी की संयुक्त टीम गौरमुण्ड के जंगल में अभियान पर रवाना हुए थे।

माओवादियों द्वारा विभिन्न जगह पर कुकर बम सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से

लगाए हुए थे। नक्सलियों के मंसूबो को नाकाम करते हुए सुरक्षा बल के बी.डी.एस. टीम के द्वारा 5 ब्बद्द के 2 आईईडी को सुरक्षार्थ नष्ट किया गया। नक्सलियों द्वारा जंगल में लगाये गये इस आईईडी से नजदीग गांव के ग्रामीणों एवं पशुओं को भी नुकसान हो सकता था।सुरक्षाबलों को सर्चिंग के दौरान जंगल में सोलर प्लेट, वायर, बर्तन जैसे अन्य नक्सल समाग्री बरामद हुए।

रकम दुगुना करने लोगों से ठगी, बड़ी कंपनियों में शेयर धारक होने का दिया झांसा, आरोपी गिरफ्तार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर में रकम दुगुना करने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कई व्यक्तियों से ठगी की है। जिसके खिलाफआवेदन के बाद पुलिस ने कार्रवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अविचल सिन्हा नवापारा निवासी ने सुनील कंसारी निवासी कसेर पारा नवापारा के नाम लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है। अविचल ने बताया कि दिनांक 01 सितंबर 2020 को सुनील कंसारी द्वारा मुझे लोक लुभावनी स्कीम बतायाई गई कि मेरा थोक बर्तन का व्यवसाय है एवं शुभम के मार्ट में शेयर धारक हूं, महफिल रेस्ट्रो राजिम, रोड साइड रेस्ट्रो का शेयर धारक हूं, तथा मेरा दोना पत्तल का भी व्यवसाय है जिस पर आप निवेश करेंगे तो रकम दुगुना करके वापस दिया जाएगा।

जिसके बाद विश्वास करते हुए अविचल ने सुनील कंसारी को 01 सितम्बर 2020 से 01 जुलाई 2024 तक अलग अलग 9,00,000 नगद एवं 6,94,390 रूपये ऑनलाइन

माध्यम से दिया गया। कुछ दिनों बाद लागतार पैसा वापस करने की मांग करने पर सुनील कंसारी द्वारा वापस करने से मना किया गया। जिसके बाद अविचल को ठगी का अहसास हुआ।

इसके बारे में अविचल ने नवापारा, राजिम के अपने परिचितों से चर्चा की तो पता चला कि सुनील कंसारी ने ऐसे ही चंद्रशेखर पटेल राजिम, लेखराज साहू, भरत साहू, अभिनव यदु, सतीश सिन्हा, वरूण कंसारी, रजत पांडे, चंद्रिका साहू, पकंज सिंह चौहान और अन्य कई लोगों से भी ठगी की है और उनका पैसा भी नहीं लौटाया है। तब अविचल ने सुनील कंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सुनील कंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुख्ता सबूत मिलने के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत केस दर्ज कर आरोपी सुनील कंसारी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

56 किलो गांजा के साथ तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सभी थाना प्रभारी को थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब, गांजा तस्करी बिक्री पर अंकुश लगाने के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उसके परिपालन में थाना प्रभारी देवभोग के द्वारा अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय करने के साथ थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था । जो 16 मई को पेट्रोलिंग करते हुए देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग की ट्रिबर वाहन क्रमांक ह्र्ष्ठ 08ङ्क 6752 में तीन व्यक्ति बोरी में गांजा रखकर धरमगढ़ उड़ीसा से खूटगांव की ओर आ रहे हैं कि सूचना प्राप्त हुआ। सूचना तस्दीक पर हमारा स्टाफ के मुखबिर द्वारा बताए गए घटनास्थल पर पहुंचकर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका कर चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान ट्रिबर वाहन क्रमांक ह्र्ष्ठ 08ङ्क 6752 में पीछे सीट में दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में गांजा मादक पदार्थ पाया गया जिसे समक्ष गवाहन के तौल करने पर

56 किलो 660 ग्राम गांजा मादक पदार्थ कीमती 05 लाख 65 हजार रुपए गांजा एवं परिवहन करते उपयोग मे लाए गए वहां ट्रिबर वाहन क्रमांक ह्र्ष्ठ 08ङ्क 6752 कीमती 06 लाख रुपए, कुल जुमला 11 लाख 65 हजार रुपए को समक्ष गवाहन के कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का नाम पता पूछने पर अपना नाम नीलांबर नायक निवासी जयपटना (उड़ीसा), गणेश नायक निवासी भलीहाजोर (उड़ीसा), बलभद्र नायक ग्राम बड़पोडागुड़ा (उड़ीसा) का रहने वाला बताया। आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने से आरोपियों के अपराध धारा 20 (ख) (द्धद्धद्ध) (ष्ट) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अभी बेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। *गिरफ्तार आरोपी - 01. निलाम्बर नायक पिता लक्ष्मण उम्र 25 वर्ष साकिन पीपलगुड़ा थाना जयपटना थाना आमपानी जिला कालाहाण्डी (उडिसा)

02. गणेश नायक पिता रामनाथ नायक उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम भलीहाजोर थाना आमपानी जिला कालाहाण्डी (उडिसा)

03. बलभद्र नायक पिता शिवराम नायक उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बडपोडागुड़ा थाना आमपानी जिला कालाहाण्डी (उडिसा)।

पेज 1 का शेष

छत्तीसगढ़ के तीन समेत...

चीफ सेक्रेटरी को इस आशय का पत्र भेजा है। छत्तीसगढ़ के तीन जिलों की जांच के लिये कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के डायरेक्टर अमित कुमार अग्रवाल को केंद्रीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच के लिये कुल 318 गांवों में चल रही जल जीवन योजनाओं को चिन्हित किया गया है। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में गड़बड़ी, भ्रष्टाचार और अधूरे कार्यों के कारण ग्रामीणों के घरों तक पानी सप्लाई न होने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद जांच कराने का फैसला किया गया है।

केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी राज्य और जिला स्तर पर तकनीकी अधिकारी, भूजल वैज्ञानिक और इंजीनियरों की टीम के साथ जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चिन्हित इलाकों का दौरा करेंगे। केंद्रीय नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की भी समीक्षा करेंगे। इन जिलों में चल रही योजनाओं से जुड़े एक-एक बिंदु की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। योजना के तहत हुए कार्यों के फोटोग्राफ्स लेकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

केंद्रीय नोडल अधिकारी कार्य स्थल पर जाकर पीएचई के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा कराए गए कार्यों की पड़ताल करेंगे। योजना के तहत हुए कार्यों की अपडेटेड रिपोर्ट को क्रास चेक किया जाएगा। योजना पूरी हुई है या नहीं, इसे सत्यापित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में जल जीवन...

बेमेतरा जिले में केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन, स्वच्छ जल प्रदाय योजना के अंतर्गत कुल 485 पानी टंकी का निर्माण स्वीकृत है। अब तक 338 पानी टंकी का ही निर्माण हो पाया है। इनमें से 100 से ज्यादा टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। कई गांवों में पीएचई विभाग की देखरेख में बिछाई गई पाइप लाइन टूट-फूट गई है। कई गांव ऐसे है जहां पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है, लेकिन बोर खनन न होने के कारण अधिकांश टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

आग ने मचाया उत्पात...

का दौरा किया और अग्निशमन विभाग के महानिदेशक नागी रेड्डी और दक्षिण क्षेत्र की पुलिस उपाधीक्षक (डीसीपी) स्नेहा मिश्रा से जानकारी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना सुबह 6:16 बजे मिली और टीमों ने तुरंत कार्रवाई की। हालांकि मदद पहुंचने तक कई पीड़ित गंभीर रूप से जख्मी हो चुके थे, लेकिन त्वरित प्रतिक्रिया से जानमाल के और नुकसान को रोकने में मदद मिली। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूरी जांच की जाएगी और पुष्टि की कि प्रारंभिक निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि यह एक दुर्घटना थी और इसमें किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है।

आतंक और व्यापार एक साथ ...

अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल मार्च में हिस्सा लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, स्थानीय विधायक, भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा यहां के शिक्षक और प्राथमिक एवं माध्यमिक विभागों के पदाधिकारी शामिल थे।

कक्षा दसवीं के लिए रोबोटिक्स....

के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए एआई लर्निंग को अब कक्षा 8, 9 और 10 के लिए आईसीटी पाठ्यपुस्तकों में भी शामिल किया गया है। लिटिल केआईटीआईएस (विद्यार्थियों के लिए केरल का आईटी क्लब) के लिए संचालित रोबोटिक्स पाठ्यक्रम से प्राप्त व्यावहारिक अनुभव ने सभी दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए इस व्यापक रोलआउट को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केरल सरकार के सामान्य शिक्षा विभाग की तकनीकी शाखा, केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन (केआईटीई) ने इस पाठ्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पहले ही राज्य भर के हाई स्कूलों में 29,000 रोबोटिक किट वितरित कर दिए हैं। पाठ्यपुस्तक में प्रारंभिक व्यावहारिक गतिविधि छात्रों को प्रदान की गई रोबोटिक किट से घटकों का उपयोग करने की चुनौती देती है - जैसे कि अर्डुइनो ब्रेडबोर्ड, आईआर सेंसर, सर्वो मोटर्स और जम्पर वायर - एक स्वचालित सैनिटाइज़र डिस्पेंसर बनाने के लिए जो हाथ का पता लगाने पर सक्रिय हो जाता है। आगे बढ़ते हुए, विद्यार्थी एआई संचालित स्मार्ट होम ऑटोमेशन सिस्टम बनाने में भी जुटेंगे, जिसमें फेस-रिकग्निशन-सक्षम स्मार्ट दरवाज़े शामिल हैं।

खुले में फेंकी गई सरकारी ...

नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

संलिप्तों की पहचान के लिए जांच जारी

प्रशासन ने इस गंभीर मामले की आपराधिक जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कोरिया को पत्र जारी कर एफआईआर दर्ज करने व विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। नाले के पास फेंकी गई अन्य दवाइयों के स्रोत व संलिप्त व्यक्तियों की पहचान के लिए पुलिस जांच जारी है।

पहलगाम हमले से पहले गई ...

पाकिस्तान की यात्रा की। पाकिस्तान में दानिश के कहने पर उसके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने ज्योति के ठहरने व घूमने का प्रबंध करने के साथ उसकी मुलाकात पाकिस्तानी इंटेलीजेंस के अधिकारियों से कराई। ज्योति ने पुलिस को बताया कि दानिश के कहने पर वह पाकिस्तानी इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के शाकिर उर्फ राणा शाहबाज से मिली और उसका मोबाइल नंबर भी लिया।

पिता बोले- बेटी बेकसूर

ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि उनकी बेटी बेकसूर है। वह पाकिस्तान गई थी, लेकिन उसने कोई गलत काम नहीं किया। वह पाकिस्तान सरकार से वीजा लेकर गई थी। उनकी बेटी को फंसाया जा रहा है। उनके घर कभी कोई पाकिस्तानी नहीं आया। न ही कभी किसी पाकिस्तानी ने फोन किया।

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संजू चन्द्रवंशी आ. शिवप्रसाद चन्द्रवंशी निवासी ग्राम- सागोना तह. कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) के हक व कब्जे की ग्राम कवर्धा प.ह.न. 02 रा.नि.म. कवर्धा तह. कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. मैने दिनांक 21/07/2022 को ग्राम- सागोना स्थित भूमि खसरा न. 31/31 रकबा 0.013 हे. भूमि श्री टीकाराम चन्द्रवंशी आ. शिवप्रसाद ने हक त्यागकर्ता श्री संजू चन्द्रवंशी आ. शिवप्रसाद चन्द्रवंशी के पक्ष मे किया था टीकाराम संजू चन्द्रवंशी आ. शिवप्रसाद ने श्रीमति मथुरा बाई पति सुरेश कुम्भकार से कय किया था, उपरोक्त भूमि के क्रय करते समय विक्रेता श्रीमति मथुरा बाई पति सुरेश कुम्भकार से कय की गई पजीकृत बैनामा दिनांक 12/02/2014 की मूलप्रति प्रति जिसका पजीयन कमाक 5141 एव पुस्तक क्रमाक अति-1/7590 एव श्रीमति मथुरा बाई पति सुरेश कुम्भकार के द्वारा कय किया गया पजीकृत बैनामा दिनाक 26/04/2004 जो श्यामशंकर आ. जगन्नाथ महापात्र आ. मुक्त्यिार पूर्णन्दुशंकर आ. जगन्नाथ से कय किया था उपरोक्त भूमि हक त्याग करते समय श्री टीकाराम चन्द्रवंशी आ. शिवप्रसाद ने मुझे दिनाक 21/07/2022 को मुझे सौप दिया था। उपरोक्त दस्तावेज मेरे से कही गुम हो गया है अत्यन्त खोजबीन के पश्चात भी जब उपरोक्त दस्तावेज मुझे नही मिला, उपरोक्त दस्तावेज मेरे से कही गुम हो गया है। काफी दिन तक खोजबीन करने के बाद भी उपरोक्त दोनो पंजीकृत बैनामा आज तक मुझे नही मिला, पैसा लगता है कि साफ सफाई के दौरान कचरे मे उपरोक्त दस्तावेज घर के बाहर कही फेका गया है तब उपरोक्त दस्तावेज के गुम होने की सूचना दिनाक 16/05/2025 को थाना कवर्धा मे मेरे उपरोक्त पक्षकार के द्वारा किया गया है। उपरोक्त भूमि पूर्व में यदि हकत्यागकर्ता एव हकत्याग ग्रहिता एव केता या विक्रेता के द्वारा किसी व्यक्ति वित्तीय सस्था या किसी साहूकार के समक्ष उपरोक्त भूमि को बंधक रखकर ऋण लिया गया हो तों इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना दावा एव आपत्ति मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत कर सकते है उपरोक्त अवधि के पश्चात दावा आपत्ति शून्य एव नाजायज माना जावेगा। जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। तदनुसार सूचना जाने।

सुधीर पाण्डेय (अधिवक्ता)
निवास- काली मंदिर के पास
बिलासपुर रोड कवर्धा तह. कवर्धा
जिला कबीरधाम (छ.ग.)
मो. 9685203020

परमार्थ सेवा समिति ने किया एक और सराहनीय पहल शीतला माता मंदिर के प्रांगण की गई साफ-सफाई

नगरी/नवप्रदेश। परमार्थ सेवा समिति नगरी द्वारा शीतला माता मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाजसेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, चमन साहू,, दयाशंकर साहू भोज राज साहू ,संजय निर्मलकर ,आकाश पंजाबी, केशव पटेल पूर्व पार्षद भूपेंद्र साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने श्रमदान करते

हुए मंदिर परिसर की साफ-सफाई की और साफ-सुथरे वातावरण के लिए समाज को प्रेरित किया।

संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। परमार्थ सेवा समिति के संयोजक ने नगरी नगर के धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन किया है कि, अपना मूल्य समय प्रदान कर परमार्थ कार्य में सहयोग प्रदान करने की कृपा करे ,यह पहल समाज में श्रम की गरिमा और सेवा भाव को दर्शाती है।

महासमुंद से तुमगांव रोड चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शनिवार को महासमुंद से तुमगांव रोड चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। मार्ग के चौड़ीकरण से लोगों को काफी राहत मिलेगी। गुलशन चौक में मार्ग चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि केंद्र और राज्य में हमारी भाजपा की सरकार हमेशा जनहित में कार्य कर रही है। लोगों की मांग और समस्या को देखते हुए ही अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आगे कहा कि

काफी समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। शासन द्वारा कार्य स्वीकृत होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका भूमिपूजन किया था। कुल 19.86 करोड़ रुपए की लागत से 9.65 किलोमीटर लंबाई तक कार्य होगा। इसमें पुल, पुलिया सहित चौड़ीकरण कार्य होगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, वरिष्ठ नेतागण प्रकाश शर्मा, संदीप घोष, हरवंश सिंह, रोहित चंद्राकर, राधेश्याम साहू, राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, पप्पू ठाकुर, गोविंद ठाकुर, भगवती करकसे, सुनैना ठाकुर, माखन पटेल, सीता डोंडेकर, पीयूष साहू, अमित साहू, सुनीता साहू, विजय साहू, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, रामेश्वर पटवा सहित अन्य उपस्थित थे।

सघन आबादी वाले क्षेत्र से गुजरता है मार्ग

महासमुंद से तुमगांव की ओर जाने वाली सड़क काफी व्यस्ततम है। शहर की करीब 40 प्रतिशत आबादी नयापारा, अयोध्या नगर और इमलीभाठा में निवासरत है, उनके लिए यह मुख्य मार्ग है। इसके चौड़ीकरण से काफी सुविधा हो जाएगी। वहीं इस मार्ग के आसपास कई स्कूल भी आते हैं, स्कूली बच्चों को भी आवाजाही में आसानी होगी।

बेटियों ने दी पिता को मुखाग्नि फर्ज निभाता देख रो पड़े लोग

■ **बेटियों ने पिता की अंतिम इच्छा की पूरी**

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। बेटे ही नहीं बेटियां भी आज के समय में बेटों की तरह माता - पिता के प्रति पूरा फर्ज निभाती हैं। बेटों की ओर से की जाने वाली धार्मिक रस्मों को निभा रही हैं। पहले पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दें सकता था। बेटियां चिता को आग नहीं लगा सकतीं। इस रूढ़िवादी सामाजिक सोच से ऊपर उठकर बेटी अदिति, मुस्कान और श्रुति ने रविवार को अपने पिता का अंतिम संस्कार किया। जब बेटियों ने अंतिम संस्कार किया तो वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखों में आंसू आ गए।

दरअसल स्थानीय दिगम्बर जैन समाज के सुश्रावक संजय राजू जैन का लंबी बीमारी के उपरांत 18 मई, रविवार को दोपहर 12.30 बजे देह परिवर्तन किया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। संजय राजू जैन की तीन बेटियां अदिति, मुस्कान और श्रुति हैं।

पिता की अंतिम इच्छा भी यही थी कि मेरी बेटियां ही मेरा अंतिम संस्कार करें। तीनों बेटियों ने अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी करते हुए विधि विधान पूर्वक पिता का अंतिम संस्कार किया।

बेटियों ने विधि-विधान के साथ निभाई रस्म

जब अंतिम यात्रा निकाली तो तीनों बेटियां,

दोनों बहनें रजनी और रंजना तथा दामाद हिमांशु आगे आए और अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया। यही नहीं बेटियां घर से लेकर मुक्तिधाम तक पिता की शव यात्रा के साथ गई। श्मशान घाट में बेटियों ने पूरे रीति रिवाज के साथ पिता को मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। वहीं बेटियों ने अपने दिल को कड़ा कर सभी रस्में निभाई। बेटियों ने कहा कि उनके पिता उन्हें बेटा ही मानते थे। आज उन्होंने अपने अधिकार को पूरा किया।

धर्मनिष्ठ होकर जीवन जिया

संजय राजू जैन का जीवन बहुत ही धर्म पूर्वक बीता। धर्म के प्रति विशेष रुचि थी। उन्होंने पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को अपना गुरु मानकर त्यागियों सा जीवन जिया। उन्होंने कुछ वर्षों तक समाज के बच्चों में संस्कार का बीजारोपण करने धार्मिक पाठशाला का भी कुशल संचालन किया। स्वयं स्वाध्याय करते थे और नियमित रूप से समाज के लोगों को स्वाध्याय करते थे। सभी साधु संतों के प्रति अटूट सेवा भाव था। उनके आहार, विहार और निहार की सभी क्रियाओं में प्रथम पंक्ति में रहते थे।

अतिरिक्त एसपी की उपस्थिति में नगरी सिहावा दुगली-मेचका क्षेत्र के 100 मालवाहक वाहन मालिकों की बैठक

नगरी/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए,सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसडीओपी. नगरी) शैलेन्द्र पाण्डेय के उपस्थित में थाना नगरी, सिहावा, दुगली, मेचका क्षेत्र के 100 मालवाहक वाहन मालिकों का बैठक शनिवार को लिया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों वाहन संचालन के कानूनी प्रावधानों तथा यातायात जागरूकता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि, मालवाहक वाहन में यात्रियों का परिवहन नहीं करना है, वाहन चलाने के दौरान चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट करता है जिससे जन हानि होती है तो ऐसे परिस्थितियों में चालक के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। चालक के पास वैध ड्राइविंग लायसेंस एवं वाहन का बीमा होना

अनिवार्य है। वाहन का कागजात दुरूस्त एवं अपडेट रहना चाहिए, वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक नही चलाना है। हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना है। यदि कोई भी मालवाहक वाहन में सवारी ढोते हुए नियम तोड़ता और वाहन से कोई गंभीर दुर्घटना घटित होती तो वाहन मालिक को भी सह आरोपी बनाया जा सकता है और वाहन का परमिट रद्द करने के साथ वाहन चालक का ड्रायविंग लायसेंस निरस्त करने हेतु परिवहन विभाग को भेजा जायेगा।

बैठक में बताए दिये गये निर्देशों को अन्य वाहन मालिको और चालको को भी बताकर यातायात नियमों का पालन करने निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में यातायात नियमों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिये ग्राम सिहाद में आयोजित समाधान शिविर में आये ग्रामीणों को प्रधान आरक्षक देवेन्द्र गजेन्द्र के द्वारा यातायात जागरूकता संबंधित पम्पलेट वितरण कर दिये गये निर्देशों का पालन करने अपील की गई। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय, थाना प्रभारी नगरी शरद ताम्रकर, थाना प्रभारी सिहावा लेखराम ठाकुर, थाना मेचका प्रभारी राधेश्याम बंजारे,थाना प्रभारी दुगली सउनि.प्रकाश नाग उपस्थित रहें।

■ न्यूज गैलरी

करैहा में निकली तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत करैहा में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य आतंकवाद पर भारत की कूटनीतिक और रणनीतिक जीत, आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के साहस,सौर्य व बलिदान को नमन करना था। यात्रा में सरपंच राधेश्याम नेताम, उपसरपंच सखा राम गंजीर, सचिव रामभरोस यादव, रोजगार सहायक दिनेश मंडावी, वार्ड पंच तोरण मंडावी, गोकुल राम मरकाम, पुर्णिमा नेताम, संतोषी सलाम,किरण साहू, शंकर लाल, किशोर मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। कार की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। मामले में बसना थाने में रिपोर्ट कराई गई है। पुलिस को गौरटेक थाना बसना निवासी वेदप्रकाश कानूनगो (19) ने बताया कि 15 मई को उन्हें पता चला कि पिताजी व दादी का नेशनल हाईवे 53 पर पौंसरा में दुर्घटना हो गई है। सूचना मिलने पर वह घटनास्थल आया तो देखा कि बाइक क्षतिग्रस्त हालत में सड़क किनारे पड़ी थी। पिताजी व दादी का शासकीय अस्पताल बसना में इलाज चल रहा है। वहां बैठे बड़े पिताजी के लड़के पंकज बंछोर ने बताया कि पिताजी लिंगराज बाइक में दादी को पीछे बैठाकर बसना की ओर आ रहे थे, नेशनल हाईवे 53 पर पौंसरा में सुबह 8.40 बजे पीछे से आ रही ग्रैंड विटारा कार क्र सीजी 13 बीए 7111 के चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया। आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक सवार एक दंपत्ति को एक अन्य बाइक चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। सांकरा पुलिस ने बताया कि गोपालपुर निवासी राजेंद्र कुमार जगत 25 अप्रैल को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीपी 6458 से पत्नी देवंतीन जगत के साथ केऊदादर से अपने गांव गोपलपुर जा रहा था। परसवानी रोड वन दुर्गा मंदिर ग्राम लारीपुर के पास करीब 4.30 बजे विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 06 एचए 8487 के चालक ने ठोकर मार दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष दो दिन छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आन्दोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन प्रताप गौतम ने दो दिवसीय दौरा कर छत्तीसगढ़ प्रवास में आकरअनेक कार्यक्रम का रूप रेखा दिया गया मजदूरों की लड़ाई लड़ने के लिए जिस तरह से अपने कार्यकर्ताओं को लामबंद कर सड़क से सांसद तक लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मजदूरों के साथ अत्याचार हो रहा है उसे बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह संपन्न

■ **सबका साथ, सबका विकास के भाव से गांव-गांव तक पहुंचेगा विकास-रामू रोहरा**

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम कुर्रा में आज विकास की नई शुरुआत हुई, जब मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क निर्माण की अनुमानित लागत 20 लाख है, जिससे गांववासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में महापौर रोहरा ने कहा : हमारी सरकार का संकल्प है कि गांव हो

या शहर, हर क्षेत्र में समान रूप से विकास हो। 'सबका साथ, सबका विकास' इसी सोच की बुनियाद है, और हम गांव-गांव तक इस भावना के साथ विकास की रोशनी पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम कुर्रा जैसे क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। यह सड़क न केवल विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी बड़ी राहत साबित होगी।

ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए महापौर एवं प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इस कार्य से गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।अमन राव, मुरारी यदु , देहुती साहू , दमयंती साहू, खम्हन साहू, गोपाल साहू, पितेश ठंडन, परमेश्वर साहू,प्रभूराम, धनीराम, पुना राम,जनक बांसकर, मदन साहू,खिलेश्वर, यशवंत, नरेन्द्र , देवव्रत साहू,अजब देवांगन, रिखम राव, गोपीराम,भीषम साहू,एकनाथ साहू,केशव निर्मलकर, ओशक साहू,अमरसिंह, अर्जुन साहू, सहदेव साहू,प्रेमनारायण साहू, श्यामसुदुंर, सरोज साहू आदि।

कैप्सूल टैंकर से गैस की चोरी कर कमर्शियल सिलेंडर में भरता हुआ पकड़ा गया गिरोह का 8 सदस्य

■ **व्यवसायिक 19 किलो सिलेंडर को होटल - ढाबा संचालकों को सस्ते दाम पर देते थे**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में गैस टैंकर से गैस चोरी कर कमर्शियल सिलेंडर में भरते हुए पुलिस ने 8 लोगों को रंगे हाथों पकड़ है। पुलिस ने 4 गैस टैंकर और 2 पिकअप में लोड 130 व्यवसायिक सिलेंडर को जब्त किया है। नेशनल हाईवे 53 पर इस चोरी को अंजाम दे रहे थे।

पटेवा थाना क्षेत्र के चिरको के पास नेशनल हाईवे 53 पर आज सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैस टैंकर से गैस की चोरी करने वाला गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने कैप्सूल गैस टैंकर से गैस चोरी कर के

कमर्शियल सिलेंडर में गैस भरते हुए पाया है। पुलिस चार गैस टैंकर, 2 पिकअप में लोड भारत कंपनी का 130 गैस सिलेंडर के साथ 8 आरोपी को गिरफ्तार किया है। नागालैंड पासिंग चारों गैस टैंकर ओडिशा के पारादीप से रायपुर के सिल्तरा निकले थे। लेकिन नेशनल हाईवे 53 पर चिरको ढाबा के पास टैंकर ड्राइवरों ने रोका। पहले से वहां मौजूद पिकअप सीजी 04 पी जे 3575 और सीजी 04 पी जेड 9485 में लोड भारत कंपनी के 130 गैस सिलेंडर लेकर गिरोह के चार सदस्य इंतजार कर रहे थे। टैंकर में भरा इंडियन कंपनी के गैस को नोज़ल लगा कर भारत कंपनी के कमर्शियल सिलेंडर में भरना शुरू कर दिया। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और गैस की चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने दो गैस टैंकर, दो पिकअप और एक स्कूटी जब्त किया है। इस मामले में पुलिस 8 लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि पकड़ा गया दोनों पिकअप रायपुर के सब्जी व्यापारी हैं। यह सभी होटल, ढाबा मालिकों को सस्ते में व्यवसायिक सिलेंडर मुहैया कराने के लिए अलग-अलग होटल ढाबा से 19 किलो का 130 सिलेंडर इकट्ठा किया था। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं किया है।

हे भगवान! कांग्रेस को सद्बुद्धि दें-आशीष डोंगरे

संविधान बचाओ रैली व भाजपा विरोधी नारे पर दी प्रतिक्रिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा की दिनों दिन बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस बुरी तरह डर गई है। उसे अपने अस्तित्व की चिंता सताने लगी है। अब तो कांग्रेस की मति भी खराब हो गई है। देश की जनता उसे लगातार नकारने लगी है तो उसका कारण भी यही है कि वह अनर्गल बोलती और अनर्गल करती है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि कांग्रेस को सद्बुद्धि दे।

प्रेस को जारी बयान में श्री डोंगरे ने आगे कहा कि कांग्रेस संगठन या उसके नेता- नेत्री भाजपा पर संविधान खत्म करने का मिथ्या आरोप लगाकर

बदनाम करने की चाहे लाख कोशिश कर ले, जनता उस पर यकीन करने वाली नहीं है। श्री डोंगरे ने कांग्रेस द्वारा रैली निकाली जाकर भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी की जाने पर कहा कि संविधान के बिना देश कैसे चलेगा। कांग्रेस ने यह सोचा भी है प्रति क्षण देश हित की सोचने और देश हित में करने वाली भाजपा के बारे में कांग्रेस की यह ओछी सोच ही उसे गर्त में ले जा रही है। जनता से दूर कर रही है। श्री डोंगरे ने कहा कि भाजपा ने देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने तथा इसकी मजबूती के लिये संविधान संशोधन किया है तो देश की जनता ने इस निर्णय का स्वागत भी किया है।

इंडियन ऑयल की पाइप लाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चुराने का प्रयास

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम जगत के एक खेत से गुजरे पारादीप-रायपुर-रांची पाइपलाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी के प्रयास के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड एसईआरपीएल, रायपुर में ऑपरेशन मैनेजर मिथलेश कुमार देवांगन ने शिकायत की है कि वह रायपुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत पारादीप-रायपुर-रांची पाइपलाइन की पाइपलाइन सुरक्षा संबंधित गतिविधियों की निगरानी करता है और उनका कार्य सरायपाली से रायपुर के बीच में बिछी पाइपलाइन की निगरानी करना है। 14 मई की रात 10.16 बजे, पाइपलाइन इंडूजन डिटेक्शन एंड वार्निंग सिस्टम ने चेनिज 517.747 किलोमीटर (एक्स-पारादीप) पर संभावित छेड़छाड़ का अलार्म दिखाया।

विधायक ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतीक्षा साहू को किया सम्मानित

धमतरी/नवप्रदेश। विधायक ओंकार साहू ने प्रतीक्षा साहू को 10वीं बोर्ड परीक्षा में धमतरी विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके घर जल विहार कॉलोनी (रुद्री) पहुंचकर उन्हें सम्मानित कर बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायए दी। जिन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल बठेना धमतरी में पढ़ाई कर 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता त्रिभुवन साहू नरमदा (गुरुर) व माता पिंकी साहू ग्राम मुड़पार के प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक है। विधायक ओंकार साहू नें छात्रा के उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण नें आपको इस मुकाम तक पहुंचायी है। यह परिणाम आपके भविष्य के लिये मजबूत आधार साबित होगा। आगे भी आपको इसी तरह सफलता मिलती रहें। साथ में विधायक महोदय नें छात्रा के माता-पिता व गुरुजनो को भी अच्छे मार्गदर्शन के लिये बधाई दी। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल व्यक्तिगत गौरव बढ़ाती हैं, बल्कि समाज और क्षेत्र के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण होता हैं। उन्होंने प्रतीक्षा साहू की सफलता को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक कहा। मौके पर उनके पिता त्रिभुवन साहू , माता पिंकी साहू , रुद्री सेक्टर अध्यक्ष केशव साहू , उपसरपंच शुभम साहू , पारसमणि साहू , जयप्रकाश साहू , धर्मेंद्र पटेल , उमेश साहू , परिवार जन संजय साहू, शकुंतला साहू , भेमिन साहू , डोमेश्वर राम साहू, चंद्राकला साहू, मानस, भाव्य, हर्षित साथ में अन्य लोग भी उपस्थित रहें।

मेन लाईन व छोटे लाईन के ठेकेदार द्वारा विद्युत पोल गाड़ने में अनियमितता उजागर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड नगरी के आप पास गांव में बिजली विभाग के द्वारा 33 द्म1 तार 11 द्म1 तार एलटी लाईन बिजली पोल खंभा लगाने ठेकेदार को दिया जाता है गांव गुहाननाला के पास गांव के सभी ट्रांसफार्मर लगाने पोल खंडा किया गया जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कंक्रीट ही नहीं किए गए गांव हरदीभाठ से नगरी पुरानी बस्ती खेतों बड़े लाईन का विद्युत पोल लगाया जा रहा जिसमे नाम मात्र कंकृति नहीं डाला गया बारिश के समय पानी भरने से विद्युत पोल झुक जाएगा ऐसा लग रहा है

वहीं द्वारा शासन प्रशासन की नियमों का पालन नहीं के जा रहा है मगर वहीं ठेकेदार द्वारा बिजली खंभे

गड़ाने बिजली पोल के नीचे कंक्रीट करना था मगर वहीं ठेकेदार द्वारा बिजली पोल खंबा खड़े करने के दौरान उस कई जगह पर मिट्टी ही डाल दे रहा है कई जगहों निर्माण कार्य नाम मात्रा का कंक्रीट किया जा रहा है वही इसे देखने ऐसा का लगता वही शायद उच्च विभागीय अधिकारी द्वारा

कार्य स्थल का निरीक्षण को देखने की फुर्सत नहीं है जिसके चलते ठेकेदारदार मनमर्जी के निर्माण कार्य में सामग्री का उपयोग किया ज रहे हैं साथ इसका परिणाम बारिस के मौसम में खेतो में पानी भर जाने के बाद दिखाई देता है जिससे कारण बिजली पोल झूम जाते है आई आंधी तूफान में गिर जाते हैं अपेल और मई माह में पिछले कई दिनों स आंधी तूफान आने के चलते बिजली पोल टूटने लगे साथ-साथ झुकने लगा है साथ कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी देती है

जिसके कई दिनों से गांव गांव से बिजली बंद बहुत हो रही है इससे चलते गमीया की दिनों में काफी परेशानी को सामना करना पड़ रहा है

वही देखने को भी मिल रहा है कई दिनों आंधी तूफान के चलते बिजली खेतों कुछ दिनों खंडा तार टूट रहा है और बिजली झुक रहे कई जगह पर पेड़ गिनने की करण बिजली पोल तार टूट रहा है जिसके चलते विद्युत विभाग कर्मचारियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ है आए दिन भारी आधी तूफान के चलते परेशानी बढ़ गई है नगरी विद्युत विभाग अधिकारी के द्वारा इस संबंध में बातचीत करने पर बताया कि नया काम धमतरी विद्युत के द्वारा किया जाता है कहा गया बेलर विद्युत विभाग अधिकारी से बातचीत करने पर बताया गया कि डीपी के जगह में बोल डर पत्थर डालकर कंक्रीट किया जाता है सभी जगह नहीं किया जाता है कहा।

सुशासन तिहार बनकर रह गया है एक ढकोसला : आशीष छाबड़ा

■ सुशासन तिहार बनकर रह गया हैं सिर्फ एक सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा दिखावा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मनाया जा रहे सुशासन तिहार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सुशासन तिहार सिर्फ एक सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा दिखावा बनकर रह गया है। सुशासन तिहार के नाम पर जहां अवैध वसूली हो रही है, वहीं नतीजा शून्य हैं। शासन द्वारा अब तक यह नहीं बताया गया है कि सुशासन पर्व के दौरान कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा किन-किन विभागों से संबंधित आवेदन थे, उन आवेदनों में कितने आवेदन मांग से संबंधित थे तथा कितने आवेदन शिकायत से संबंधित थे। अगर आवेदन मांग से संबंधित थे तो उनमें से कितनी मांगों को शासन ने पूरा किया और अगर शिकायत से संबंधित आवेदन थे तो उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई। सिर्फ एक सुशासन तिहार के नाम पर शिविर लगाकर सरकारी मशनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है तथा अधिकारी कर्मचारी उक्त शिविर में चलती हुई लू, धूप और गर्मी से परेशान है। वहीं भाजपा के कार्यकर्ता सुशासन तिहार के नाम पर मौज मस्ती कर रहे हैं। जनता की समस्याएं यथावत बनी हुई है। भाजपा के कार्यकर्ता उक्त शिविर में धौस जमाने का काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के नाम पर बेमेतरा जिले में नगरी क्षेत्र में

कितने आवेदन प्राप्त हुए शासन को नगरवार जानकारी देनी चाहिए। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद वार तथा ग्राम पंचायत वार इसकी जानकारी आम जनता को दी जानी चाहिए थी, मात्र समाधान शिविर के नाम पर लूट खसोट मची हुई है तथा शासकीय पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिविर के नाम पर भाजपा केवल अपने पुराने पाप को धोने में लगी हुई है, आम जनता को बदलने फुसलाना का काम सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। आज बेमेतरा जिले की जनता भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किए जा रहे रेत चोरी के कारण पानी की समस्या से बेहाल है। विगत दो माह में शासन आम जनता को पेयजल भी उपलब्ध नहीं कर पा रहा है, सड़के बदहाल हो रही हैं, शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बेमेतरा जिला वापस धरातल में जा चुका है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली नहीं मिल पा रही है, घंटो घंटो पावर कट की समस्या बनी हुई है।

अति आवश्यक सेवाओं का समाधान ना करके प्रशासन सुशासन तिहार बनाने में लगा हुआ है, यही कारण है कि बेमेतरा जिले में कई जगहों पर सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आम जनता की सहभागिता लगभग नहीं के बराबर है। भाजपा वाले जरूर जनता के ऐसे काम जो स्वाभाविक रूप से कार्यालय में किए जाते हैं जैसे राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड जैसे आसानी से हो जाने वाले कार्यों को समाधान शिविर के माध्यम से हल करके वाहवाही लूटी जा रही है, जबकि जनता के द्वारा मांग पत्र के माध्यम से की गई मांगों पर कहीं कोई विचार नहीं किया गया है और ना ही उसका समाधान किया गया है, ठीक इसी तरह शिकायतें भी जस की तस बनी हुई है। सुशासन तिहार के माध्यम से मांगे गए आवेदनों पर शासन की ओर से अथवा भाजपा सरकार की ओर से कहीं कोई कार्यवाही नहीं की गई है, कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो सुशासन तिहार के नाम पर भाजपा के लोग सरकारी पैसों पर मौज मस्ती और पार्टी मना रहे हैं। वही अधिकारी भी सुशासन तिहार के नाम से अपने कार्यालय से गायब है, जनता के काम ना तो समाधान शिविर में हो रहे हैं और ना ही कार्यालय में, कुल मिलाकर देखा जाए तो छत्तीसगढ़ शासन का यह सुशासन तिहार सिर्फ एक ढकोसला बनकर रह गया है।

■ ■ न्यूज गैलरी

हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट को साय सरकार ने बनाया लूट का अवसर : पप्पू अली

सिमगा /नवप्रदेश। पुराने वाहनों मे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलने मे प्रतियागत त्रुटि,असुविधा और अनिवार्यता को लेकर की जा रही सख्ती का कड़ा परिवाद करते हुए बहुजन आंदोलन पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा है कि छत्तीसगढ़ मे हजारों कंपनियां है जो नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बनाने का काम किफायती दर पर कर सकती है। लेकिन भाजपा की कमीशनखोर सरकार के द्वारा दिल्ली और हरियाणा की केवल दो ही कंपनियों को उपकृत करने की जिद ने लाखों लोगों को कतार मे खड़ा होने मजबूर कर दिया है। परिवहन विभाग की अक्षमता और सिस्टम मे खामी की सजा भी आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। 1 अप्रैल 2025 से इस मामले मे चालानी कार्यवाही शुरु हो गई है। 500 से 10 हजार तक भारी भरकम जुर्माना वसूली वाहन मालिकों पर अत्याचार है। प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा है कि अप्रैल 2019 से पहले के लाखों वाहनों मे अभी भी पुराने नंबर प्लेट लगे है, जिन्हें बदलने मे सुविधाजनक प्रक्रिया मुहैया कराने के बजाय सख्ती से जुर्माना वसूली ही इस निर्दयी सरकार का फोकस है। आरटीओ ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों के फिटनेस जांच नहीं करने का फरमान जारी कर दिया है। जब ऐसे नंबर प्लेट स्थानीय स्तर पर और भी कंपनियां बना सकती है कम कीमत पर बना सकती है। अधिक तत्परता से बना सकती है फिर केवल दो कंपनियों पर निर्भरता क्यों? गुणवत्ताहीन नंबर प्लेट जिसको लागत 50 रुपये नहीं होगी दोपहिया वाहनों के लिएब 483 रुपये, निजी कार के 656 इसी तरह तिपहिया और कमार्शियल वाहनों और भी अधिक वसूली की जा रही है। आगे पप्पू अली ने कहा है कि सर्वेच्च न्यालय ने सुरक्षा के लिहाज से पुरानी गाड़ियों के लिए भी नए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के अनियावार्यता का आदेश दिया था। इस व्यवस्था से पुलिस और आरटीओं को चालान काटने तथा अपराधियों तक पहुंचने मे मदद मिलेगी फिर इसको इसके लिए केवल वाहन मालिकों को ही क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं करती केवल लूट का जरिया बन गया है, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवर्ता को साय सरकार ने लूट का अवसर बना लिया है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रथ को सीएमएचओ ने किया रवाना

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज जिले भर में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम देखे, साफ करें, ढकें , डेंगू को हराने का उपाय करें, रखी गई। जिसका उद्देश्य डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम और बचाव के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू से बचाव संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे। डेंगू एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलती है।

ग्राम स्तर पर समस्याओं का त्वरित निराकरण और योजनाओं का लाभ एक ही मंच से उपलब्ध

सुशासन तिहार जनसेवा और पारदर्शिता का प्रभावी माध्यम : विधायक ईश्वर साहू

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर रविवार को जनपद पंचायत साजा के ग्राम पंचायत हाटरांका के हाई स्कूल भवन में आयोजित किया गया। हाटरांका क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 11 ग्राम पंचायतों दर्री, करमु, हाडाहुली, खपरी, पेंड्रीकला, श्यामपुरकांपा, हाटरांका, बरगा, चीचगांव, भनौरा और टेढ़ी से बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहे। साथ ही जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना तथा कलेक्टर रणबीर शर्मा उपस्थित थे। सुशासन तिहार के पहले चरण मे कुल 2148 आवेदन विभिन्न मांगों व शिकायतों से संबंधित प्राप्त हुए, जिनका द्वितीय चरण मे संबंधित विभागों द्वारा समाधान किया गया। विभागीय अधिकारियों ने आवेदनों के निराकरण की जानकारी जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाई।

शासकीय योजनाओं का लाभ वितरण व ग्रामीणों को जानकारी : शिविर के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ भी प्रदान किया गया। इसमें किसान किताब, जॉब कार्ड, और आयुष्मान कार्ड का वितरण प्रमुख रहा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना÷ के अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई। आयुष्मान कार्ड के वितरण से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने में मदद मिलेगी। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी साझा की, जिससे आमजन को शासन की योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिला। सुशासन शिविर ने ग्रामीणों को न केवल उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का मंच प्रदान किया, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया, जिससे सुशासन की भावना को और मजबूती मिली।

सुशासन शिविर मे मुख्य अतिथि के रुप मे साजा विधायक ईश्वर साहू सम्मिलित हुये। उन्होंने अपने उद्बोधन मे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की भावना को जमीन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में आयोजित समाधान शिविर आमजन के लिए न केवल संवाद का सशक्त मंच बन रहे हैं, बल्कि यह समस्याओं के त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम भी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार एक ऐसी पहल है, जिससे न केवल शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, बल्कि शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता भी लोगों को महसूस हो रही है।विधायक श्री साहू ने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना से माताओं-बहनों को आर्थिक संबल मिल रहा है और यदि किसी को इसमें या किसी अन्य योजना में समस्या हो तो वे सीधे कलेक्टर या अधिकारियों से संपर्क करें, ताकि तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

जनता की समस्याओं को जानने जनता के द्वार तक पहुंच रही सरकार : सांसद

■ लोहिया चौक में समाधान शिविर का आयोजन

■ स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी

महासमुंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र का दूसरा समाधान शिविर लोहिया चौक वार्ड-20 में आयोजित किया गया। इस शिविर में 10 वार्डों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया एवं गोद भराई और अन्नप्राशन रश्म सम्पन्न कराया गया।शिविर में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी रहीं। अध्यक्षता विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, स्थानीय पार्षदगण एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली व हितग्राहियों से भी बातचीत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि जनता की मांग और समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर एक कड़ी की भांति है। जहां समस्याओं का समाधान पात्रतानुसार अधिकारीगण कर रहे हैं।

एकता ई-रिक्शा चालकों ने विधायक दीपेश साहू को सौंपा ज्ञापन

■ स्टैंड के लिए स्थायी व्यवस्था की मांग

■ विधायक ने समुचित व सुरक्षित व्यवस्था कराने दिया आश्वासन

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। एकता ई-रिक्शा चालक कल्याण संघ बेमेतरा द्वारा आज स्थानीय विधायक दीपेश साहू को उनके निवास कार्यलय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें नगर के बाजार चौक क्षेत्र में स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड स्थापित करने की मांग की गई है।

संघ के अध्यक्ष रामचंद बारले के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान में संघ के पास कुल 140 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें 20 महिला एवं 120 पुरुष चालक शामिल हैं। पूर्व में यह सभी चालक विगत 8 वर्षों से थाना परिसर के बाहर से संचालन कर रहे थे, लेकिन 15 अप्रैल 2025 से उन्हें वहां से हटा दिया गया। इससे इन चालकों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा है।

विधायक दीपेश साहू ने इस संदर्भ में ई-रिक्शा चालकों की चिंता को जायज़ बताया और कहा रिक्शा चालक हमारे शहर के परिवहन की रीढ़ हैं, उनकी आजीविका पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। मैं स्वयं इस मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करूंगा और एक समुचित तथा सुरक्षित स्थान पर स्थायी ई-रिक्शा स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जाएगी।

इस अवसर पर समाज सेवी ताराचंद महेशवरी, अध्यक्ष रामचंद बारले, उपाध्यक्ष निर्मला वर्मा, सचिव फारूख, कोषाध्यक्ष शेष नारायण एवं सलाहकार जावेद कुरैशी सहित सैकड़ों की संख्या मे संघ सदस्यगण उपस्थित रहे।

छबील पटेल के परिवार को 12. 50 लाख मुआवजा देगी एबीसी कंपनी

■ गुस्साए मजदूरों व ग्रामीणों ने किया चक्का जाम, लगी वाहनों की लंबी कतारें

राजनांदगांव। नव प्रदेश। एबीसी कंपनी अमलीडीह स्थित फैक्ट्री के सामने मजदूरो एवं ग्रामीणजनों ने छबील पटेल के मौत के बाद लगातार हंगामा मजदूर और ग्रामीण जन फैक्ट्री प्रबंधन से कर रहे थे अपने मांगों को लेकर गुस्साए हुए मजदूरों ने रविवार की सुबह अमलीडीह एबीस कंपनी के सामने चक्का जाम किया और कोनारी चौक पर भी चक्का जाम किया गया जिससे राहगीर अन्य रास्ते से मोटरसाइकिल सवार आते जाते रहे लेकिन चार

पहिया वाहनों को पूरी तरीके से बंद रहा। फैक्ट्री मजदूरों से मिली जानकारी के अनुसार छबिल पटेल के मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिवार जनों को 12.50 लाख की मुआवजा राशि और उसके बच्चे की पढ़ाई खर्च एबीस कंपनी प्रबंधन उठएगी। मजदुर लगातार कंपनी प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठाती रही।

सड़क के दोनों तरफ चारपहिया वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी एबीस कंपनी से लंबी कतार इमलीडीह ग्राम तक पहुंच गई थी और कोनारी चौक पर भी लंबी कतार नदी तक पहुंच गई थी कोनारी चौक बंद होने से लोग साल्हेटोला से आवागमन कर रहे थे उसकी जानकारी ग्रामीणों को लगी तो वहां पर भी उन्होंने कांटा रखकर रास्ता को बंद किया तो बगदई नदी साल्हेटोला मार्ग पर भी वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई थी।

छह दिवसीय समर कैंप का समापन

कुरूद। शास नवीन प्राथमिक शाला चर्रा में 6 दिवसीय समर कैम्प आयोजन 12 में 2025 से 17 में 2025 तक रखा गया था। प्रतिदिन लगभग 50 से 55 बच्चे उपस्थित हो रहे थे जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए गांव के पढ़े लिखे शिक्षित नागरिक भी सीखने सिखाने में सहयोग किया। जिसमें नेमीचंद साहू पेंटर व मूर्तिकार कुमारी वेणु सुधा साहू अतिथि शिक्षक कुमारी युक्ति देवांगन ने बच्चों को सिखाने में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया। इन्होंने बच्चों को क्राफ्ट पेपर से विभिन्न प्रकार के फ्लावर पॉट फ्लॉवर तितली शैक्षिक शिक्षण सामग्री व शिवजी गणेश जी की मूर्ति बनाकर के बच्चों को किस तरह से मिट्टी का कार्य

किया जाता है। उसके बारे में बताया गया बच्चे को यह भी बताया गया की मिट्टी को कैसे गुथना है कौन सी मिट्टी का उपयोग मूर्ति बनाने में किया जाता है। यह सभी जानकारी बच्चों को दी गई और खेल गतिविधि के माध्यम से बच्चों को रोचक ढंग से सीखने का प्रयास किया गया सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी पर भी बच्चों का ग्रुप बनाकर ज्यादा उत्तर देने वाले बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन कराया ग्रुप के बच्चों ने जीता ज्यादा सामान्य ज्ञान का उत्तर देते थे उसे विजेता टीम घोषित किया जाता था। इस प्रकार से बच्चों ने रुचि पूर्वक सीखा और प्रत्येक दिन बच्चों के लिए अलग-अलग न्योता भोज का आयोजन किया गया था।

आरोप | कवर्धा में खुलेआम बन और बिक रही अमानक पोटाश खाद, सरकार नींद में

भाजपा सरकार के राज में ठगे जा रहे किसान : तुकाराम

■ अमानक पोटाश खाद निर्माता इथेनॉल कम्पनी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद सरकार की लगातार किसान विरोधी नीतियां सामने आ रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले में देखा सकता है। जहां एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार पर जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना को निजी हांथों में सौंपने के आरोप लग रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब जिले के विधानसभा कवर्धा में संचालित निजी इथेनॉल कम्पनी द्वारा अमानक पोटाश खाद निर्मित कर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के माध्यम से बेंचकर किसानों को लाखों का चूना लगाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया। उक्त बातें युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य

तुकाराम चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कही। तुकाराम चन्द्रवंशी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में एक निजी ऐनकेजे बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर इथेनॉल कम्पनी लम्बे समय से सरकार के नाक के नीचे अमानक पोटाश खाद बनाकर बेचतीं रही और शासन-प्रशासन को इसको लगातार संरक्षण प्रदान करते रहे हैं। किसानों की शिकवा शिकायत के बाद मामला उजाकर होने के बाद कवर्धा में इथेनॉल बनाने वाली कंपनी की सहायक कंपनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कराई गई पोटाश खाद की जांच छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी लेब से कराई गई। जिसमें कम्पनी के 14.5 प्रतिशत पोटाश के दावे के विपरीत पोटाश की मात्रा पहले नमूने में मात्र एक प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में मात्र 3.5 प्रतिशत पाई गई है। जिसके बाद इस पोटाश खाद को अमानक घोषित किया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि के फार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस अमानक पोटाश खाद की बिक्री अभी भी धड़ल्ले से जारी है।

एफसीआई के मजदूरों का तीसरे दिन धरना जारी, मांगों पर अड़े

राजनांदगांव /नव प्रदेश। - भारतीय खाद्य भंडार निगम (एफसीआई) राजनांदगांव में विवाद का निराकरण नही होने के कारण तीसरे दिन मजदूरों का धरना जारी है, एफसीआई. प्रबंधक व ठेकेदार अपने जिद पर अड़े हैं। क्योंकि 58 रेग्युलर मजदूरों की जगह मात्र 38 श्रमिको को काम पर ले रहे है तथा 20 मजदूरों को काम पर नहीं ले रहे हैं। क्योंकि 58 मजदूरो का काम 38 मजदूरो से दबाव बनाकर काम लेना चाह रहे है। ताकि बाकी मजदूरो के वेतन की राशि गबन की जा सके, उसी तरह 12 गैंग के 158 मजदूरों को प्रतिकट्टा 6 रूपये 50 पैसे की दर से भुगतान किया जा रहा है। किन्तु 4 गैंग के 56 मजदूरों को प्रतिकट्टा 85 पैसा कम भुगतान किया जा रहा है, जो एफसीआई के अधिकारी व ठेकेदार मिलकर गबन कर रहे हैं। क्योंकि ठेकेदार का टेण्डर एक रेट में हुआ है अलग रेट में नही हुआ है। उसके अलावा ठेकेदार एफसीआई से हाईट का पैसा बिल के माध्यम से प्राप्त करता है। किन्तु मजदूरों को कुछ नही मिलता मजदूरों से सुबह 9 से शाम 6 ड्यूटी के बाद रात 9, 10, 11 बजे तक काम कराया जा रहा है किन्तु उसका ओव्हर टाईम भुगतान नही किया जा रहा है, जो मजदूर दवाई छिड़क़ाई का कार्य करते है उन्हे सुरक्षा के उपकरण नहीं दिया जा रहा है।

बल्कि 10 मजदूरों का काम 6 मजदूरों से कराया जा रहा है इस तरह मजदूरो पर दबाव बनाकर ज्यादा काम लिया जा रहा है। धरना सभा को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने कहा कि शासन सुशासन तिहार मनाकर समस्या का समाधान कर रही है।

गौ-जनजागरण यात्रा के माध्यम से गौमाता के संरक्षण का संकल्प : योगिता सिन्हा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोपाल गौशाला नवापारा राजिम द्वारा निकाली गई गौ ग्राम जन जागरण अभियान यात्रा 13 से 17 मई 2025 तक 5 दिनों की यह गौ ग्राम यात्रा नवापारा, पारा, घोट (सुंदर नगर), कोलियारी, लखना, चंपारण, डगनिया (रामपुर), जौंदा, जौंदी, नवागांव, मंदलोर, सुंदरकेरा, परसदा, छांटा, सोनीसिली, आलेखूंटा, उमरपोटी, दादरझोरी, पिपरौद, तर्री, दुलना, पटेवा, चिपरीडीह, डोंगीतराई, हसदा और अंत में कुर्रा गांव में 17 मार्च 2025 दिन शनिवार को गौ ग्राम जन जागरण अभियान यात्रा का समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती, अध्यक्षता पुष्पा डमेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुर्रा, विशेष अतिथि गिरधारी अग्रवाल अध्यक्ष श्री गोपाल गौशाला, डॉ राजेंद्र गदिया, गोपाल यादव, युधिष्ठिर चंद्राकर, योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, किरण तिवारी के तत्वावधान में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती दीदी के द्वारा गौ माता की उपयोगिता, संवर्धन, संरक्षण के बारे में विस्तार से संदेश दिया गया।

योगिता सिन्हा ने कहा की हिन्दू धर्म में गाय को देवता एवं माता के रूप में पूजा की जाती है। गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास होता है। गाय के संरक्षण की अत्यन्त आवश्यकता है। ग्राम स्तर पर समिति बनाकर एक स्थान का चयन कर गौ माता के संरक्षण की आवश्यकता है। जिससे यहां वहां भटकने वाले पशुधन से दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगा।

दर्री तालाब में श्रमदान कर जलकुंभी हटाने का अभियान जारी

- अभियान में जुड़ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने की अपील

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में 'स्वच्छ, सुंदर, विकसित कवर्धा' अभियान के तहत दर्री तालाब में श्रमदान के माध्यम से आज रविवार को जलकुंभी हटाकर सफाई कार्य किया गया। यह इस अभियान का छठवा चरण था, जिसमें जलकुंभी से पटा दर्री तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया गया।

जल्द ही स्वच्छ होगा दर्री तालाब-नपा अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के अधिकांश तालाबो में जलकुंभी के कारण तालाब का जल प्रवाह अवरुद्ध हो गया था और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इससे आसपास के निवासियों को सामाजिक और धार्मिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब श्रमदान से तालाब की सफाई की जा रही है, जिससे न केवल इसकी सुंदरता लौटेगी बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता भी बढ़ेगी। हमारी टीम द्वारा यह अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया जा रहा है । नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि दर्री तालाब की सफाई पूरी होने तक हर रविवार श्रमदान जारी रहेगा। इसके पश्चात अन्य तालाबों की भी इसी प्रकार सफाई की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी से अपील है की इस अभियान में जुड़कर हर रविवार को दो घंटे अपने बहुमूल्य समय से दो घंटे का समय अवश्य श्रम दान में देवे।

सफाई अभियान में आज पूर्व विधायक व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू , वरिष्ठ साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापतिगण, पार्षदगण, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, वार्डववासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

आजीविका को बढ़ावा देने महिलाओं को दो पाली में प्रशिक्षण

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम खुदुरपानी में माननीय कलेक्टर महोदय जिला धमतरी द्वारा निर्देशानुसार ग्रामीण महिला समुदाय को खोज संस्था और रेशम विभाग द्वारा वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10-10 महिलाओं को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे एक माह में 20 महिलाओं को कोसा उत्पादन एवं प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना और पारंपरिक वन संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न केवल कोसा धागा निकालने की प्रक्रिया को सीख रही हैं, बल्कि उससे जुड़े उत्पादों के विपणन और उद्यमिता कौशल का भी विकास किया जा रहा है। यह प्रयास ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।÷ इस प्रशिक्षण में रेशम विभाग से, कांकेर जिला से मास्टर ट्रेनर जयसिंग नेताम, उपसरपंच लाखनसिंह मरकाम, शत्रुघन यादव, ग्रामीण महिलाए उमेश्वरी बाई, कनेश्वरी बाई, रेखा बाई, लताबाई,शिवबाती बाई, संतोषी बाई, दसोदा बाई,अमिता बाई,खिलेश्वरी, प्रमिला,गरिमा, ममता,सरस्वती,मुनेश बाई रितेश्वरी, सावित्रीबाई,कुमारी भूमिका,खोज संस्था से बेनीपुरी गोस्वामी, नंदिनी साहू, मीनाक्षी यादव,राजेश पटेल,लोकनाथ सोनवानी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप, राजनीतिक संरक्षण के साये में इंसाफ की आस

राजनांदगांव-भेजरा टोला शिक्षिका अपहरण कांड

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भेजरा टोला की शिक्षिका के अपहरण और उसके साथ हुए अमानवीय कृत्य के मामले में अब पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों और पीड़िता के परिजनों ने डोंगरगांव थाना प्रभारी (टीआई) और महिला पुलिसकर्मी कल्पना वाल्दे पर आरोपियों को संरक्षण देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना के कुछ घंटे बाद ही ग्रामीणों ने आरोपियों को जिस जंगल में बंधक बनाकर रखा गया था, उसकी सटीक जानकारी डोंगरगांव टीआई को दे दी थी। यदि पुलिस तत्काल कार्रवाई करती, तो आरोपी सलाखों के पीछे होते।

परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि टीआई डोंगरगांव ने चक्का जाम ड्यूटी का बहाना बनाकर मौके पर पुलिस टीम भेजने में जानबूझकर देरी की। सूत्रों की मानें तो अपहरणकर्ता पहाड़ी पर शिक्षिका को ले जाकर अमानवीय कृत्य को अंजाम दे रहे थे, और दूसरी तरफ पीड़िता के परिजन और ग्रामीण आरोपियों के ठिकाने की पुख्ता जानकारी टीआई को दे रहे थे। इसके बावजूद, पुलिस की निष्क्रियता ने उनकी भूमिका को संदिग्ध बना दिया है।

ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक से तत्काल टीआई डोंगरगांव श्रीवास और पीड़िता के साथ दुर्व्यवहार करने वाली महिला सिपाही कल्पना वाल्दे को निलंबित कर लाइन अटैच करने की मांग की है। उनका आरोप है कि पुलिस न केवल कार्रवाई में विफल रही, बल्कि आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इस बीच, खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू घटना के बाद से लगातार पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़ी हैं और शासन-प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, यदि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे कल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजनांदगांव के सामने धरना पर बैठेंगी।

पुलिस की निकम्मी कार्यशैली

इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यशैली अत्यंत निराशाजनक रही है। ग्रामीणों द्वारा आरोपियों के ठिकाने की जानकारी देने के बावजूद कार्रवाई में देरी, और अब संरक्षण के गंभीर आरोपों ने पुलिस की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। चक्का जाम ड्यूटी का बहाना बनाकर मौके पर पुलिस टीम न भेजना, यह दर्शाता है कि पुलिस इस गंभीर मामले को कितनी लापरवाही से ले रही है। पीड़िता के साथ हुई बर्बरता और पुलिस की कथित निष्क्रियता ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लोग सड़कों पर उतरकर इंसाफकी मांग कर रहे हैं। यह घटना न केवल कानून व्यवस्था की नाकामी को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे राजनीतिक रसूख अपराधियों को कानून के शिकंजे से बचाने में मददगार साबित हो सकता है। अब सबकी निगाहें जिला पुलिस अधीक्षक पर टिकी हैं कि वे ग्रामीणों की मांगों पर क्या कार्रवाई करते हैं और कब तक इस मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाते हैं।

> **राजनीतिक संरक्षण का साया?**
> पीड़िता और ग्रामीणों के बीच यह चर्चा आम है कि आरोपियों को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है क्योंकि उनके भाजपा और कांग्रेस के बड़े नेताओं से घनिष्ठ संबंध हैं। पीड़िता चीख-चीख कर अपने साथ हुई घिनौनी और खतरनाक घटना का विवरण दे रही है, लेकिन पुलिस की सुस्त रवैये ने संदेह को और गहरा कर दिया है। क्या वाकई राजनीतिक दबाव के कारण इंसाफमें देरी हो रही है? यह सवाल अब हर जुबान पर है।

फरसियां में आंधी-तूफान में गिरा था खंबा करंट से दो मवेशियों की मौत

- बिजली विभाग की लापरवाही, खंभा गिरने के बाद भी कनेक्शन नहीं काटा गया

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड आए दिन आंधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली खंभे टूट रहे हैं।

साथ कई जगहों पर आंधी तूफान से तार गिर रहे हैं वहीं कुछ दिन पहले आंधी तूफान के चलते दिन गुरुवार फ़रसिया में बिजली के पोल गिर गए थे। ग्राम फरसियाँ में वार्ड न. 4 में प्रदीप सोन के घर के पीछे शनिवार रात्रि में चार दिन से सड़क में गिरे पड़े, दिन शनिवार रात में बिजली खंबे के तार के संपर्क में आने से दो मवेशियों की करेंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई. जिससे,ग्राम सरपंच ने गांव के लोगों ने बताया कर गिरने के बाद विद्युत विभाग द्वारा गली कनेशन नहीं कटा था और लाइन आने के कारण विद्युत प्रवाह होते रहा

लोगों न जानकारी बिजली विभाग को दी गई थी, बिजली विभाग के कर्मचारी ने इसके बाद भी विद्युत प्रवाह बंद नहीं किया .बता दें की , तूफान में कई विशाल वृक्ष, बिजली खंबा धराशाई हो गया. ग्रामीणों ने सड़क में खंबा गिरने और आवागमन बाधित होने की सूचना विद्युत विभाग को दी थी, पर विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरते हुए गिरे हुए खंबे में विद्युत प्रवाह बंद नहीं किया बिजली की चपेट में आने से दो मवेशीयों की मौत हो गई

वहीं विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई, जिससे मवेशी मलिक शिव यादव ने शासन प्रशासन मुआवजे की मांग की है नगरी विद्युत विभाग के अधिकारी ने कहा कि पशुपालक एफआईआर कर पीएम रिपोर्ट के अनुसार पता चलेगा करेंट से मारा उसके मुताबिक लाने के बाद उच्च अधिकारी को भेज दिया जायेगा।

ठंडा पेयजल एवं तौलिए वितरित कर एक नई पहल की शुरुआत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गर्मी के इस भीषण मौसम में ट्रैफिक एवं सिविल पुलिस कर्मचारियों की सेवा को सम्मान देने हेतु अग्नि प्रार्थना सेवा समिति, पनेका रोड द्वारा एक विशेष पहल की गई है। समिति के माध्यम से पुलिस कर्मियों को ठंडे पेयजल (ड्रिंक्स) एवं तौलिए वितरित किए जा रहे हैं। यह सेवा उन जवानों को राहत देने के उद्देश्य से की जा रही है जो कठिन परिस्थितियों में भी जनता की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। समिति के अध्यक्ष समाज सेवी श्री अमित दान ने इस सेवा में सहभागिता करने वाले सभी दानदाताओं और प्रार्थना योद्धाओं को धन्यवाद देते हुए, इस प्रकार के सेवाभाव को समाज में प्रेरणादायक बताया है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम झाल में निकाली तिरंगा यात्रा

- जिपं सदस्य मधु रॉय भी रहीं शामिल, देशभक्ति के नारों से गूंजा गांव

नवागढ़/नवप्रदेश। भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि पर ग्राम पंचायत झाल में शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकली यह यात्रा देशभक्ति के जज्बे से सराबोर रही। ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाए।

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की सेना हर चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामवासियों ने न सिर्फ वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश भी दिया।

ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सदस्य, स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी इस आयोजन को विशेष बना गई। यात्रा के समापन पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भारत के सशस्त्र बलों की जयकार की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत झाल की सरपंच खेमकली ललित साहू, उपसरपंच नंदकुमार साहू, शंकर साहू, नेहा कुर्रे, मोंगरा अनंत, उन्नति गोयल, दीपा साहू, कामेश्वरी साहू, पार्वती साहू, भागवत साहू, तिलक साहू, राजेन्द्र साहू, बिंदा साहू, मोहन साहू, केशव साहू, प्रेमलाल अनंत, सोनू साहू, जगदीश अनंत, साधराम साहू, गयाराम साहू, आनंद साहू, चंद्रिका साहू, कपिल साहू, छेदीलाल साहू, बलदू राम, जीवन साहू, एहू राम, दिलीप साहू, हगरु राम, भोला राम, रामकुमार साहू, कुमार गौटिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने सुशासन तिहार व समर कैम्प का आयोजन

- जिला प्रशासन की पहल से गुडेलिया सहित 6 पंचायतों में युवाओं को मिल रही जीवन कौशल की ट्रेनिंग

भाटापारा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान व मांगो की पूर्ति होने के साथ ही स्कूली बच्चों को निःशुल्क मार्शल आर्ट्स, योगा, साइबर क्राइम एवं कैरियर काउंसिलिंग की जानकारी देने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 6 ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिवसीय सुशासन तिहार समर कैम्प के प्रत्येक स्थल में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के लगभग 100 छात्र छात्राओं को प्रातः काल में 2-2 घण्टे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह समर कैम्प 16 मई से 31 मई 2025 तक चलेगा।

जिले के 6 चयनित ग्राम पंचायतों विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं सिंगारपुर,सिमगा के ग्राम पंचायत नवापारा, बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, पलारी के ग्राम पंचायत सकरी प एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बल्दाकछार में 10 दिवसीय ग्रामीण समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।शिविर में स्व-रक्षा, फिटनेस, जुम्बा, योग एवं ध्यान, करियर काउंसलिंग, साइबर सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

यह शिविर ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, जीवन कौशल और डिजिटल एवं कानूनी साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है। यह समर कैंप गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए एक सुरक्षित, रचनात्मक एवं प्रेरणादायक मंच के रूप में कार्य कर रहा है। शिविर में स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीज़र स्किल काउंसिल इस मुख्य क्रियान्वयन एजेंसी है जो काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से इसे संचालित कर रही है।

राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र के कबाड़ी दुकानों की चेकिंग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिनांक 18.05.2025 को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर के कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध समानों की चेकिंग करने हेतु अभियान चलाया गया जिस पर थाना कोतवाली, ओ.पी. चिखली, थाना बसंतपुर, थाना लालबाग, थाना सोमनी, थाना घुमका, थाना छुरिया, थाना गैंदाटोला, थाना डोंगरगढ़ एवं ओ.पी. तुमड़ीबोड़ ओ.पी. चिचोला पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र के कबाड़ी दुकनों पर पहुंचकर संदिग्ध समानों की चेकिंग किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध सामान नही पाया गया। सभी कबाड़ी दुकान के संचालकों को आवश्यक हिदायत दिया गया की किसी भी संदिग्ध समान मिलने पर तत्काल सूचना देवें और संदिग्ध व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर नोट करने हेतु कहा गया।

पुण्यश्लोका ... 3175 धार्मिक स्थलों का कराया जीर्णोद्धार, सनातन संस्कृति को दी मजबूती

भाटापारा में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति कार्यशाला का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। गोविन्द सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय भाटापारा में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में हुआ था। उन्होंने अपने शासनकाल में काशी, अयोध्या और केदारनाथ सहित पूरे भारत में 3175 धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। वह परम शिवभक्त थीं। मात्र 10 वर्ष की आयु में मल्हार राव होल्कर के पुत्र से उनका विवाह हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद अहिल्याबाई ने राज्य को न केवल संभाला बल्कि समृद्ध भी बनाया। उन्होंने गरीब बेटियों की शादी करवाई। भोजनालय और तालाब का निर्माण कराया। जनकल्याण के अनेक कार्य दान के माध्यम से संपन्न कराए। कार्यशाला को सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी सम्बोधित कर बताया कि 26 वर्षों के शासनकाल में अहिल्याबाई ने राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन को एक मील की पत्थर की तरह स्थापित किया अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है।

शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर कहा कहा कि अहिल्याबाई ने ÷धर्म रक्षति रक्षितः÷ के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया. अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं. जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का कार्य अपने हाथों में लिया था.

हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए. उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम् तक तीर्थस्थलों का पुनरुद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है.शिवरतन शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं. उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम्, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया. उन्होंने नदियों, घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनीं रहे।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय: धमतरी, भू-तल, सोनकर प्लाजा, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.) पिन-493773
Email :npa.ro.dha@cgbank.in I Mobile No. 6232032395 I Web : www.cgbank.in

नियम- 8(1) कब्जा नोटिस (अचल सम्पति)

जबकि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(12), 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमें निम्नलिखित उधार लेने वालों का उल्लिखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था । इन उल्लिखित ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं और आमजनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे (Symbolic) में ले लिया है । ऋणियों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के बाबत किये गये कोई भी व्यवहार पर **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) देय होगा ।

क्र.	ऋणी/जमानतदार का नाम शाखा का नाम	अचल संपत्ति का विवरण	मांग सूचना जारी तिथि एवं राशि (रु. में)	आधिपत्य की तिथि
01	ऋणीः- 1)श्री दानेश्वर चंद्राकर पिता श्री केदारनाथ चंद्राकर 2)श्रीमति बेसन चंद्राकर पति श्री केदारनाथ चंद्राकर 3)श्रीमति श्रृष्टि देशमुख पति श्री दानेश्वर चंद्राकर शाखाः अर्जुनी (धमतरी) मो. 6232032319	**ऋणी की बंधक सम्पत्ति का विवरणः-** श्री दानेश्वर चंद्राकर पिता श्री केदारनाथ चंद्राकर, खसरा क्र. 1337,रकबा 16140 वर्गफीट, ग्राम- अरौद, प. ह. क्र. 41, रा. नि. स. कोलियारी, तहसील व जिला- धमतरी (छ.ग.) पिन- 493773 **चौहद्दी- उत्तर-** खसरा क्र. 1334 व पूनाबाई की भूमि, **दक्षिण-** शासकीय भूमि व रास्ता, **पूर्व-** खसरा क्र. 1339, 1340 व श्यामलाल की भूमि, आदि, **पश्चिम-** खसरा क्र. 1335, 1336 व मालती गुप्ता की भूमि, आदि ।	02/01/2025 ₹ 11,44,920.00 + ब्याज + अन्य व्यय	13.05.2025

आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत 30 दिनों का विक्रय हेतु अनिवार्य सूचना
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख से 30 दिनों के अंदर वे सम्पूर्ण ऋण राशि, ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित सम्पत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्च सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी ।

दिनांक- 19.05.2025
स्थान- धमतरी (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय धमतरी (छ.ग.)


25
रजत जयंती वर्ष
छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
तेंदूपत्ता संग्राहकों का जीवन खुशहाल
पहली बार ₹5,500 प्रति मानक बोरा की दर से संग्राहकों को पारिश्रमिक
12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों का संवर रहा जीवन
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
संवाद -43863/1

संक्षिप्त खबरें

कल जांजगीर चांपा में होने वाले संविधान बचाओ रैली एवं आम सभा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

रायपुर। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि कल छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा में होने वाले संविधान बचाओ रैली को लेकर महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान में आयोजित की गई जिसमें कल रायपुर से जाने वाले कांग्रेसियों एवं आमजनों एक साथ जांजगीर चांपा के लिए ऐतिहासिक गांधी मैदान कांग्रेस भवन से सुबह 9 बजे अधिक से अधिक संख्या के साथ निकलेंगे। उपाध्याय ने बताया कि कल का यह आम रैली एवं आम सभा छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होने वाला है और किस प्रकार सत्ता पक्ष में बैठे लोग संविधान के साथ खेलने का प्रयास कर रहे हैं उनको जवाब दिया जाएगा खतरे में संविधान जागो हिंदुस्तान के नारे के साथ आवाज बुलंद किया जाएगा। आज के इस बैठक में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे , विकास उपाध्याय,पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर,देव साहू, दिनेश ठाकुर, अनिल रायचूरा, राजू सोनी, माधव छुरा, पुष्प राज वैद, प्रवीण चंद्राकर, माधव साहू, एवं सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे

मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर मुलेर में शुरू हुआ अमल

रायपुर/ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अति संवेदनशील और सुदूर ग्राम मुलेर में की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतरने लगी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण और डोम शेड निर्माण के लिए कुल 21.54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने बीते दिनों सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम मुलेर का औचक दौरा कर विकास शिविर का निरीक्षण किया था। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने मौके पर स्वास्थ्य, सड़क और सामुदायिक सुविधा से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल स्वीकृति दी और प्रशासन को निर्देशित किया कि कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस त्वरित और जनहितैषी पहल से न केवल ग्राम मुलेर में बुनियादी सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि शासन की जनकल्याण के प्रति संवेदनशीलता भी देखने को मिली है। पहल शासन और आम जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

महाराष्ट्र मंडल में मराठी सामूहिक उपनयन संस्कार आज

रायपुर। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में रविवार, 18 मई को मराठी भाषी सामूहिक उपनयन संस्कार (मुंज) का आयोजन किया जा रहा है। मंडल के सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन में रायपुर के अलावा सीहोर मध्य प्रदेश के बटुक का भी उपनयन संस्कार किया जाएगा। आचार्य दंडवते ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र की ओर से आयोजित सामूहिक मुंज का यह 24वां आयोजन है। इस वर्ष छह बालकों ने मुंज के लिए पंजीयन कराया है। इसमें से पांच बालक रायपुर और एक सीहोर मध्यप्रदेश का है।दंडवते ने बताया कि रविवार को सुबह 8.30 बजे महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश?वर सभागृह में मुंज की विधियां शुरू होंगी। सुबह सर्वप्रथम मंडप पूजा कराई जाएगी, फिर मातृका पूजन और फिर यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा। इसके उपरांत मुंडन और मंगलाष्टक होगा। अंत में हवन पूजन, भि?क्षा और काशी तीर्थाटन के साथ संस्कार को पूर्ण कराया जाएगा। इस वर्ष रायपुर निवासी अमेय सारंग पोफली, क्षितीज नितिन रामेकर, दिव्यांश मनीष गोवर्धन, श्रेयस पंकज जोशी, अरिन अतुल राहटगांवकर और सीहोर निवासी यथार्थ आकाश शेकदार का मुंज किया जाएगा।

महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में उत्साह से राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

रायपुर/ नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की पहल पर हर शनिवार को होने वाला राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ 17 मई को 72वें सप्ताह भी पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। रोहिणीपुरम, डंगनिया, कोटा, टाटीबंद, अमलीडीह, बूढ़ापारा समेत अधिकांश केंद्रों की महिलाओं ने अपने सदस्यों के घरों अथवा आसपास के मंदिरों में हनुमान चालीसा और राम रक्षा स्तोत्र का पाठ किया। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि शनिवार शाम को टाटीबंध महिला केंद्र की टीम ने गणेश मंदिर हाल में हनुमान चालीसा और राम रक्षा स्तोत्र का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान अंजलि? खेर, कुंदा अत्रे, सोनल पेदे, हर्षा पेदे, सारिका पोराटे, अंजलि? देवोधी, रचना विंचुलकर, विनिता मरकले, नंदा दहिकर, रश्मि गोवर्धन, संगीता देशपांडे, वंदना आठले, जया देशमुख, रेणु देशमुख और लीना साठे प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। आस्था के मुताबिक रोहिणीपुरम केंद्र की महिलाओं ने प्राची गनोदवाले के घर पर राम रक्षा और हनुमान चालीसा का मिलकर पाठ किया। आयोजन में अलका कुलकर्णी, अचला मोहरीकर, अपर्णा जोशी, अपर्णा वराडपांडे, चित्रा बलकी, मीरा कुपटकर, साधना बहिरट, सौ. गनोदवाले, मंगला पुराणकर सहित अनेक सभासदों ने एक स्वर में राम रक्षा स?त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। डंगनिया केंद्र की महिलाओं ने महाराष्ट्र मंडल में अपनी नियमित बैठक आयोजित कर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया।

जहां कभी नक्सलियों ने बैंक लूटने की कोशिश की, वहीं अब खुला वित् मंत्री का नया खाता!

लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे जगरगुंडा में खुली इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा

नई दिल्ली / रायपुर। लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को भी अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। बैंक की इस शाखा से आसपास के 12 गांव के लगभग 14 हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस ऐतिहासिक अवसर पर कहा, जगरगुंडा जैसे क्षेत्र में बैंक खुलना नक्सलवाद पर लोकतंत्र और विकास की जीत है। डबल इंजन की सरकार ने बस्तर को फिर से जीवंत करने का बीड़ा उठाया है, और हम हर गांव में परिवर्तन की लहर पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप सभी ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने का अभियान तेज़ी से चल रहा है। इसी दिशा में 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्रों की शुरुआत की गई है, जहां ग्रामीण अब डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की सुरक्षा, विकास और विश्वास की रणनीति, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प से बस्तर अंचल के गांव तेजी से नक्सल समस्या से उबर कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था। वर्ष 2001 में इस भवन में ग्रामीण बैंक की शाखा थी, जिसे नक्सलियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया था। आज इसी भवन में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुल रही है। उन्होंने खुद स्थानीय ग्रामीणों के साथ खाता खुलवाकर इस पहल को जनभागीदारी का प्रतीक बना दिया। यहां से ग्रामीणों को तेंदूपत्ता बोनस, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं की राशि गांव में ही मिलेगी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से हो रहे विकास कार्य

■ **साय सरकार के सुशासन में संवर रहा बस्तर**

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर क्षेत्र में आमूलचूल होने वाला यह बदलाव राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़-संकल्प के चलते संभव हो पाया है।

बस्तर क्षेत्र में जिनकी पहचान कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में हुआ करती थी, अब वह तेजी से विकास के गढ़ के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। राज्य के घोर नक्सल प्रभावित जिलों में विकास की नई रेखाएं खींच रही हैं। पिछड़ेपन और भय के पर्याय बन चुके नक्सल प्रभावित ज़लिे आज राज्य के मुखिया के हाथों संवरने लगे है। नियद नेल्ला नार योजना से इन क्षेत्रों में आज विकास की नई इबारतें लिखी जा रही है। साय सरकार की जनहितैषी नीति, नक्सलवाद उन्मूलन अभियान और समग्र विकास ने इन क्षेत्रों में सकारात्मक और परिणाममूलक परिवर्तन की शुरुआत कर दी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई में नियद नेल्ला नार योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना न केवल नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को गति देने में सहायक है, बल्कि नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है।

नक्सलियों में आत्मसमर्पण की बढ़ती प्रवृत्ति

सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों की निर्णायक कार्रवाई ने नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। कुछ नक्सली भय से तो कुछ नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने लगे है। नक्सलियों का आत्मसमर्पण साय सरकार की पुनर्वास नीतियों और प्रबल नक्सलवाद विरोधी अभियानों का परिणाम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिला मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत निगरानी एवं समन्वय बनाए रखें।

नियद नेल्ला नार योजना

नियद नेल्ला नार योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित और पिछड़े क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इस योजना के तहत सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांवों में सरकार की 17 विभागों की 53 कल्याणकारी योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इससे इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ी है और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

सुरक्षा बलों की निर्णायक कार्रवाई

राज्य के सात घोर नक्सल प्रभावित जिलों में राज्य के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पिछले 15 महीनों से नक्सल उन्मूलन अभियान और विकास की रणनीति को एक साथ लागू किया गया है, जो लगातार छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के पैर उखाड़ने का काम कर रहा है। नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के थुलथुली जंगल में 31 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने के साथ माओवादियों के 216 ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त कर भारी मात्रा में उनके हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त करने से इस क्षेत्र में नकसलवादियों की कमर टूट गई है।

महाराष्ट्र मंडल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ बटुकों का उपनयन संस्कार

रायपुर के पांच सहित छह बटुकों का किया गया यज्ञोपवीत

रायपुर/ नवप्रदेश महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में रविवार, 18 मई को छह बटुकों का उपनयन संस्कार परिजनों व करीबी रिश?तेदारों के बीच किया गया। सचिव आचार्य चेतन गोविंद दंडवते व अन्य आचार्यों ने सुबह विधि विधान और वेद मंत्रोच्चार के साथ इन बटुकों का षोडस संस्कारों में से एक उपनयन संस्कार संपन्न कराया। आचार्य दंडवते का साथ योगेश दंडवते, अजय पोतदार, संदीप देशपांडे और पार्थसारथी देशपांडे ने भी संस्कार संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। महाराष्ट्र संस्कार केंद्र और महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उपनयन संस्कार में सीहोर मध्यप्रदेश के यथार्थ आकाश शेकदार और रायपुर के अमेय सारंग पोफ्ळी, क्षितिज नितिन रामेकर, दिव्यांश मनीष गोवर्धन, श्रेयस पंकज जोशी और अरिन अतुल राहटगांवकर का मुंज संस्कार यानी उपनयन संस्कार किया गया है। इस तरह दोनों संस्थाओं के माध?यम से अब तक 300 से अधिक हर आयु के बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जा चुका है।

नाटक में काम करना गंगा स्नान जैसे : मनोज जोशी

■ **कलाकारों के साथ 'कचरा सेठ' ने साझा किए रंगमंच व फिल्मों के अनुभव**

रायपुर/ नवप्रदेश। नाटकों में हूं इसलिए फिल्मों में भी हूं, ऐसा कहना गलत है। बल्कि मेरे लिए तो नाटकों में काम करना गंगास्नान की तरह है। रंगमंच मेरे लिए प्राण वायु है। सुप्रसिद्ध नाट्य व फिल्म अभिनेता मनोज जोशी ने इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में रंगसाधकों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अभिनेता योगेश अग्रवाल, रंजन मोडक ने जोशी का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर जोशी ने कहा कि रंगमंच का कलाकार फिल्मों में अंतिम क्षण तक सीन को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करता है। डबिंग करते समय भी अपनी आवाज के माध्यम से वो सीन को इंप्रोवाइज करता है क्योंकि उस सीन को वो डबिंग के समय महसूस करता है।

गत 36 वर्षों में 'चाणक्य' नाटक को 1724 बार मंचित कर चुके मनोज जोशी ने मौलिकता को लेकर पूछ गए सवाल पर कहा कि पहले हम अंग्रेजी फिल्मों की कॉपी करते थे। फिर साउथ की फिल्मों की नकल करने लगे और अब दुकान एक, दुकान दो, दुकान तीन का चलन है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में चाहे कॉमेडी वाली भूमिका हो या संवेदनशील, वो पूरे तन- मन से, मस्तिष?क से करते हैं। जैसा निर्देशक चाहते हैं वे अपनी भूमिका को वैसे ही निभाते हैं।

खारून नदी पुल पर कल से महीने भर तक प्रभावित रहेगा यातायात

■ **जाम से बचने इन रास्तों का करें इस्तेमाल**

रायपुर/ नवप्रदेश।दुर्ग को रायपुर से जोड़ने वाला खारून नदी पर बने पुल पर महीनेभर के लिए यातायात प्रभावित रहेगी. लोक निर्माण विभाग 19 मई से लेकर 20 जून तक पुल के नीचे के बेरिंग को बदलने से लेकर बीसी वर्क और रेलिंग बदलने का कार्य करेगा। लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग) की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 19 से 30 मई के बीच पुल के नीचे के बेरिंग को चेंज करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए रोजाना 2 से सुबह 4 बजे तक पुल पर यातायात पूर्णतः बंद रहेगा। इसके बाद 1 से 20 जून तक 24 घण्टे ब्रिज के ऊपर एक्सपान्सन ज्वाइंट चेंज (डामर उखाड़ कर) बीसी वर्क और रेलिंग बदलने का कार्य किया जाएगा। यातायात के वैकल्पिक संचालन के लिए बमरम्मत कार्य वाले ब्रिज पर डिवाइडर लगाकर दो लेन में बांटा जाएगा. एक लेन में मरम्मत कार्य चलेगा और डिवाइडर के दूसरी ओर सिंगल लेन में ट्रैफिक चलता रहेगा. इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात का अत्यधिक दबाव की वजह से ब्रिज से लेकर कुम्हारी तक जाम की स्थिति निर्मित हो सकती है.जाम से बचने केलिए यात्री दुर्ग से रायपुर आने-जाने वाले यात्री वैकल्पिक मार्ग के तौर पर उतई-सेलूद-दौर-घुघुवा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर रायपुर, पुरानी भिलाई चौक (सिरसा गेट)-ग्राम सिरसा-औरी-मोतीपुर-अमलेश्वर-रायपुर अथवा रायल खालसा-ग्राम उरला-परसदा-अमलेश्वर-रायपुर का उपयोग कर सकते हैं।

आरोप

भ्रष्टाचार का आरोप सलेक्टिव पॉलिटिक्स का उदाहरण, जांच एजेंसियां भाजपा नेताओं की कठपुतली

भारतमाला परियोजना घोटाले की जांच में असल गुनहगारों को सत्ता का संरक्षण

रायपुर/ नवप्रदेश विशाखापटनम भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार और मुआवजा घोटाले की जांच को लेकर ईओडब्लू के कार्यवाही की दिशा पर पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि असल गुनहगारों को बचाने जांच की दिशा भटकाई जा रही है। भ्रष्टाचार का आरोप भाजपा के सलेक्टिव पॉलिटिक्स का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसमें भाजपा के भ्रष्ट राजनेताओं, प्रभावशाली व्यवसायियों और चहेते अफसरों को सत्ता के संरक्षण के चलते अब तक जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। इस दौरान जो जमीन दलाल और व्यायसायी भाजपा के खेमे में शामिल हो गए, उनके खिलाफ भी कार्यवाहियां रोक दी गई है। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने संदिग्ध आरोपियों का भयादोहन कर जमकर फायदा उठाया और उनकी मदद लेकर चुनावी लाभ के एवज में सौदेबाजी की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार के संदर्भ में सरकार के पास तीन-तीन जांच प्रतिवेदन मौजूद है, पूर्व के जांच में 60 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनकी गिरफ्तारी और उनसे रिकवरी क्यों नहीं हो रही है? भारतमाला परियोजना का डीपीआर 2017 में बना, जब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी, आरोप है की प्रोजेक्ट के डीपीआर में इरादतन षडयंत्र पूर्वक परिवर्तन किया गया। आरोप यह भी है कि भाजपा के पूर्व मंत्री, उनके रिश्तेदार और चहेतों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया है, मनमाने ढंग से 18-18 गुना बढ़ाकर मुआवजा दिया गया, सरकारी भूमि को भी निजी बताकर बेइमानी की गई। भाजपा के ही नेता चंद्रशेखर साहू ने पत्रकार वार्ता लेकर 53 एकड़ सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से निजी बताकर मुआवजा हड़पने का आरोप लगाया था, 10 जिलों में 330 करोड़ और कुल 1000 करोड़ से अधिक के घोटाले की आशंका जताते हुए केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी, मुआवजा घोटाले से जुड़े प्रमाणित दस्तावेज़ होने का वादा किया था, अब वे मौन क्यों हैं? असलियत यह है कि इसी तरह के भाजपा के डबल इंजन की सरकार के दौरान ही बड़े पैमाने पर षड्यंत्र रचे गए, कुल 60 खसरों को शामिल करते हुए मुआवजा की राशि 18 करोड़ 40 लाख दर्शायी गई है, जबकि वास्तविक पात्रता मात्रा 3.5 करोड़ थी, ये तो एक उदाहरण है असल गड़बड़ी सैकड़ो करोड़ की है। सरकार के राजस्व में सीधे तौर पर डकैती है। गड़बड़ी की पूरी जानकारी जब जांच एजेंसियों को है, फिर चिन-चिन कर कार्यवाही क्यों? गड़बड़ी के प्रमाण सामने हैं फिर भी जांच की दिशा को क्यों भटकाया जा रहा है?

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एनएचएआई के अफसरों और बैंकों की भूमिका की भी पारदर्शितापूर्वक जांच होनी चाहिए। मुआवजे में 18 गुना वृद्धि की स्वीकृति एनएचएआई के संज्ञान के बगैर संभव नहीं है। ईमानदारी का चोला ओढ़े केंद्रीय लोक निर्माण मंत्री नितिन गडकरी इस पर मौन क्यों हैं? हितग्राहियों की मौजूदगी के बिना उनके बैंक खातों से एक ही दिन में करोड़ों रुपए का आहरण हुआ यह कैसे संभव है? केंद्र सरकार के विभागों की गड़बड़ी की जांच राज्य की एजेंसी कैसे कर सकती है? भारतमाला भ्रष्टाचार पर अब तक की कार्रवाई सरकार की दुर्भावना और पूरे प्रकरण में लीपापोती की मंशा को प्रमाणित करती है।

संक्षिप्त खबरें

समाधान शिविरों में किया जा रहा छत्तीसगढ़ जनमन का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' नये क्लेवर के साथ मार्च का अंक प्रकाशित किया गया है। बाहरी पृष्ठ पर उत्साहित आमजनों के रंगीन छायाचित्र के साथ प्रगति के बजट पर सुशासन का चित्र अंकित है। सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रकाशित जनमन और अन्य विभागीय ब्रोसर का वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमन में आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे उक्त अंक का वितरण सुकमा जिले के फुलबगड़ी में आयोजित समाधान शिविर में भी किया गया। शिविर में विभाग के द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीण जनमन को पाकर उत्साहित नजर आये। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जनमन उक्त अंक में राज्य सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों, शासन की योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए उठाए गए कदमों की जानकारियों का समावेश है।

बसों-ट्रकों से हटाई गईं तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्स

रायपुर/नवप्रदेश। रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आकड़ों को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों, ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। उक्त कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया गया, जिनमें कुल मिलाकर पांच हजार रूपए का चालान किया गया। साथ ही दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स बीस हजार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया।

यातायात विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना और दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स से होने वाली दुर्घटनाओं और परेशानियों को कम करने के लिए यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए एक मिसाल बन सकती है। यदि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा सुरक्षित व सुगम होगी। अधिकारियों ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

लर्निंग लाईसेंस मिलने पर विमला वंडो के चेहरे पर आई मुस्कान

रायपुर /नवप्रदेश । सुशासन तिहार के चलते आमजनों की समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण होने से लोगों के चेहरों पर मुस्कान आने लगा है। अब जनता का शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ने लगा है। सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा विकासखंड के ग्राम जीरमपाल में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में विमला वंडो ने लाईसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया था। जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के द्वारा जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद एक सप्ताह में विमला वंडो का लर्निंग लाईसेंस बनाकर प्रदान किया गया। लाइसेंस बन जाने से वे बहुत खुश हैं। विमला वंडो ने कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण और लाभकारी पहल है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। गांवों में समाधान शिविर लगने से आवेदकों का समय और राशि दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने लर्निंग लाईसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में सुकमा जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिन्हांकित पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

सांकरा की ओस जल फैक्ट्री विवादों में घिरी

पानी की गुणवत्ता पर उठे सवाल, 15 दिन के भीतर दो बार निरीक्षण और जांच में पहुंची टीम, फिर भी नहीं सुधरी व्यवस्था

- गंदगी का दिखा आलम ,अफसर ने लगाई संचालक और कर्मियों को फटकार
- लिया गया पाउच, जार और बोतल में भरे पानी का सैंपल, जांच रिपोर्ट का है इंतजार

बालोद/नवप्रदेश। बालोद ब्लॉक के ग्राम सांकरा (करहीभदर) स्थित ओस जल फैक्ट्री इन दिनों विवादों में घिरी हुई है। फैक्ट्री से सप्लाई किए जा रहे पानी की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं। शिकायत के बाद खाद्य विभाग की टीम ने फैक्ट्री का निरीक्षण कर पानी के नमूने लिए हैं, जिनकी रिपोर्ट का फिलहाल इंतजार किया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि 15 दिन के भीतर दो-दो बार यहां खाद्य विभाग की टीम जांच के लिए पहुंच चुकी है। लेकिन पहले निरीक्षण के दौरान ही जो खामियां पाई गई थी उसे अब तक नहीं सुधारा गया है। जिसको लेकर दोबारा विभाग के अधिकारी 17 मई को जांच में पहुंचे थे। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल ने संबंधित लोगों को कड़ी फ्टकार लगाई है तो वहां काम करने वाली महिलाओं को भी सख्त हिदायत दी है कि साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखें। 15 दिन के भीतर यह दूसरा निरीक्षण था। पानी की क्वालिटी भीतर से कैसी है इसे जानने के लिए कुछ बंद बोतल, जार, पाउच आदि में भरे पानी के सैंपल लिए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा। पूर्व में भी बोतल के सैंपल लिए गए थे। लेकिन रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। विभाग के अफसर ने संचालक को कड़ी फटकार लगाई है कि पूर्व में निरीक्षण के दौरान जो निर्देश दिए गए थे। उसका अब तक पालन क्यों नहीं हुआ है। जहां पर पानी को साफ करने मशीनरी लगी हुई है उसी के नीचे पूरा गंदा पानी ठहरा हुआ है। जिससे दुर्गंध भी उठ रही थी। इसे देखकर अधिकारियों ने वहां काम करने वाले लोगों को भी चेताया कि ऐसा नहीं होना चाहिए। पानी ठहर रहा है तो उसे यहां से तत्काल साफ करना चाहिए। ना कि पूरे हफ्ते दिन तक पानी जमा रहे। इससे दुष्प्रभाव पड़ सकता है। इस तरह गंदे पानी का जमाव होना जल फैक्ट्री संचालन के मापदंडों के विपरीत भी है। लापरवाही पर लापरवाही बरतते हुए जल फैक्ट्री के संचालक द्वारा नियम कायदों को ताक पर रखकर संचालन किया जा रहा है।

जांच में सामने आई ये खामियां

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल ने पुष्टि की है कि जांच टीम ने हाल ही में दो बार फैक्ट्री का दौरा किया था। निरीक्षण के दौरान वहां पानी के ठहराव और साफ-सफाई की कमी पाई गई। अधिकारियों ने फैक्ट्री संचालक को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पानी की गुणवत्ता का निर्धारण केवल सामान्य आंखों से देखकर संभव नहीं है, इसलिए सैंपल जांच के लिए रायपुर कालीबाड़ी स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट 15 दिन में आने की उम्मीद है। नमूनों की संख्या ज्यादा होती है तो रिपोर्ट आने में देर भी हो जाती है।

खाद्य अधिकारी ने क्या कहा?

इन 15 दिनों के भीतर दो बार उसी ओस जल फैक्ट्री का निरीक्षण किए जाने को लेकर जब हमने खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा उक्त फैक्ट्री के संबंध में शिकायत आई थी। जिसके कारण हम 17 मई को दोबारा जांच में गए थे। इसके पहले भी हमने रुटीन चेकअप किया था और वहां की कुछ अव्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित किए थे कि सुधार करें और औचक निरीक्षण में आते रहेंगे । कुछ जगह पानी ठहरने और कीचड़ होने की शिकायत आई थी। जिस पर फैक्ट्री वालों का कहना है कि पानी को गाड़ी में लोड करने के लिए गाड़ी अंदर गोदाम तक आती है। जिससे टायर का कीचड़ वहां जमा हो जाता है ।वहीं पानी ठहरने को लेकर कहा गया है कि नीचे वाटर होस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है, पानी धीरे-धीरे सोख लेता है। फिर भी हमने वहां ज्यादा दिनों तक पानी नहीं भरे रहने देने की हिदायत दी है। वही दोबारा जांच के लिए पानी के नमूने लिए गए हैं तो संचालक को फैक्ट्री संचालन से संबंधित जो भी सर्टिफिकेट हैं उनकी प्रतिलिपि सोमवार तक विभाग में जमा करने के लिए कहा गया है ताकि पूरी छानबीन हो सके। पानी की गुणवत्ता की पुष्टि रायपुर से रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। फैक्ट्री में जांच के दौरान की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के तौर पर की गई है।

सांकरा की यह जल फैक्ट्री अब जांच के घेरे में है। जब तक पानी की गुणवत्ता पर प्रयोगशाला रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक ग्रामीणों की चिंता वाजिब मानी जा सकती है। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित ऐसी अन्य जल फैक्ट्रियों की निगरानी और सख्ती की भी आवश्यकता को उजागर करता है।

ग्रामीणों की चिंता, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

कुछ ग्रामीणों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि फैक्ट्री मापदंडों को दरकिनार कर मनमानी की जा रही है और ग्रामीणों के भोलेपन का फायदा उठाकर निम्न गुणवत्ता का पानी सप्लाई किया जा रहा है। विशेष रूप से शादी-ब्याह जैसे आयोजनों में यहां से ही जल आपूर्ति होती है। ग्रामीणों को आशंका है कि इस पानी के पीने से स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे पीलिया आदि का खतरा बढ़ सकता है। हाल ही में बालोद जिले में के ग्राम खुर्सीपार (गोड़ेला) में जिस तरह पीलिया का प्रकोप चल रहा है। उससे सांकरा करहीभदर सहित आसपास के निवासी और बालोद शहर के लोग जो उसी फैक्ट्री से पानी मंगवाते हैं, इस बात से दहशत में है कि कहीं इस फैक्ट्री से मिलने वाले पानी में अगर किसी तरह की अशुद्धि है तो उससे जल जनित बीमारी का शिकार ना हो जाए।

क्यों जरूरी हैं नियमों का पालन?

जार जल फैक्ट्रियों के संचालन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित कई मानक होते हैं:

पर्यावरण संरक्षण: जल स्रोत का संरक्षण, शुद्धिकरण प्रक्रिया, और अपशिष्ट प्रबंधन अनिवार्य हैं।

पानी की गुणवत्ता: नियमित लैब टेस्ट, सुरक्षित पैकेजिंग सामग्री और साफ-सफाई आवश्यक है।

कर्मचारी सुरक्षा: श्रमिकों को उचित सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

लाइसेंसिंग: फैक्ट्री को वैध पंजीकरण और लाइसेंस प्राप्त होना अनिवार्य है।

लेबलिंग: प्रत्येक बोतल या जार पर गुणवत्ता, निर्माण और एक्सपायरी की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए।

धर्मांतरण का आरोप: आदर्श नगर स्थित मकान में प्रार्थना सभा पर विहिप-बजरंग दल का हंगामा

कवर्धा में धर्म परिवर्तन को लेकर फिर मचा बवाल

हिंदू संगठनों के लोगों से मारपीट करने की खबर, जांच में जुटी पुलिस

कवर्धा/नवप्रदेश। शहर के आदर्श नगर में एक बार फिर धर्मांतरण का विवाद खड़ा हो गया है। एक निजी स्कूल संचालक के घर में प्रार्थना सभा के नाम पर कथित धर्मांतरण की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और जमकर विरोध किया। बंद कमरे में हो रही इस सभा में महिलाएं और बच्चे भी मौजूद थे। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया।

आरोप है कि होली किंगडम स्कूल के संचालक जोश थॉमस और उनकी पत्नी अपने मकान में गुपचुप तरीके से धर्मांतरण करा रहे थे। विहिप कार्यकर्ताओं का कहना है कि गरीब, बीमार और भोले-भाले लोगों को इलाज, चमत्कार और झाड़-फूंक के बहाने बुलाया जाता है और उन्हें धर्म बदलने के लिए मानसिक रूप से प्रभावित किया जाता है। कमरे से मिले वीडियो में बाइबिल और धार्मिक सामग्री देखी गई। संगठन का आरोप है कि यहां हर रविवार धर्म विशेष से जुड़ी गतिविधियां होती हैं और अजीब आवाजें सुनाई देती हैं जिससे मोहल्ले के लोग दहशत में रहते हैं।

स्थानीय महिलाओं और रहवासियों का कहना है कि पहले भी इस मकान से झाड़-फूंक जैसी गतिविधियां होती रही हैं। बच्चे डर के मारे घर से बाहर नहीं निकलते। पड़ोसियों के विरोध करने पर मकान मालिक की पत्नी धमकी देती है। संगठन ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और इस तरह की गतिविधियों पर रोक की मांग की है।

बजरंग दल ने थाना प्रभारी को शिकायत सौंपते हुए कहा कि आदर्श नगर में खुलेआम धर्मांतरण की कोशिश हो रही है, जो समाज और कानून दोनों के खिलाफहै। एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र बघेल ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां 20-25 लोग मौजूद थे। उनसे पूछताछ की जा रही है और जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला कोई पहली बार नहीं है। वर्ष 2012-13 में भी स्कूल संचालक के खिलाफ जबरन धर्मांतरण की शिकायतें हो चुकी हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या इस पूरे नेटवर्क को बाहरी फंडिंग का सहारा मिल रहा है? पुलिस अब हर पहलू की जांच कर रही है।

प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने बीजापुर में आयोजित समाधान शिविर का किया औचक निरीक्षण

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कि मंशा के अनुरूप राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों के समस्या का त्वरित निराकरण करने तथा शासन-प्रशासन का जनता के बीच संवाद स्थापित करने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका बीजापुर के विभिन्न वार्ड वासियों एवं जनसाधारण से प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जैतालूर मार्ग पर स्थित हल्बा समाज भवन परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। प्रभारी मंत्री श्री कश्यप कि उपस्थिति पर जनसाधारण में उत्साह देखने को मिला। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जन साधारण की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने उनके मांगो को पूरा करने के लिए विगत दो माह से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों को निराकृत करते हुए आवेदकों को अवगत भी कराया जा रहा है।

गोलकुम्हड़ा में चला विशेष स्वच्छता अभियान

सबसे पुराने व स्वच्छ शौचालय के लिए मोक्ष धाम फाउंडेशन के द्वारा दिया गया पुरस्कार

- अपने घर, आसपास व गांव को स्वच्छ रखने गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने दिया संदेश

बालोद/नवप्रदेश। मोक्ष धाम फाउंडेशन लिमोरा के द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान शनिवार को शुक्रवार को कांकेर जिला के ग्राम गोलकुम्हड़ा में चलाया गया। यहां पर एक टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर शौचालय की जांच की गई। जिसमें जांच टीम ने देखा कि किनके किनके घर शौचालय को विशेष रूप से स्वच्छ रखा गया है। साथ ही गांव के सबसे पुराने व स्वच्छ शौचालय के लिए ग्रामीणों को मोक्ष धाम फाउंडेशन के द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता के लिए ग्रामीण चंद्रशेखर साहू को 11 हजार, अजीत साहू को 5 हजार , श्यामा बाई जूरी को 3 हजार, तिलक बाई बनसोडे को दो हजार रुपए से पुरस्कृत किया गया।

समाज सेवा के रूप में ख्याति प्राप्त मोक्ष धाम फाउंडेशन के प्रमुख गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख के द्वारा कांकेर जिला के ग्राम गोलकुम्हड़ा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें लोगों को न केवल स्वच्छ रहने प्रेरित किया गया बल्कि गांव का सर्वे कर स्वच्छ शौचालय व स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सरपंच सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि हमारे जीवन आयु काल को स्वच्छ रह कर ही बढ़ाया जा सकता है। संचालन ओमप्रकाश साहू ने किया।प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य बीरेंद्र देशमुख, रोशन देशमुख , गायत्री साहू शिवांगनी कवित्री, कादम्बनी यादव व्याख्याता, शिवेंद्र कोलियारा, ग्रामीण अध्यक्ष भारत जूरी, पूर्व सरपंच हाराडुला महेंद्र गावड़े , ग्राम पटेल श्याम सिंह तेता, सरपंच सुरेश केता, उपसरपंच देवकी बाई नेताम, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी टी आर साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ छत्तीसगढ़ ओम प्रकाश साहू, सुदर्शन साहू , परशुराम साहु , सुमित्रा बाई, शाहरिका राजपूत , अनीता विश्वकर्मा, कमलेश देशमुख, ममता बनसोडे, चंद्रशेखर साहू, अवध, अजीत साहू , एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम गोलकुम्हड़ा उपस्थित रहे।

स्वच्छता को ईमानदारी से अपने जीवन में अपनाएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से नाड़ी वैद्य गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम ईमानदारी के साथ स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाएं। कभी भी स्वच्छता को लेकर लापरवाही ना बरतें। सुबह से लेकर रात तक हम इस बात पर ध्यान रखें कि हम हमेशा स्वच्छ रहें। यही नहीं हम अपने परिवार में अन्य लोगों को भी स्वच्छ रहने के लिए कहें। खासतौर पर बच्चों के मन में स्वच्छता को लेकर अच्छी-अच्छी बातें डालें। स्वच्छता केवल घर तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि यह अपने आसपास और पूरे गांव में दिखना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने प्रेरित किया। बच्चों में संस्कार डालने के लिए माताओं से अनुरोध किया। आगे कहा कि यह केवल अभियान तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए माताओं को सक्रिय रहने व हमेशा जरूरतमंदों को सहयोग करने आग्रह किया। पशु पक्षियों के लिए घर के बाहर दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए भी प्रेरित किया।

समाज के लिए गुरुदेव का कार्य प्रशंसनीय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने कहा कि गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में कई कार्य किये जा रहे हैं। वे स्कूलों में जहां जरूरत है वहां भवन भी बना रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर लोगों की मदद भी कर रहे हैं। ऐसे समाज सेवक को हमें प्रोत्साहित करना चाहिए। आज पूरा विश्व स्वच्छता के महत्व को समझ रहा है। जन-जन को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का जो काम गुरुदेव कर रहे हैं उसका हम सब दिल से स्वागत करते हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com